खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

बरेली, सोमवार 31 मार्च 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 126 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

shahtimes2015@gmail.com चैत्र कृष्ण पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 1 शव्वाल 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## म्यांमार में तीसरे दिन कांपी धरती

### मृतक संख्या 1700 पहुंची, अब 5.1 तीव्रता का आया भूकंप

**यांगून, वार्ता**

**म्यांमार में** शुक्रवार को आए शक्तिशाली भूकंप के बाद लगातार धरती कांप रही है। यूएसजीएस के मुताबिक, रविवार को म्यांमार के दूसरे सबसे बड़े शहर के पास 5.1 तीव्रता का भूकंप आया।

हालांकि, नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी ने इसकी तीव्रता 4.6 बताई। यह शुक्रवार के विनाशकारी भूकंप के बाद आए झटकों में सबसे नया था। भूकंप के झटके महसूस होने पर मांडले की सड़कों पर लोग चीखने लगे। इससे पहले शुक्रवार को शहर के पास 7.7 तीव्रता का भूकंप आया था, जिससे कई इमारतें गिर गईं और अन्य बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा। अब तक 1,700 लोगों के मारे जाने और 3,400 से अधिक लोगों के लापता होने की खबर है। आशंका जताई जा रही है कि यह संख्या बढ़ सकती है। रविवार दोपहर आए झटके से पहले 7.7 तीव्रता के भूकंप के बाद म्यांमार में शनिवार शाम तक कम से कम पांच झटके महसूस किए गए थे। इसमें सबसे तेज झटका 6.4 तीव्रता का था। लगातार आ रहे झटकों से लोगों में दहशत है। म्यांमार सागाइंग फाल्ट पर स्थित है, जो इंडिया प्लेट और सुंडा प्लेट को अलग करता है, जिस वजह से यहां भूकंप का खतरा बना रहता है। इससे पहले शुक्रवार को आए भूकंप के चलते कई इमारतें ढहने से व्यापक क्षति हुई है। म्यांमार लंबे समय से चल रहे गृहयुद्ध की चपेट में है और वहां पहले से ही एक बड़ा मानवीय संकट बना हुआ है। ऐसे में राहत-बचाव कार्यों में काफी मुश्किल हो रही है।

## पराली जलाने पर रोक की मांग वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पराली जलाने को नियंत्रित करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। याचिका में पंजाब और हरियाणा सरकार को पराली जलाने पर नियंत्रण करने के लिए सख्त कदम उठाने का निर्देश देने की मांग की गई थी।



जस्टिस अभय एस. ओका और उज्जल भुइयां की पीठ ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि इस अदालत ने पराली जलाने के मुद्दे पर कई आदेश पारित किए हैं और अभी भी मामले पर विचार किया जा रहा है, तो हम विभिन्न पक्षों को इस मामले में हस्तक्षेप और निर्देश के लिए आवेदन दायर करने की इजाजत नहीं देना चाहते हैं। इसलिए आवेदन खारिज किया जाता है। पर्यावरण कार्यकर्ता विक्रांत तोंगड़ ने यह याचिका दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि अप्रैल-मई में पराली जलाने से उत्पन्न प्रदूषण से न केवल दिल्ली- एनसीआर में रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है।

### मुबारकबाद



ईद-उल-फितर के मौके पर सभी देशवासियों को

दिली मुबारकबाद

- सम्पादक

### अवकाश सूचना

ईद-उल-फितर के मौके पर दैनिक शाह टाइम्स में अवकाश रहेगा। अगला अंक 2 अप्रैल 2025 को प्रकाशित होगा। **-प्रबंधक**












































# ईद की नमाज सड़कों पर न पढ़ें, न काली पट्टी बांधें

## आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शाहबुद्दीन रजवी की अपील

शाह टाइम्स ब्यूरो



**बरेली।** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शाहबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा कि ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल बोर्ड ने ईद के दिन हाथ पर काली पट्टी बांधने का ऐलान किया है, इस ऐलान पर मुसलमान अमल न करें, काली पट्टी न बांधें, क्योंकि यह दिन खुशियों का दिन है, काली पट्टी बांधकर खुशी के दिन को गम में ना बदले। अपने देश और परिवार के लिए खुशहाली और तरक्की की दुआ करें।

मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने रविवार को जारी बयान में कहा कि ईद की तमाम तैयारियां जोर शोर से हो रही है, मैं तमाम ईदगाह के इमाम और मस्जिद के इमाम हजरात से अपील करूंगा कि ईद की नमाज का सौहार्द के साथ प्रबंध करें और नमाज में इस बात का ध्यान रखें कि रोड पर नमाज न हो, ईदगाह और तमाम मस्जिदों में इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि अगर कहीं मस्जिद छोटी है, और नमाजी ज्यादा आ गए, तो मस्जिद के अंदर समा नहीं पाते हैं, ऐसी सूरत ए हाल में उसका तरीका शरियत ने ये बताया है कि मस्जिद में इमाम बदलकर दूसरी जमात या तीसरी जमात की जा सकती है। फिर रोड पर जमात की कोई जरूरत पेश नहीं आएगी, इसकी वजह यह है कि जब रोड पर नमाज लोग पढ़ने लगते हैं, तो एंबुलेंस ट्रैफिक और लोगों का आना जाना बंद हो जाता है, तो लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस्लाम किसी को तकलीफ पहुंचाने का मजहब नहीं है। हदीस का हवाला देते हुए कहा कि पैगंबर इस्लाम ने फरमाया कि अच्छा मुसलमान वह है, जिसके हाथ पैर जुबान से किसी को तकलीफ न पहुंचे इसलिए सड़कों पर नमाज न पढ़ी जाए। मौलाना ने कहा है कि देश के सियासी हालात सभी को मालूम है, इसलिए मैं इमाम हजरात से गुजारिश करूंगा कि ईद के दिन अपनी तकरीरों में राजनीतिक मामलों को मुद्दा न बनाएं, इन मुद्दों को सियासत दानो पर छोड़ दें। मुस्लिम समाज के अंदर फैल रही बुराइयों की रोक थाम पर केंद्रित रखें।

### मुस्लिम धर्मगुरु सदर हुसैन जैदी ने की ईद पर मोदी किट वितरण की पहल की खूब सराहना

**जौनपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ईद के अवसर पर जारी 'सौगात ए मोदी' किट वितरण की पहल ने मुस्लिम धर्मगुरु सदर हुसैन जैदी का दिल जीत लिया। जैदी ने इस कदम का स्वागत करते हुए इसे एक सकारात्मक और आवश्यक सामाजिक पहल बताया, जिसके माध्यम से सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि किसी भी वर्ग को भूख की समस्या न झेलनी पड़े। यह हुकूमत की एक नेक पहल है। अगर हम एक-दूसरे की मदद करते रहेंगे, तो भगवान-अल्लाह अपने आप सबका भला करेंगे।इस तरह की पहलों से न केवल आर्थिक सहायता मिलती है बल्कि समाज में एकता और भाईचारे की भावना भी प्रबल होती है। इस प्रकार की सहायता से न केवल ईद बल्कि अन्य त्योहारों के अवसर पर भी लोगों की बुनियादी आवश्यकताओं का ध्यान रखा जाएगा।

### मुख्तार अंसारी गिरोह का कुख्यात अनुज ढेर

**रांची।** उत्तर प्रदेश एसटीएफ और झारखंड पुलिस की संयुक्त टीम ने जमशेदपुर में एक एनकाउंटर में मुख्तार अंसारी गिरोह के कुख्यात अपराधी अनुज कनौजिया को मार गिराया। पूर्वी सिंहभूम के वरीष्ठ पुलिस अधीक्षक कौशल किशोर ने रविवार को इसकी पुष्टि की है।अनुज कनौजिया उत्तर प्रदेश से फरार होकर झारखंड के जमशेदपुर में छिपकर रह रहा था। अनुज पर हत्या, लूट, रंगदारी और गैंगस्टर सहित दो दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज थे। यूपी पुलिस को यह जानकारी मिली थी कि अनुज कनौजिया इस समय झारखंड के जमशेदपुर में रह रहा है। यूपी एटीएस को लोकेशन मिलने के बाद झारखंड एटीएस की सहायता से अनुज को गिरफ्तार करने के लिए टीम शनिवार की देर रात जमशेदपुर के गोविदपुर के पास स्थित जनता मार्केट पहुंची थी। यूपी पुलिस और झारखंड पुलिस ने घेराबंदी की तो अनुज ने फायरिग शुरू कर दी। जिसके बाद उसे ढेर कर दिया गया।

# चैत्र नवरात्र के पहले दिन मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

प्रयागराज, वार्ता



■ सुख-शांति और संपन्ता बनाए रखने की प्रार्थना की

**शक्ति** की अधिष्ठात्री मां दुर्गा की उपासना का त्योहार चैत्र नवरात्र का शुभारंभ रविवार से शुरू होने के साथ ही पहले दिन मंदिरों में माता शैलपुत्री की पूजा के लिए सुबह से ही शहर के देवी मंदिरों पर देवी भक्तों की भीड़ उमड़ी।

श्रद्धालुओं ने माता की प्रतिमा पर चुनरी, सिंदूर और पुष्प चढ़ाकर परिवार के लिए सुख, शांति और संपन्नता बनाए रखने के लिए प्रार्थना की। शहर के प्रमुख देवी मंदिरों के बाहर दर्शन पूजन के लिए सुबह चार बजे से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। मंदिरों में माता के जयकारों की गूंज होती रही। अलोपीबाग स्थित माता अलापशंकरी, मीरापुर स्थित मां ललिता देवी, कल्ध्याणी देवी स्थित मां कल्याणी, चौक स्थित खेमा माई, मुटठीगंज स्थित काली बाड़ी मंदिर मां के जयकारे के साथ घंटी और घड़ियाल तथा शंख ध्वनि गूंजती रही। मंदिरों में भीड़ इतनी ज्यादा हो गई कि शारीरिक दूरी का पालन भी नहीं सका, पुलिस भी इसका पालन करने के लिए जूझती दिखी। रविवार को प्रतिपदा तिथि में कलश, गणेश अम्बिका, नवग्रह, पंचदेव, षोडशमातृका सहित भगवती का आवाहन एवं विधिविधान से पूजन किया गया। पूजन में गंगाजल, पंचामृत, मौली, अक्षत, चंदन, फूलमाला, इत्र, धुप-दीप, नैवेद्य, पान-सुपारी अर्पित कर कर्पूर से आरती हुई।

## संक्षिप्त समाचार

### खड़गे, राहुल, प्रियंका ने दी चैत्र नवरात्र पर देशवासियों को बधाई

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने चैत्र नवरात्र पर रविवार को देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए सबकी खुशहाली की कामना की है। श्री खरगे ने कहा कि आदिशक्ति, मां दुर्गा की आराधना के महापर्व 'चैत्र नवरात्र' स्थापना के शुभ अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक मंगल. कामनाएं। आशा है कि यह पावन पर्व सभी के जीवन में सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली लेकर आए और सभी पर मां भगवती का आशीर्वाद बना रहे। श्री गांधी ने कहा कि गुड़ी पड़वा, चैत्र नवरात्र, उगादि,चेराओबा, चेटी चंद और साजिबू मनाने वाले सभी लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं। यह शुभ अवसर आपके जीवन में खुशियां और आनंद लेकर आए तथा आपके घरों में शांति और समृद्धि भर दे। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि आज पूरे देश में त्योहारों का दिन है। आप सभी को पावन चैत्र नवरात्र, नव संवत्सर विक्रम संवत 2082, उगादी, गुड़ी पड़वा, चेती-चांद, नवरोज़ और साजिबु-चेरोबा की हार्दिक शुभकामनाएं।

### आसाराम को जमानत मिलने पर पीड़ित के पिता ने जताई हताशा

**शाहजहांपुर।** नाबालिग के साथ दुष्कर्म मामले में आजीवन कारावास सजा काट रहे कथावाचक आसाराम बापू को स्वास्थ्य के आधार पर न्यायालय द्वारा तीन माह की अंतरिम जमानत मिलने पर जबरदस्त निराशा और हताशा जताते हुए पीड़िता के पिता ने कहा है कि आसाराम ड्रामेबाज है । दूसरों का इलाज करने वाला आज खुद इलाज के नाम पर जेल से बाहर आया है। बाहर आकर अब वह सबको मैनेज कर रहा है। आसाराम को जमानत मिलने के बाद शाहजहांपुर में पीड़िता के पिता काफी मायूस है । उन्होंने रविवार को कहा कि उन्हें खुद आश्चर्य हो रहा है कि न्यायालय लगातार आसाराम की पहले 7 दिन फिर 12 दिन उसके बाद ढाई माह और अब तीन माह की अंतरिम जमानत दे रहा है। उन्होंने अपने अधिवक्ता को भी सवालों के कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि हमारे अधिवक्ता ने भी लगातार कहने के बाद भी न्यायालय में आपत्ति दाखिल नहीं की।

# रामजी लाल सुमन की हत्या करने वाले को 25 लाख

हाथरस, वार्ता

■ हाथरस के हिंदूवादी नेता मोहन चौहान ने राणा सांगा पर बयान को लेकर दी धमकी

**राज्यसभा** सांसद रामजी लाल सुमन को राणा सांगा पर दिए गए विवादास्पद बयान के बाद जानलेवा हमले की धमकी मिली है। हिंदूवादी नेता मोहन चौहान ने सुमन को गोली मारने की धमकी दी है। इसी के साथ उनकी हत्या करने वाले को 25 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। चौहान ने यह धमकी एक वीडियो में दी है जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

मोहन चौहान हिंदूवादी नेता होने के साथ ही राष्ट्रीय स्वर्णपरिषद के प्रदेश अध्यक्ष हैं। अपने वीडियो में उन्होंने रामजी लाल सुमन को सीधे-सीधे धमकाते हुए कहा कि 'तूं जहां मिलेगा, वहीं गोली मारुंगा'। हाथरस में जवां थाना क्षेत्र के कोटा बहादुरपुर गांव में रहने वाले मोहन चौहान ने कहा कि समाजवादी पार्टी के गुंडे और माफिया छिपकर बैठे हैं। करणी सेना के कार्यकर्ताओं को लाठियां खानी पड़ी हैं, इसका उन्हें दुख है, लेकिन अब बहुत हो गया। उन्होंने सांसद रामजी लाल सुमन को ललकारते हुए कहा कि वह खुद उन्हें गोली मारेंगे। इस बीच यदि कोई उनका साथ दे या फिर खुद जाकर सुमन की हत्या कर दे, तो वह अपने संगठन की ओर से 25 लाख रुपये का इनाम देंगे। एक अन्य वीडियो में मोहन चौहान कहते नजर आ रहे हैं कि महाराणा सांगा महान वीर थे। शरीर पर 80 घावों के बावजूद उन्होंने मैदान नहीं छोड़ा। ऐसे में उनका अपमान वह किसी हाल में बर्दाश्त नहीं करेंगे। इसी के साथ उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति देश के स्वर्णिम इतिहास के साथ छेड़छाड़ करेगा, तो उसे बख्शा नहीं जाएगा।

### बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने फूंका सुमन का पुतला

**फिरोजाबाद।** यूपी के फिरोजाबाद में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा रविवार को सपा नेताओं द्वारा सनातन विरोधी बयान बाजी की निदा करते हुए अखिलेश यादव की अर्थी निकाल कर सांसद रामजीलाल सुमन का भी पुतला फूंका गया। दल के जिला अध्यक्ष मोहन बजरंगी के नेतृत्व में रविवार को कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकाल कर कोटला चुंगी चौराहे पर पहुंचकर राज्यसभा सदस्य रामजीलाल सुमन का भी पुतला जलाया ।

## कपड़े पहनने से कोई योगी नहीं बन जाता: अखिलेश

# भाजपा ने देश का कारोबार ठप कर दिया

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ बीजेपी वाले नीतीश कुमार को सीएम नहीं बनने देंगे: सपा प्रमुख बीजेपी वाले झूठ बोलते हैं, लेकिन कैमरे झूठ नहीं बोल सकते, भाईचारा कैसे बढ़े, इस पर ध्यान दें

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने कहा सरकार की मंशा है की बुनियादी सवाल न पूछे जाए, इसलिए धार्मिक सवाल उठाए जाते हैं, पर सच्चाई यह है कि कोई भी कपड़े पहनने से योगी नहीं बन जाता है। अखिलेश यादव ने एक बार फिर योगी सरकार पर बड़ा जुबानी हमला बोला है। अखिलेश यादव ने व्यापारियों के मुद्दे पर सरकार को आड़े हाथों लिया और कहा कि भाजपा ने नारों में कहा था ईज आफ डूइंग बिजनेस, लेकिन आज ईज आफ डूइंग बिजनेस नहीं, बल्कि ईज आफ डूइंग करप्शन, ईज आफ डूइंग क्राइम, ईज आफ डूइंग इंसल्ट, ईज आफ डूइंग कमीशन है। इस सरकार ने कारोबार रोका है और अपने लोगों को लाभ देने के चक्कर में न केवल प्रदेश का, बल्कि भारत का कारोबार और उद्योग ठप कर दिया है।

योगी के मीट के दुकान और अखण्ड रामायण के पाठ को लेकर दिए बयान पर कहा कि आज इन्वेस्टमेंट जमीन पर तो नहीं आया, लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने इन्वेस्टमेंट किसी ने किसी रूप में चैनलों को दे दिया है। लेकिन कोविड के बाद से वेतन नहीं बढ़ा है।

### आज बिजली महंगी और बेरोजगारी

आज की समस्या महंगी बिजली, कारोबार न होना, रोजगार न होना जैसी समस्या है। सरकार ने 40 लाख करोड़ के एमओयू का सपना दिखाया था है पर क्या ट्रांसपेरेंसी है, सिर्फ जीरो टॉलरेंस की बात होती है, पर ट्रांसपेरेंसी कहां है। अखिलेश यादव ने कहा कि कि भारतीय जनता पार्टी कितने मौके पर झूठ बोलती है, लेकिन मैं आज बता सकता हूं कि कैमरे बात नहीं बदलते और आप देख लेना, जिस तरह महाराष्ट्र में हुआ है जो आखिरी वक्त तक यह बताया गया कि मुख्यमंत्री कौन बनेगा। कभी जो मुख्यमंत्री नहीं बन पाया, उनके दिल से पूछो उन पर क्या गुजर रही होगी। मध्य प्रदेश में जिस नेता की वजह से जिस नेता के काम की वजह से जिस नेता की महिलाओं की योजना की वजह से वहां सरकार आई, उस व्यक्ति को इन्होंने सीएम नहीं बनाया। उनके दिल पर हाथ रख कोई पूछे। क्या उन्हें दिल्ली की सरकार अच्छी लग रही है या वह जो मुख्यमंत्री थे, वह अच्छा लगता था। हम लोग नीतीश को प्रधानमंत्री बनना चाहते थे, पर बीजेपी वाले उनको मुख्यमंत्री भी नहीं बनने देंगे। पीएम मोदी के नागपुर जाने पर अखिलेश यादव ने कहा कि सबसे ज्यादा खुशी अगर कहीं मिलती है, तो घर पहुंचकर मिलती है, सौगात ए मोदी और सड़क पर नमाज न पढ़ने पर कहा कि कोई सवाल बजट के ऊपर मत पूछिए , समाज मे भाईचारा कैसे बढ़े, यह देखिए।

### सपा प्रमुख के खिलाफ वाराणसी में पोस्टरवार, मिट जाएगी हस्ती

**वाराणसी।** गोशाला को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव के बयान के बाद दिल्ली से लेकर यूपी तक तेज हुई सियासत केबीच वाराणसी में पोस्टर वार भी शुरू हो चुका है। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा कार्यकर्ता की तरफ से वाराणसी के शहरी क्षेत्र में एक पोस्टर लगाया गया है, जिसमें अखिलेश यादव के इस बयान का विरोध जताते हुए सीधे-सीधे उनकी हस्ती को चुनौती दी गई है। इस पोस्टर लगाने वाले का नाम सुनील यादव बताया जा रहा है जो वाराणसी के ही रहने वाले हैं। सुनील यादव की तरफ से शहरी क्षेत्र में अलग-अलग जगह पर पोस्टर लगाए गए हैं। इस पोस्टर में लिखा है कि 'गो माता का विरोध करते हो, देशभक्त यादव होने का दम भरते हो, अखिलेश मिट जाएगी हस्ती तुम्हारी, देख रहे हैं कृष्ण मुरारी'। यह पोस्टर इन दिनों वाराणसी में चर्चा का विषय बना हुआ है। मार्ग से जाने वाले वाहनों से और पैदल चलने वाले लोग भी बड़े ध्यान से इस पोस्टर को देखते नजर आ रहे हैं।

### सपा प्रवक्ता को लॉरेंस गैंग की धमकी

**बहराइच।** यूपी में समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता तारिक खान को कुख्यात माफिया लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े व्यक्ति ने जान से मारने की धमकी दी है। धमकी भरी कॉल रिकार्डिंग सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। तारिक खान ने बहराइच पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोपी ने उन्हें फोन पर धमकी देते हुए खुद को कुख्यात माफिया डॉन लॉरेंस बिश्नोई का आदमी बताया। एक चैनल में मुखर होकर बोलने से नाराज आरोपी ने धमकाते हुए कहा कि अगला नंबर तेरा ही है। जब तारिक ने कहा कि वह किसी लॉरेंस को नहीं जानते, तो आरोपी ने उन्हें दो तीन दिन इंतजार करने को कहा और गालियां देते हुए फोन काट दिया। तारिक खान ने इस संबंध में बहराइच पुलिस में शिकायत दी है। आरोपी उन्हें दो महीने से फोन कर रहा था। वह लगातार आरोपी के फोन कॉल को नजरअंदाज कर रहे थे, लेकिन शनिवार की शाम को आए फोन कॉल में वह सीधे जान से मारने की धमकी देने लगा।

## अर्थ व्यापार

# पीएमआई आंकड़ों की रहेगी बाजार पर नजर

मुंबई, वार्ता



**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कई देशों को संभावित टैरिफ में छूट दिए जाने के संकेत से हुई लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह आधी फीसदी से अधिक के उछाल पर रहे घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह वैश्विक रुख के साथ ही मार्च में वाहनों की बिक्री एवं पीएमआई आंकड़ों पर नजर रहेगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 509.41 अंक अर्थात 0.7 प्रतिशत की तेजी के साथ सप्ताहांत पर 77414.92 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह निफ्टी 168.95 अंक यानी 0.72 प्रतिशत की छलांग लगाकर 23519.35 अंक पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली का दबाव रहा। इससे मिडकैप 300.45 अंक अर्थात 0.72 प्रतिशत की गिरावट लेकर सप्ताहांत पर 41531.12 अंक और स्मॉलकैप 658.68 अंक यानी 1.4 प्रतिशत लुढ़ककर 46638.13 अंक पर आ गया। विश्लेषकों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष का अंतिम सप्ताह मजबूती से शुरू हुआ लेकिन अमेरिका के ऑटोमोबाइल पर टैरिफ की घोषणा के बाद निवेशकों की धारणा कमजोर पड़ने से यह सपाट बंद हुआ। विदेशी एवं घरेलू संस्थागत निवेशकों से लगातार निवेश के बावजूद, बाजार अपनी रफ्तार बनाए रखने में नाकाम रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक समीक्षा नीति की आगामी बैठक में संभावित दर कटौती को लेकर बढ़ते आशावाद के कारण बैंकिग शेयरों ने लचीलापन दिखाया। हालांकि, टैरिफ और उनके संभावित प्रभावों की चिता के चलते ऑटोमोबाइल और फार्मा क्षेत्रों का प्रदर्शन कमजोर रहा। बढ़ते व्यापारिक तनाव के कारण निवेशकों ने सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर रुख किया, जिससे सोने की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गईं। आने वाले सप्ताह में टैरिफ संबंधी स्पष्टता मिलने की उम्मीद है, जिससे निवेशक उनके वैश्विक अर्थव्यवस्था पर प्रभाव का आकलन कर पाएंगे।

### विदेशी मुद्रा भंडार 658.8 अरब डॉलर पर पहुंचा

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और स्वर्ण भंडार में जबरदस्त इजाफा होने 21 मार्च को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.5 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 21 मार्च को समाप्त सप्ताह में 658.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 30.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 654.3 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 21 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.7 अरब डॉलर की मजबूती के साथ 558.8 अरब डॉलर पर पहुंच गई। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 2.9 अरब डॉलर उछलकर 77.3 अरब डॉलर हो गया।

# खाद्य तेलों में टिकाव, चना दाल सस्ती

नई दिल्ली, वार्ता



**विदेशी** बाजारों में तेजी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि चना और दाल चना सस्ती हो गई वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा सप्ताहांत पर 134 रिंगिट उबलकर 4785 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया।

इसी तरह अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.68 सेंट की तेजी लेकर 44.20 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले सप्ताह के स्तर पर पड़े रहे। सप्ताहांत पर सरसों तेल 15751 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 18681 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 16484 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 15201 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 13919 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 16849 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। दाल-दलहन : बीते सप्ताह दाल-दलहन बाजार में भी मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चना 100 रुपये और दाल चना 100 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हो गई। वहीं, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले कारोबारी सप्ताह के स्तर पर टिके रहे। सप्ताहांत पर चना 5450-5550, दाल चना 6450-6550, मसूर काली 7400-7500, मूंग दाल 9400-9500, उड़द दाल 8800-8900, अरहर दाल 8300-8400 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज : अनाज मंडी में टिकाव रहा। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। इस दौरान (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपये और चावल 3150-3250 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : बीते सप्ताह मीठे के बाजार में स्थिरता रही।

# हमें एक-दूसरे का सम्मान करना चाहिए

## नागपुर हिंसा और औरंगजेब का कब्र खोदे जाने की मांग पर बोले केंद्रीय मंत्री गडकरी

नई दिल्ली, वार्ता



**केंद्रीय** मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि हम संवेदनशील समाज में रहते हैं, हमें एक-दूसरे का सम्मान करना चाहिए। यह भी कहा कि फिल्म छावा में जो कुछ बताया गया था, वो सच्चाग्र सामने आई है। उनहोंने नागपुर में हुई हिंसा और औरंगजेब के कब्र खोदे जाने की मांग को लेकर अपनी बात रखी। वे एक चैनल से मुखातिब हो रहे थे।

नागपुर हिंसा के बाद महाराष्ट्र में बीजेपी की ओर से कई नेताओं से दिए गए बयान पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कोई भी व्यक्ति जब कोई बयान देता है, तो यह उसके समाज का, उसकी पार्टी का, उसके धर्म का, या फिर उसकी जाति का है, ऐसा नहीं समझना चाहिए। हमारी उपासना पद्धति अलग-अलग है और हम एक-दूसरे का सम्मान करना चाहिए। औरंगजेब की कब्र खुदाने पर मचे बवाल पर उन्होंने कहा कि औरंगजेब ने अपने पिता को जेल में बंद किया था, अपने भाई की हत्या कर दी थी। उनमें जिस किसी ने अच्छाई देखी होगी, ये उनका सवाल है। अच्छाई भी हो सकती है, लेकिन आज औरंगजेब को मुस्लिम धर्म के लोग मानते हैं, ऐसी स्थिति भी नहीं है। इतिहास पर उठे विवाद पर गडकरी ने आगे कहा कि इतिहास को कभी मिटाया नहीं जा सकता। जो कुछ बताया गया वही फिल्म में जो बताया गया था, वो तो सच्चाई थी। हमारी संस्कृति भी यही है कि हर समय रामायण और महाभारत से हमें ये संदेश मिला कि हमारा व्यवहार कैसा रहा है। जिस व्यक्ति से लड़ाई हुई, जिसे हराने के बाद भी प्रभु राम ने रावण के साथ और लंका में वहां के लोगों के साथ किस तरह का व्यवहार किया। इसी तरह महाभारत में जीत मिलने के बाद भगवान कृष्ण और पांडव ने बाकी लोगों के साथ कैसा व्यवहार किया। उन्होंने आगे कहा कि मुझे लगता है कि इन बातों से विवाद बढ़ाने की जगह पुराने इतिहास से अगर वर्तमान काल में कुछ प्रेरणा मिलती है, तो वह इतिहास निश्चित तौर पर प्रेरणादायी होता है, लेकिन अब उसको लेकर विवाद करना, झगड़े करना मेरे ख्याल से सही नहीं है।

**व्यक्ति धर्म से नहीं, गुणों से होता है बड़ा**

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने जातिगत जनगणना का विरोध करते हुए कहा कि मानवता के आधार पर समाज के आखिरी पायदान पर जो शख्स खड़ा है, उसका विकास किया जाना चाहिए ताकि वह विकास की मुख्यधारा में आ सके। उन्होंने बताया कि वह जातिगत जनगणना के समर्थक नहीं हैं। देश में जातिगत जनगणना की जरुरत है' के सवाल पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि पहली बात यह कि कोई भी व्यक्ति अपनी जाति, पंथ, धर्म, भाषा या लिंग से बड़ा नहीं होता, बल्कि उसके गुणों से बड़ा होता है। उन्होंने आगे कहा कि इस समाज से छुआछूत, जातियता, अस्पृश्यता नष्ट की जानी चाहिए।

### सिद्धपीठ विंध्याचल में नवरात्रि मेला शुरू

**मिर्जापुर।** विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ विध्याचल नवरात्रि मेला रविवार से शुरू हो गया। आज पहले दिन लाखों दर्शनार्थियों ने विध्य क्षेत्र की अधिष्ठात्री देवी मां विध्यवासिनी के दर्शन पूजन कर मां से आशीर्वाद मांगा। श्रद्धालुओं ने विध्य पर्वत पर स्थित मां काली और अष्टभुजा देवी की त्रिकोण परिक्रमा भी की। मेला 7अप्रैल तक चलेगा। जिला प्रशासन ने भीड़ को देखते हुए चौबीस घंटे दर्शन पूजन के लिए मंदिर खोलने का निर्णय लिया है। नवरात्रि के दौरान ईद को देखते हुए जिला प्रशासन फूंक फूंक कर कदम उठा रहा है। मेले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं आज भोर मंगला आरती के बाद के बाद ज्यों ही मंदिर के पट खुले दर्शनार्थियों का रेला मां का एक झलक पाने के लिए उतावला नजर आया। यह क्रम सारे दिन तक जारी रहा।गर्भ गृह में दर्शन के लिए तीन लाईन लगाई गई है। तीनों लाइनों में लम्बी लम्बी कतारें लगी रहीं।

भायला पोस्ट-ग्रेजुएट कॉलेज, भायला (सहारनपुर)
BHAILA POST GRADUATE COLLEGE, BHAILA (SRE.)

भायला पी0जी0 कॉलेज, भायला सहारनपुर में स्नातक व स्नातकोत्तर कक्षाओं हेतु एवं बी0एड0, बी0एस0सी0 तथा विभिन्न विषयों रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, भौतिक विज्ञान, जन्तु विज्ञान, गणित, बायोकैमेस्ट्री, अंग्रेजी, गृह विज्ञान, राजनीति शास्त्र व वाणिज्य संकाय हेतु योग्य प्राध्यापकों की आवश्यकता है। आवेदक सादे कागज पर सभी प्रमाण पत्रों की स्वहस्ताक्षरित प्रतियों के साथ स्वयं या पंजीकृत डाक द्वारा दिनांक 15 अप्रैल 2025 तक स्वीकार किये जायेंगे। वेतन उत्तर प्रदेश सरकार के मानकों के अनुसार देय होगा। यू0जी0सी0/विश्वविद्यालय मानकानुसार अर्ह एवं विशिष्ट योग्यता धारक अभ्यर्थियों को अतिरिक्त आकर्षक वेतन संस्तुति सम्भावित है।
कंवरपाल सिंह (सचिव)

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer — HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।


ईद
उल
फितर
मौहम्मद आसिम
प्रबंधक
मौहम्मद अहसान
प्रधानाचार्य
की शिक्षकों, छात्र-छात्राओं को
दिली मुबारकबाद
तुर्की इण्टर कालेज
पलौला जनपद अमरोहा


ईद-उल-फितर
के मौके पर
सम्मानित दोस्तों
व क्षेत्रवासियों को
परवेज अली
समाजसेवी
पुरखुलूस मुबारकबाद
जावेद अली
समाजसेवी
देते सबकी खुशहाली व तरक्की के लिए अल्लाह से दुआ करते हैं
इकबाल नगर जोया, अमरोहा


आप सभी क्षेत्र वासियों को
ईद-उल-फितर
की दिली
मुबारकबाद
मा. अखिलेश यादव जी
राष्ट्रीय अध्यक्ष/पूर्व मुख्यमंत्री
निवेदक:-
समाजवादी पार्टी, अमरोहा
अशफाक अली खां
प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी/ पूर्व विधायक सभा


अपना दल (एस)
मुझ पर विश्वास करके
जिला अध्यक्ष का दायित्व
देने के लिए प्रदेश संगठन का
हृदय से आभार एवं धन्यवाद
आप सभी को
ईद मुबारक
हाजी मुजफ्फर अली अंसारी
जिला अध्यक्ष अपना दल एस.
अनुप्रिया पटेल
केन्द्रीय राज्य मंत्री
राष्ट्रीय अध्यक्ष (अपना दल एस)


कार्यालय नगर पंचायत जोया जनपद अमरोहा
नगर पंचायत जोया जनपद अमरोहा सभी नगर वासियों को ईद-उल-फितर के अवसर पर हार्दिक शुभकामनायें एवं निम्नलिखित अपील की जाती है।
1. करों की अदायगी समय से करें, पानी की टोटियां खुली न छोड़ें
2. सड़कों पर अतिक्रमण न करें, बिना मानचित्र स्वीकृत कराये भवनों का निर्माण न करें
3. जन्म-मृत्यु का पंजीकरण 21 दिनों के भीतर अवश्य करायें
4. पालीथिन की थैलियों एवं प्लास्टिक की पन्नियों का उपयोग न करें
5. डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन वाहन को कूड़ा देकर सफाई कर्मियों का सहयोग करें
6. नगर निकाय ओडीएफ + घोषित हो चुकी है कोई भी व्यक्ति खुले में शौच करने के लिए न जायें।
(उजैर अहमद)
नगर स्वच्छता प्रेरक
(विजय प्रसाद शर्मा)
स्वच्छता प्रभारी
(नदीम अख्तर)
जिला कार्यक्रम प्रबंधक
(विपिन कुमार सेंगर)
अधिशासी अधिकारी
(जुबैर अहमद)
अध्यक्ष
सभासदगण : श्रीमति वीरवती, श्रीमति मंगेश, श्री मुगीस अहमद, श्री अताउर्रहमान, श्री मौ. दानिश, श्री रफीक, श्रीमति इरशाद, श्रीमति असरफी बेगम, श्रीमति जायदा खातून, श्री मौ. वाजिद, श्री भूरा व श्री मौ. नसीम।
CPN-20616-19
अध्यक्ष, नगर पंचायत-जोया, जनपद-अमरोहा


महबूब अली
सदर विधायक
परवेज अली
पूर्व एमएलसी
जुल्फेकार अली
ब्लाक प्रमुख
ईद-उल-फितर
की सभी क्षेत्रवासियों
को
पुरखुलूस
मुबारकबाद
हाजी ग्यासुद्दीन, धनौरी अहीर


आप सभी को
ईद-उल-फितर
की पुरखुलूस मुबारकबाद
हाजी सरताज आलम
सभासद वार्ड नं. 38
नगर पालिका परिषद, अमरोहा


सभी क्षेत्र वासियों को
ईद-उल-फितर
की पुरखुलूस मुबाकरबाद
हाजी महबूब अली
विधायक/पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं
चेयरमैन लोक लेखा समिति उ0प्र0
मौहम्मद ज़ीशान
ग्राम प्रधान हरियाना
ज़िला पंचायत वार्ड नंबर 22


ईद उल फितर
पुरखुलूस
मुबारकबाद
गुफरान अहमद
मकबूल फ्यूल स्टेशन
HP स्टेशन रोड, अमरोहा
एच. फरीद अहमद एंड संस
दानिशमंदान, अमरोहा


अर्श सुल्तान हैल्थ केयर
की जानिब से
ईद-उल-फितर
की पुरखुलूस मुबारकबाद
Ex. एम.आर.ओ.
डा. बी.ए. दत्त हॉस्पिटल
मुरादाबाद, 9319038921
डॉ. दिलशाद अहमद
बी.यू.एम.एस. (कानपुर) बच्चों के विशेषज्ञ
दानिशमंदान, स्टेशन रोड अमरोहा


गॉड ब्लैस हॉस्पिटल
न्यू सम्राट अल्ट्रासाउंड नेशनल हाईवे, सम्भल चौराहे-जोया
HAPPY NEW YEAR 2025
डॉ. अराफात
मैनेजिंग डायरेक्टर
डॉ. फराज हुसैन
MBBS- MD.
ANESTHESIA
CRITICAL CARE
ईद-उल-फितर की समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों क्षेत्र एवं देशवासियों को
हार्दिक
शुभकामनाएं
24/7 Emergency Services
सुविधायें :-
ओ.पी.डी/आई.पी.डी प्रतिदिन। नार्मल डिलीवरी।
सभी प्रकार के छोटे-बड़े ऑपरेशन। बच्चों के डाक्टर हर समय उपलब्ध।
बच्चों को मशीन में रखने की सुविधाएं। खून की जॉच की सुविधा।
7- 24 घंटे एम्बुलेंस की सुविधा। एन.आई.सी.यू. की सुविधा।
नेशनल हाईवे स्थित सम्भल चौराहे-जोया

## सारी रात खरीदारों से गुलजार रहा बाजार

# नज़र आया ईद का चांद, खुशी में झूमे लोग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। ईद की पूर्व संध्या पर सारी रात बाजार खरीदारों से गुलजार रहा। दुकानों को भी मनमो. हक रूप से सजाया गया। लोगों ने जमकर खरीदारी की। जिस कारण बाजार में भारी भीड़ सारा दिन लगी रही। कोतवाली से लेकर कोट चौराहा तक पैर रखने को भी जगह नहीं मिल रही थी। किसी ने अपनी पंसद का कुर्ता खरीदा तो किसी ने जींस। इसके अलावा महिलाओं की भारी भीड़ सौंदर्य प्रसाधन की दुक. ानों पर लगी रही। जबकि आसमान में रंगबिरंगी आतिशबाजी का नजारा देखते ही बन रहा था।

रविवार को चांद का दीदार हो जाने के कारण सोमवार को ईदुल फितर का पर्व धूमधाम से मनाया जायेगा। इसका मुस्लिम समाज के लोगों को काफी बेसब्री से इंतजार रहता है। ईद की पूर्व संध्या पर लोगों की भारी भीड़ बाजार में खरीदारी करने के लिये उमड़ी। बच्चों और महिलाओं में खास उत्साह ईद को लेकर देखा गया। किसी ने अपनी पसंद का कुर्ता लिया तथा किसी ने जींस आदि की खरीदारी की। बाजार में भीड़ का आलम यह था कि कोतवाली से लेकर कोट चौराहा तथा नौबत खाने के बाजार में पैर रखने के लिये भी जगह नहीं थी। हर कोई इस पर्व को यादगार बनाने के लिये आतुर नजर आ रहा था। जिस कारण युवाओं और बच्चों में ईद का उत्साह देखते ही बन रहा था।

### सौंदर्य प्रसाधन की दुकानों पर उमड़ी महिलाएं

महिलाओं ने श्रृंगार के सामान की जमकर खरीदारी की। जबकि ब्यूटी पार्लर पर भी उनकी काफी भीड़ देखी गई। इसके अलावा ईद का चांद दिखाई देते ही आतिशबाजी का दौर शुरू हो गया। आसमान रंग बिरंगी रोशनी से नहा गया। जिसका सभी ने लुत्फ उठाया।

### लोगों ने जमकर कीखरीदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** नगर में ईद की पूर्व संध्या पर बुधवार को बाजारों की रौनक बढ़ गई। शाम होते ही बाजार खरीदारों से भर गया। वहीं एटीएम भी इस भीड़ से नहीं बच सके और शाम होते होते खाली हो गए। ईद की पूर्व संध्या पर दोपहर बाद से बाजारों में चहल पहल बढ़ गई थी, शाम को रोजा खोलने के बाद खरीददारी करने के लिए लोग बाजारों में उमड़ पड़े। हालांकि अधिकतर लोगों ने अपनी खरीदारी एक दिन पूर्व ही पूरी कर ली थी, लेकिन बहुत से लोगों ने बुधवार को ही खरीदारी करने का निर्णय लिया। यही वजह रही कि रेडीमेड कपड़ों की दुकानों व जूते-चप्पल की दुकानों पर भीड़ की स्थिति रही। दही व दूध की दुकानों पर भी काफी भीड़ देखने को मिली। ईद पर अधिकांश लोग नमकीन में छोले के साथ दही बड़ा का कंबीनेशन भी रखते हैं। यही वजह रही कि रविवार की शाम अधिकांश दुकानों से दही शाम को ही समाप्त हो गई। जो दही रात के 10 बजे तक मिल जाया करती थी, वह सात बजते- बजते समाप्त हो गई। इसके साथ ही रेडीमेड नमकीन और मिठाईयों के साथ चाकलेट पैक की भी जमकर खरीदारी की गई।



अमरोहा। ईद का चांद देखते नन्हें रोजेदार।



अमरोहा। ईद की पूर्व संध्या पर दुकान में खरीदारी को उमड़ी महिलाएं।

# रिटायर्ड इंस्पेक्टर से छह लाख ऐंठे

### फुफेरे भाई ने मकान बेचने के नाम पर बनाया शिकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। फुफेरे बहनोई ने धोखा देने की नीयत से मकान का सौदा कर जोया निवासी रिटायर्ड इंस्पेक्टर से 6 लाख रुपये ले लिए। बाद में न तो मकान का बैनामा किया और न ही रुपये वापस किए। आरोपी अब दोबारा से मकान पर कब्जा करने की फिराक में हैं। इतना ही नहीं जान से मारने की नीयत से आरोपियों ने एक बार रिटायर्ड इंस्पेक्टर पर फायर भी किया लेकिन गनीमत रही कि गोली बिल्कुल करीब से गुजर गई। मामले में पुलिस अब तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जोया के मोहल्ला चौधरियान में रिटायर्ड इंस्पेक्टर शौकीन अहमद का परिवार रहता है। उनका बेटा मोहम्मद तैय्यब भी उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही था लेकिन बीते साल उसने चुनाव ड्यूटी पर जाते समय घरेलू विवाद के चलते अमरोहा रेलवे स्टेशन पर अपनी ही सर्विस रायफल से खुद को गोली मार आत्महत्या कर ली थी। तैय्यब के चार बच्चे हैं लिहाजा उनका भविष्य सुरक्षित करने के लिए शौकीन अहमद ने अपने फुफेरे बहनोई नसीम अहमद से अमरोहा शहर के मोहल्ला लकड़ा में एक मकान का सौदा सात लाख रुपये में तय किया था। 21 अगस्त 2024 को कुछ लोगों की मौजूदगी में 6 लाख रुपये बतौर बयाना दे दिए थे। इसके बाद शौकीन अहमद ने मकान पर अपना कब्जा लेकर ताला डाल दिया था। नसीम अहमद ने उसी साल दिसंबर के आखिर में मकान का बैनामा कराने की बात कही थी लेकिन बाद में नीयत में बेईमानी आती चली गई। मकान का ताला खोलने पर शौकीन को जान से मारने की धमकी दी जाने लगी। उन्होंने मामले की शिकायत पुलिस से की तो नसीम और उसके परिवार वाले नाराज हो गए। मकान का बैनामा कराने से भी इंकार कर दिया। पीड़ित शौकीन अहमद ने जब इसका विरोध किया तो 27 जनवरी की शाम आरोपी नसीम और उसके बेटे अरमान ने बाइक से पीछा किया और जान से मारने की नीयत से तमंचा निकालकर फायर कर दिया। हमले में वह बाल-बाल बच गए। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने मामले में नसीम के अलावा उसके बेटे अरमान और पत्नी अन्नो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# बारातियों पर ग्रामीणों से मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। बारातियों ने शराब पीकर गाली गलौज करते हुए ग्रामीण के साथ मारपीट कर दी। बीच बचाव होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। बारातियों के हमले में घायल हुए ग्रामीण का अमरोहा के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर देकर मारपीट करने वाले बारातियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी हैं।

थाना क्षेत्र के गांव केसर निवासी चंद्र का आरोप है कि बीती 7 मार्च को गांव नवाबपुरा से कैसरा गांव में बारात आई थी।। बारात में शामिल अमर सिंह निवासी कैसरा, भूरे, राहुल, ममता निवासी नबाबपुरा भूड़ शराब पीकर उसके साथ गाली गलौज करने लगे जब गाली गलौज करने का विरोध किया तो लाठी डंडों से मारपीट कर दी।। शोर होने पर अन्य ग्रामीणों ने बीच बचाव कराया तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। मारपीट में चंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल ग्रामीण का अमरोहा के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।। घटना के करीब 20 दिन बाद ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर देकर मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# शहबाजपुर में तेंदुए ने बछड़े को बनाया निवाला

### ग्रामीणों में दहशत का माहौल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। डिडौली क्षेत्र के गांव शहबाजपुर खुर्द के जंगल में तेंदुए ने एक बछड़े को अपना शिकार बना लिया। जानकारी पर पहुंची पुलिस और ग्रामीणों ने जंगल में काफी तलाश किया लेकिन, तेंदुआ कहीं नहीं दिखा। घटना के बाद से ग्रामीणों दहशत का माहौल है। वन अफसरों को मामले की जानकारी दे दी गई है।

जानकारी के मुताबिक गांव में पेशे से किसान रोहताश सिंह का परिवार रहता है। शनिवार को वह शेखूपुर गुर्जर मार्ग स्थित नहर के पास जंगल में अपने पशु चरा रहे थे। तभी एक तेंदुआ अचानक तेज रफ्तारी के साथ गन्ने के खेत से निकाला और पशुओं के झुंड में बछड़े को दबोच कर ले झाड़ियों में ले गया। नजारा देख रोहताश सिंह के होश उड़ गए। उन्होंने फौरन ही शोर मचा दिया, आवाज सुनकर आस-पास खेतों में काम कर रहे लोगों की भीड़ लग गई। ग्रामीणों ने काफी शोर मचाया लेकिन लेकिन तेंदुआ बछड़े को घसीटते हुए जंगल में ले गया। रोहताश सिंह के बेटे सुंदरलाल ने घटना की जानकारी डायल 112 पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के साथ काफी देर तक तेंदुए को तलाश किया, लेकिन फिर कहीं कुछ पता नहीं चला। ग्रामीणों का आरोप है कि तेंदुआ कई बार गांव के आस-पास देखा गया है। तेंदुआ पशुओं का शिकार करने लगा है। डीएफओ एसपी सिंह ने गांव में टीम भेजकर जांच कराने की बात कही। ग्रामीणों से समूह बनाकर जंगल में जाने का सुझाव दिया। बताया कि जरूरत पड़ने पर तेंदुए को पकड़ने के लिए जंगल में पिंजरा लगवाया जाएगा।

# कलश यात्रा के साथ चैत्रीय दुर्गा महोत्सव का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला**। नगर के मायापुरी स्थित प्राचीन नव दुर्गे मंदिर परिसर में आयोजित होने वाले श्री चैत्रीय दुर्गा महोत्सव का शुभारंभ कलश यात्रा के द्वारा किया गया। इस दौरान माता दुर्गे की झांकियो ने लोगों का मन मोहित कर लिया। वंश पब्लिक स्कूल सेवा समिति के तत्वाधान में 11वें चैत्रीय महोत्सव में प्रतिदिन रात को भक्ति कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मंदिर परिसर में कलाकारों द्वारा तैयार की गईं मां दुर्गे की प्रतिमाएं आकर्षण का केन्द्र बनी हुई हैं। रविवार को कलश यात्रा का शुभारंभ पूर्व विधायक हरपाल सिंह व चेयरपर्सन राजेन्द्री उर्फ उमा ने फीता काटकर किया।

### पूर्व विधयक व चेयरपर्सन ने किया शुभारंभ

मंदिर से प्रारंभ होकर कलश यात्रा अवंतिका नगर, इंदिरा चौक, खादगूजर तिराहा, रेलवे स्टेशन रोड, बैंक कॉलोनी, फ्लाईओवर के नीचे से होकर, इंदिरा चौक पहुंची। इंदिरा चौक से फाजलपुर होते हुए मंडी समिति रोड से पुनः मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। कलश यात्रा में 251 महिलाएं शामिल रहीं। इस अवसर पर डॉ.सुमेर चंद, डॉ. आशुतोष भूषण शर्मा, दिनेश अग्रवाल, चंद्रपाल सिंह, संतोष देवी, निगम वर्मा, रामपाल प्रजापति आदि मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था के लिये पुलिस बल साथ रहा।



# विवाहिता को जिंदा जलाने की कोशिश

### पति समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। ससुराल में दहेज के लिए प्रताड़ित किया गया। विरोध करने पर मारपीट की। जान लेने के इरादे से कमरे में बंद करने के बाद आग लगा दी लेकिन विवाहित बाल-बाल बच गई। पीड़िता ने जेठ पर छेड़छाड़ का भी आरोप लगाया है। तहरीर के आधार पर मामले में पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में किसान का परिवार रहता है। उनकी बेटी का ससुराल वालों से विवाद चल रहा है। मामले में दहेज उत्पीड़न का मुकदमा कोर्ट में विच. ाराधीन है। विवाहिता के पति ने दूसरी शादी कर ली है। 11 सितंबर 2024 को जेठ ने विवाहिता के साथ छेड़छाड़ की। मामले में विवाहिता ने एसपी कार्यालय में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी। 11 अक्तूबर 2024 को बिरादरी के लोगों ने समझौता कराने के बाद विवाहिता को उसकी ससुराल भेज दिया था। आरोप है कि 4 दिसंबर 2024 की सुबह में जेठ ने उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। इसके बाद 6 दिसंबर 2024 की रात में ससुराल वालों ने विवाहिता को कमरे में बंद करने के बाद पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी, इस दौरान किसी तरह विवाहिता ने कमरे से बाहर निकलते हुए अपनी जान बचाई और मामले की जानकारी डायल 112 पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने मामले में पति समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की बात कही।

# अपना दल एस नेता से 3.83 लाख हड़पे

### मकान में लकड़ी व शीशे के काम का दिया झांसा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। लकड़ी और शीशे का काम कराने का झांसा देकर ठेकेदारों ने अपना दल (एस) के क्षेत्रीय मंडल महासचिव से 3.83 लाख रुपये हड़प लिए। इतना ही नहीं पीड़ित ने शिकायत की तो आरोपियों ने घर में घुसकर उनके साथ मारपीट की। खुलेआम जान से मारने की धमकी भी दी। मामले में कोर्ट के आदेश पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

मूलरूप से हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव लुहारी भूड़ निवासी सतवीर सिंह चौहान अपना दल (एस) के क्षेत्रीय मंडल महासचिव हैं। वर्तमान में वह परिवार के साथ शहर की आवास विकास प्रथम में रहते हैं। यह उन्होंने हाल फिलहाल ही एक नया मकान बनाया है। जिसमें शीशे और लकड़ी का काम होना बाकी है। इसके लिए उन्होंने शहर में बिजनौर रोड पर पनवाड़ी के पास रहने वाले महराज, नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव गजस्थल के रहने वाले सचिन, हसनपुर के गांव गंगाचोली के रहने वाले गुड्डू से छह लाख रुपये में पूरा काम तय किया था। इसी बीच सभी लोगों ने सामान खरीदने के नाम पर सतवीर सिंह चौहान से 3.83 लाख रुपये गूगल पे के माध्यम से अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए लेकिन बाद में काम पूरा नहीं किया। मामले में सतवीर सिंह ने जब कुछ लोगों से शिकायत की तो आरोपी उनसे रंजिश रखने लगे। आरोप है कि 16 मार्च की रात करीब सात बजे सतवीर सिंह घर में बैठे हुए थे, तभी सभी लोग घर में घुस आए और एकराय होकर मारपीट करने लगे। पैसे मांगने या किसी को कुछ बोलने पर जान से मारने की धमकी भी दी। शोर मचाने पर लोगों की भीड़ जमा हो गई, आरोपी कॉलोनी से भाग निकले। मामले की शिकायत पुलिस स्तर पर की गई तो कोई सुनवाई नहीं हुई। सीओ सिटी अरुण कुमार सिंह ने मामले में मोहम्मद उसेद, महराज, विपिन उर्फ सचिन और गुड्डू के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# फंदा लगाकर महिला ने की आत्महत्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मंडी धनौरा**। फंदा लगाकर महिला ने की आत्महत्या

मंडी धनौरा। कमरे में महिला ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उनके पति खेत पर गए हुए थे। वापस आने पर उन्हें घटना का पता चला। पुलिस ने शव को अग्रिम कार्रवाई को भेजा है। घटना थाना क्षेत्र के गांव पहाड़पुर पट्टी की है। यहां लाखन अपनी पत्नी पिंकी के साथ रहते हैं। शनिवार की रात वह खेत पर पानी चलाने गए थे। देर रात वह घर पर वापस लौटे। नीचे कमरे में पत्नी के नहीं मिलने पर वह मकान के प्रथम तल पर बने कमरे में गए। यहां फंदे पर पत्नी को लटका देखकर उनकी चीख निकल गई। शोर शराबा मचने पर आस पड़ोस के लोग भी पहुंच गए। पुलिस को भी बुला लिया गया। पूछताछ के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई के लिए भेजा है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि महिला ने फंदा लगाकर आत्महत्या की है। शव को पोस्टमार्टम को भेजा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट व तहरीर के आधार पर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी

# सड़क हादसे में दादा पोता घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** नगर के मोहल्ला जवाहर नगर निवासी आदि पुत्र इंद्रपाल अपने दादा शीशपाल के साथ दवाई लेने के लिए रविवार को अमरोहा गया था। दोपहर लगभग 1:30 पर दवाई लेने के बाद अपने घर वापस आ रहे थे, हाईवे स्थित झनकपुरी के पास पहुंचे तो तेज गति के साथ आए अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी, टक्कर लगने से आदि व उसके दादा शीशपाल बुरी तरह घायल हो गए, सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस में घायलों को गजरौला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने दोनों को अमरोहा के लिए रेफर कर दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मामूली विवाद में युवक को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। दबंगों ने मामूली कहासुनी के बाद मारपीट करते हुए युवक के सिर में ईट मार दी। जिससे युवक का सिर फूट गया। लहूलुहान हालत में युवक कोतवाली पहुंचा और पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है। मारपीट का लाइव सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।

रविवार को शिवाला मार्ग स्थित एक मेडिकल स्टोर पर तीन युवक आ गये और मेडिकल स्टोर संचालक से सामने पड़ी बजरी को हटाने की बात कहने लगे। जिस पर मेडिकल संचालक ने पड़ी बजरी हटाने से मना कर दिया। इसके बाद दबंग युवक गाली गलौज करने लगे जब मेडिकल संचालक ने इसका विरोध किया तो दबंगों ने मारपीट शुरू कर दी। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट शुरू हो गई। वही मारपीट का लाइव सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इस दौरान मेडिकल पर काम करने वाला राहुल सिंह पुत्र नौरत्न निवासी गांव नबावपुरा बीच बचाव करने लगा। इसी दौरान दबंग ने ईट उठाकर युवक के सिर में मार दी। जिससे उसका सिर फूट गया और वह लहू लुहान हो गया। लहूलुहान हालत में युवक कोतवाली पहुंचा और पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। वहीं पुलिस ने तहरीर लेने के बाद घायल को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है। फिलहाल पुलिस तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल कर रही है।

# देवी मंडपों में मां शैलपुत्री का गुणगान

### माता रानी की भक्ति में डूबे रहे भक्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। चैत्र नवरात्र के पहले दिन देवी मंडपों में मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप माता शैलपुत्री की पूजा अर्चना की गई। भक्तों ने क्लश स्थापना के साथ व्रत रखे तथा माता महिलाओं ने मंदिरों में माता का गुणगान कर मनौतियां मांगी।

नवरात्र के पहले दिन भक्तों में काफी उत्साह देखा गया। सुबह स्नान करने के बाद उन्होंने माता के दरबार में दीपक जलाकर पूजा अर्चना की तथा क्लश स्थापित किया। श्रद्धालुओं ने व्रत रखा तथा भजन कीर्तन में लगे रहे। चैत्र नवरात्र के पहले दिन भक्तों द्वारा माता शैलपुत्री से परिवार की सुख समृद्धि की कामना की गई।

### व्रत रखकर मां से मांगी मनौतियां

हर तरफ भक्ति का रस दिखाई दे रहा था। सुबह व सांय के समय मंदिरों में भक्तों की भीड़ देखी गई। नगर के प्रसिद्ध श्रीवासुदेव तीर्थ स्थित मंदिर, गंगा मंदिर, रियासत वाले मंदिर, चौरासी घंटे वाला मंदिर आदि देवी मंडपों में माता रानी को प्रसाद तथा जल चढ़ाया। मान्यता है कि जो भी भक्त माता की सच्चे मन से आराधना करते है उन्हें माता निराश नहीं करती तथा तथा उन्हें आशीर्वाद देकर उनके सारे दुखों को समाप्त करती है। सांय के समय श्रद्धालुओं ने माता रानी के चित्र के सम्मुख दीपक जलाकर पूजा करने के बाद व्रत खोले तथा कुट्टू के आटे से बनी कचौड़ी व पकौड़ी खाई। मंगलवार से शुरू हुए नवरात्र को लेकर भक्तों में भी खास उत्साह है। महिला भक्तों के लिये यह नौ दिन पूरी तरह भक्ति के सागर में डुबकी लगाने के माने जाते है। कल(आज) भक्तों द्वारा मा दुर्गा के दूसरे स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी का गुणगान किया जायेगा।



अमरोहा। पहले नवरात्र पर मन्दिर में मां का गुणगान करती महिलाएं।

## पहले नवरात्र पर मां शैलपुत्री की पूजा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हसनपुर**। नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार को नवरात्र के प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा विधि विधान से की गई। नगर में मां चामुंडा मंदिर के साथ-साथ विभिन्न मंदिरों में भक्तों ने मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की। इस दौरान चामुंडा मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

रविवार से चौत्र नवरात्र शुरू हो गये हैं। चौत्र नवरात्र के प्रथम दिन श्रद्धालुओं ने चामुंडा मंदिर पहुंचकर माता के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा की। चामुंडा मंदिर के पुजारी सोमनाथ शर्मा ने बताया कि माता का यह रूप सती, पार्वती, दुर्गा और उमा जैसे अनेक नामों से प्रसिद्ध है। पूर्व जन्म में इनके पिता राजा दक्ष थे। राजा दक्ष ने प्रजेश होने पर यज्ञ किया, परंतु दामाद शिव को नहीं बुलाया। माता सती की कथा है प्रचलित सती भगवान शंकर की स्वीकृति के बिना पिता के यहां चली गई। यज्ञ स्थल पर अपना तिरस्कार एवं शिव का आसन न देखकर कुपित सती यज्ञाग्नि में कूद पड़ीं। उधर, शिव की समाधि भंग हुई तो उन्होंने वीरभद्र नामक गण को यज्ञ स्थल पर भेजा। वीरभद्र ने यज्ञ शाला का विध्वंस किया और सती के जलते शरीर को लेकर चल पड़ा। धरती पर सती के अंग जिस जिस स्थान पर गिरे, वहां शक्ति पीठ स्थापित हो गए। सती का अगला जन्म शैलराज की पुत्री पार्वती के रूप में हुआ। पर्वतराज की पुत्री होने के कारण माता के इस प्रथम स्वरुप का नाम शैलपुत्री पड़ा। कस्बा उझारी, ढबारसी, सैद नंगली, आदमपुर और रहरा आदि क्षेत्रों में मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की गई।



अमरोहा। अतरासी चौराहे पर भाकियू की पंचायत में बोलते वक्ता।

## भाकियू नेता के हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग

### पुलिस पर हमलावरों को बचाने का आरोप

शाह टाइम्स ब्यूरो

**अमरोहा**। भाकियू टिकैत के प्रदेश उपाध्यक्ष रामपाल सिंह के साथ मारपीट की घटना की निंदा करते हमलावरों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की गयी। भाकियू टिकैत की अतरासी पुल के नीचे बैठक हुई। जिसमें भाकियू के प्रदेश उपाध्यक्ष रामपाल सिंह व उनके भाई के साथ बीते दिन जमीनी विवाद के चलते हुई मारपीट की घटना की कड़े शब्दों में निंदा की गयी। वक्ताओं ने कहा कि पुलिस अभी भी कई हमलाव. रों को बचाने में लगी है। एफआईआर में अमरपाल को बचाया जा रहा है जोकि मुख्य आरोपी का बेटा है। उन्होंने हमलावरों की अभी तक गिरफ्तारी न होने पर नाराजगी जताते पुलिस से मांग की कि तत्काल हमलावरों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाये तथा उन पर गंभीर धाराएं लगायी जायें। अगर हमलावर नहीं पकड़े गये तब फिर भाकियू आंदोलन छेड़ेगी। बैठक में कुलदीप सिंह, हर्षित समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मां शैलपुत्री के पूजन के साथ प्रारंभ हुए चैत्रीय नवरात्र

शाह टाइम्स संवाददाता,

**गजरौला**। चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन मां के शैलपुत्री का पूजन किया गया। इस दौरान मां के भक्तों ने विधि विधान के साथ मां का पूजन करके मनोकामनाएं मांगी। आज नगर के मंदिरों पर

**■ सुबह से ही मंदिरों पर भक्तों की भीड़**

भारी भीड़ लगी रही। चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन मां के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री का पूजन किया गया। भक्तों ने मां के प्रथम स्वरूप की पूजा अर्चना फूल, चंदन, रौली, अक्षत आदि से की और घट स्थापना की। घर में पूजन के पश्चात भक्तों ने मंदिर जाकर पूजा अर्चना की। कथाओं के अनुसार मां शैलपुत्री के एक हाथ में त्रिशूल तो वहीं दूसरे हाथ में कमल का फूल होता है। शैलराज हिमालय की कन्या होने के कारण इनका नाम शैलपुत्री रखा गया। मां शैलपुत्री का पूजा अर्चना करने और व्रत रखने से उनकी कृपा अपने भक्तों पर बरसनी शुरू हो जाती है, उधर नवरात्र प्रारंभ होते ही शहर का वातावरण भक्तिमय हो गया। नगर के विभिन्न स्थानों पर चुनरी, प्रसाद, फूलों की दुकानें सजी नजर आईं। नवरात्र पर नगर पालिका की ओर से पालिका क्षेत्र के मंदिरों व मागों पर सफाई कराके चूना बिछवाया। नगर के मायापुरी स्थित नव दुर्गे मंदिर समेत अन्य प्रमुख मंदिरों पर सुरक्षा के द्रष्टिगत पुलिस बल तैनात रहा।



## राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने निकाला पथ संचलन

शाह टाइम्स संवाददाता,

**गजरौला**। नववर्ष के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से नगर में पथ संचलन का आयोजन हुआ चौपला बस्ती के स्वयंसेवक सुबह बजे मोहल्ला एमडीए काला. ेनी में एकत्र हुए। सम्पत के बाद ध्वजारोहण हुआ प्रार्थना के बाद पथ संचलन की शुरुआत हुई। एमडीए कालोनी से होकर पथ संचलन हाईवे पर पहुंचा और चौपला हसनपुर मार्ग से होकर रेलवे पुल होता हुआ पथ संचलन मोहल्ला कविनगर में पहुंचा। पथ संचलन के समापन पर नगर संघ चालक कमल कुमार ने बौद्धिक में कहा कि संघ

**■ कई स्थानों पर पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत**

के कार्यकर्ता समाज में पंच परिवर्तन के लिए कार्य कर रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण, परिवार प्रबोधन, स्वदेशी का प्रयोग, हमारे कर्तव्य व सामा. जिक समरसता के लिए संघ के स्वयंसेवक समाज में जागरूकता का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने हिन्दुओं से संगठित होकर भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए कार्य करने का आह्वान किया। लोगों ने पुष्पवर्षा करके स्वागत किया। इस मौके पर सुभाष शर्मा, नगर कार्यवाह जगदीप सिंह, अनुपम सिंघल, कपिल कुमार, ओमकार सिंह, जसपाल सिंह, विपिन पंघाल, अमेन्द्र सिंह रामकृष्ण चौहान, शक्ति सिंह, कुलवंत सिंह आदि मौजूद थे। वहीं सुरक्षा व्यवस्था हेतु पथ संचलन के साथ पुलिस भी रही।



## मां शेरावाली की मूर्ति मन्दिर में स्थापित



**हसनपुर**। नवरात्र के प्रथम दिन मां शेरावाली की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा आधा दर्जन से अधिक गांवों से होकर निकाली गई। शोभायात्रा में श्रद्धालु डीजे पर बज रहे माता के भजनों पर झूमते हुए चल रहे थे। उसके बाद चामुंडा मंदिर पर मां शेरावाली की प्रतिमा को स्थापित किया गया। रविवार को हसनपुर तहसील क्षेत्र के गांव उधनपुर में नवरात्र के प्रथम दिन मां शेरोवाली की प्रतिमा चामुंडा मंदिर पर स्थापित की गई। स्थापना से पूर्व मां शेरावाली की भव्य शोभा यात्रा उधनपुर, नसीरपुर, डगरपुरी, मकनपुर, बसेड़ा खुर्द,शेरगढ़,ताहरपुर आदि गांवों से होकर निकल गई। शोभायात्रा में डीजे पर बज रहे माता के भजनों पर श्रद्धालु झूमते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा में राधा कृष्ण की झांकी लोगों का मन मोह रही थी। शोभायात्रा का जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर पिंकी चौहान, जानकी देवी, देवेश चौहान, कमल सिंह, सरदार सिंह, मुकेश कुमार, सुभाष चौहान, सुनील चौहान,राजू चौहान समेत भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### त्रिवेणी शुगर मिल एक मई को होगी बंद

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा**। त्रिवेणी शुगर मिल चंदनपुर खादर को उसकी क्षमता के अनुरूप गन्ना नहीं मिल पा रहा है। जिसके कारण चंदनपुर मिल एक अप्रैल को अपने पराई सत्र का समापन करेगी। चीनी मिल के उपाध्यक्ष शुगर अमोद कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि चीनी मिल को रोजाना मात्र 20 से 25000 कुंतल गन्ना ही मिल रहा है।जो की क्षमता से बहुत कम है। ऐसी स्थिति में चीनी मिल को 1 अप्रैल की शाम को बंद कर दिया जाएगा।उन्होंने कहा कि जिन किसान भाइयों के पास आपूर्ति योग्य गन्ना बीज को छोड़कर बचा हुआ है। चीनी मिल को तत्काल आपूर्ति कर दें। साथ ही उन्होंने कहा कि 18 मार्च तक खरीदे गए गन्ने का भुगतान किसानों को कर दिया गया है।

## अग्रवाल समाज की भावनाओं को ठेंस पहुंचाने वालों का होगा विरोध

शाह टाइम्स संवाददाता

**हसनपुर**। अग्रवाल सभा ने महाराजा अग्रसेन के नाम पर जलाशय का सौंदर्यकरण एवं उसका नामकरण के खिलाफ रहने वाले जन प्रति. निधियों विरोध करने का आह्वान किया गया है।

रविवार को अग्रवाल सभा हसनपुर की बैठक दिनेश कुमार अग्रवाल के आवास पर आयोजित की गई। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि धनौरा नगर पालिका परिषद द्वारा पारित प्रस्ताव के अनुपालन में जलाशय का सौंदर्यकरण एवं उसका नामकरण महाराजा अग्रसेन के नाम पर प्रारम्भ किया जा रहा हैं। जिस पर उच्च जनप्रतिनिधि द्वारा अधिकारियों के माध्यम से इसको रोकने का प्रयास किया जा रहा है। यह अग्रवाल समाज के लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाये जाने वाला कदम है। इससे संबंधित जनप्रतिनिधि के प्रति अग्रवाल समाज में असंतोष फैल रहा है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि द्वारा अग्रवाल समाज की भावनाओं को आहत करने वाले कृत्य की निंदा की गई तथा चेतावनी भी दी गई यदि जनप्रतिनिधि द्वारा जलाशय के सौंदर्यकरण का महाराजा अग्रसेन के नाम पर नामकरण किये जाने का विरोध वापस नहीं किया गया तो आगामी चुनाव में अग्रवाल समाज ऐसे जनप्रतिनिधि का विरोध करने के लिए विवश होगा। इस अवसर पर दिनेश कुमार अग्रवाल रविंद्र कुमार जिंदल रमेश चंद्र गोयल महेंद्र कुमार अग्रवाल आदेश कुमार अग्रवाल आदि मौजूद थे



## दहेज प्रथा एक सामाजिक अभिषाप: अभय




### भागीरथी देवी में दहेज उन्मूलन दिवस मनाया

शाह टाइम्स संवाददाता

**मंडी धनौरा**। भागीरथी देवी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के चतुर्थ एक दिवसीय शिविर में दहेज उन्मूलन दिवस मनाया गया। दहेज एक अभिशाप विषय पर निबंध प्रतियोगिता व जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्रचार्य डॉ अभय कुमार ने कहा कि महिलाओं के पतन में दहेज प्रथा प्रमुख कारण है। उन्होंने कहा कि जो हम पहले उपहार के रूप में देते थे, अब वह धीरे-धीरे दहेज के रूप में बदल गया है। दहेज के खात्मे के लिए युवाओं को आगे आना होगा।

निबंध प्रतियोगिता में अर्चना ने प्रथम, भूमिका ने द्वितीय एवं दिष्ठा तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ ममता अग्रवाल ने स्वयंसेवियों को दहेज न लेने और न देने की शपथ दिलाई। जागरूकता रैली में स्वयंसेवक पाप से करो परहेज मत मांगो शादी में दहेज, दहेज एक गुनाह है हवालात में पनाह है जैसे नारे लिखी तख्तियां लेकर चल रहे थे और नारे लगा रहे थे। डॉ ममता अग्रवाल ने कहा कि समाज का सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति पुरुष है और नारी का हमारे समाज में कोई महत्व नहीं, यह सोच बदलने की जरूरत है। प्राचार्य डा. अभय कुमार ने कहा कि दहेज प्रथा लालच एवं भ्रष्टचार का उग्र रूप है। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ने दहेज प्रथा को दूर करने के लिए स्वयंसेवी छात्राओं को ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को जागरुक करने की सलाह दी। इस अवसर पर ममता अग्रवाल, अभय कुमार, अवनीश कुमार, कुशल रानी, सुधारानी सहित सभी स्वयंसेवक मौजूद रहे।

## मां संतोषी मंडल ने धूमधाम से मनाया हिन्दू नववर्ष

शाह टाइम्स संवाददाता

**मंडी धनौरा**। मां संतोषी महिला मंडल ने हिंदू नव वर्ष बड़ी धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर मां भगवती का गुणगान किया एक दूसरे को बधाई और शुभकामनाएं दी। इसके पश्चात आरती की और प्रसाद वितरण किया गया। श्री राम के जयकारों से मंदिर प्रांगण गुंजायमान हो गया था। कुसुम अग्रवाल ने सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए यह कहा कि हमें कभी अपने धर्म संस्कृति को नहीं छोड़ना चाहिए। हमें अपना नव वर्ष चौत्र शुक्ल प्रतिपदा को ही मनाना चाहिए। श्रद्धालुओं ने इस अवसर पर माता रानी के चरणों में नतमस्तक होकर नव वर्ष का स्वागत किया और सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर जिनके नेतृत्व में मन्दिर निरन्तर आगे बढ २हा है ऐसी वरिष्ठ सदस्य कुसुम सिंहल एवं सन्तोषी माता मंन्दर के सभी सदस्य उपास्थित रहे।



## कर्मचारी से कर्मयोगी एवं सडक सुरक्षा विषय पर हुई कार्यशाला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**पीलीभीत।** प्रदेश सरकार के प्रमुख सचिव परिवहन, समाज कल्याण एवं सैनिक कल्याण अध्यक्ष यूपीएसआरटीसी एवं महानिदेशक उपाम एल. वैंकेटश्वर लू ने कहा है कि प्रत्येक कर्मचारी और व्यक्ति को सकारात्मक विचार रखना चाहिए, यही वास्तविक कर्मयोग है। तकनीक का सदुपयोग करके विकास करना आवश्यक है। देशभक्त ईशभक्त को जिस क्षेत्र में है, वहां अपने कार्य को सकारात्मक तरीके से करें और हम 2047 तक विकसित भारत और कर्मयोग प्रधान भारत का निर्माण कर सकते है। एल. वैकेंटश्वर लू रविवार को स्थानीय बेनहर पब्लिक स्कूल के एरीना सभागार में परिवहन विभाग द्वारा आयोजित कर्मचारी से कर्मयोग एवं सडक सुरक्षा विषय पर कार्यशाला के मुख्य वक्ता के रुप में संबोधन कर रहे थे। उन्होंने कहाकि पर्यावरण आज एक समस्या है। प्रशिक्षु आईएएस के लिए यह कार्यशाला बहुत ही महत्वपूर्ण है, क्योंकि उनको इससे बेहतर भविष्य बनाने के लिए अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने कहाकि इस कार्यशाला का उद्देश्य संवाद करना है, संवाद से बहुत बडी समस्याओं का समाधान हो जाता है। उन्होने कहाकि भारतीय तिरंगे ध्वज को परिभाषित करते हुए कहाकि जिस प्रकार से योग की महत्ता है, उसी प्रकार हमारे मनीषियों ने तिरंगे में केसरिया को त्याग के रंग में शामिल किया है। जहां त्याग की भावना होगी वहां शांति होगी और धर्मचक्र स्थापित होगा। उन्होंने व्याख्यान में गीता के कर्मयोग से सडक सुरक्षा को जोडते हुए कई श्लोकों को उदघृत किया। इससे पूर्व स्वागत भाषण आख्या सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी वीरेंद्र सिंह ने प्रस्तुत करते हुए अवगत कराया कि मा0मुख्यमंत्री जी एवं उच्चतम न्यायालय द्वारा सड़क दुर्घटनाओं के मृतकों की संख्या में 50 प्रतिशत की कमी लाने के निर्देशों के अनुपालन में जनपद में चिन्हित ब्लैक स्पाट्स में अपेक्षित सुधार कार्य पूर्ण कराये गये, जनसामान्य में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने हेतु विभिन्न स्तरों पर कार्यक्रम आयोजित किये गये, जिसके फलस्वरूप वर्ष 2023 के सापेक्ष वर्ष 2024 में सड़क दुर्घटनाओं के मृतकों में कमी आयी है। इस अवसर पर नगर , मंडलायुक्त बरेली, आईजी रेंज बरेली, डीआईजी रेंज बरेली, जिलाअधिकारी पीलीभीत, मजिस्ट्रेट, परिवहन विभाग के अपर परिवहन आयुक्त, संभागीय परिवहन अधिकारी, बरेली, संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), एसडीएम सदर, मुख्य चिकित्साधिकारी, बेनहर कॉलेज के प्रबंध निदेशक डॉ.परविंदर सिंह सैहमी, प्रशांति ऑटो मोबाइल्स के संजीव अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति, जनपद के विभिन्न क्षेत्रों के प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा के अध्यापकगण, विद्यार्थी, स्काउट गाइड, एनसीसी कैडेट, बस/ट्रक/आटो/टैम्पो यूनियन के पदाधिकारी एवं चालक, लेखपाल तथा परिवहन विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।






## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला कार्यालय पर भारतीय नववर्ष विक्रम 2082 धूमधाम से मनाया गया

**पीलीभीत।** रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा गाँधी स्टेडियम पीलीभीत में भारतीय नववर्ष मनाया गया। जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ केशव राव बलिराम हेडगेवार जी के जन्मोंत्सव पर आध्य ध्वज प्रणाम किया गया। मंच पर सह प्रान्त कार्यवाह राजपाल सिंह, विभाग संघचालक ओमप्रकाश गंगवार एवं सह जिला संघचालक डॉ देवकी नंदन शर्मा का उद्बोधन रहा।सह प्रान्त कार्यवाह ने मुख्य रूप से आज के दिन की विशेषता बताते हुए कहा कि आज के दिन ब्रह्मा जी ने इस सृष्टि की रचना की थी, आज के ही दिन से माता के नव देवीओं की पूजा अर्चना की जाती है,आज के ही दिन भगवान श्री राम एवं धर्मराज युधिष्ठिर का राज्याभिषेक हुआ था, आज के ही दिन राजा विक्रमादित्य ने विक्रम संवत की नींव रखी थी, आज के ही दिन सिंधी समाज के संत झूलेलाल जी का जन्मोंत्सव मनाया जाता है, आज के ही दिन सिख समाज के द्वितीय गुरु अंगददेव जी महाराज का प्रकटोत्सव मनाते हैं, आज के ही दिन स्वामी दयानंद सरस्वती जी ने आर्य समाज की स्थापना की थी और आज के ही दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ केशव बलिराम हेडगेवार जी का जन्मोत्सव मनाते हैं। सह प्रान्त कार्यवाह राजपाल सिंह ने कहा कि हम सभी को अपनी भारतीय परंपरा और संस्कृति पर गर्व होना चाहिए इसी परंपरा और संस्कृति के कारण आज भारत विश्व विख्यात हो रहा है और विश्व का नेतृत्व करने के लिए अग्रसर है और जल्द ही विश्व गुरु के सिंहा. सन पर विराजमान होगा। इन्ही मंगल कामनाओं के साथ इस कार्यक्रम में जिला प्रचारक दुष्यंत, नगर प्रचारक सोहनवीर, जिला कार्यवाह डॉ डालचंद, जिला प्रचार प्रमुख हिमांशु, जिला व्यवस्था प्रमुख अंकुर, सह जिला व्यवस्था प्रमुख गौरव, नगर कार्यवाह विवेक, सह नगर कार्यवाह अरविंद आदि रहे।



## नवरात्रि पर मीट की दुकान बंद करने के आदेश का सनातनियों द्वारा किया स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने नवरात्र के दिनों में समूचे प्रदेश में मीट की दुकान बंद रखने के आदेश से जिले के हिन्दुवादियों व सनातन प्रेमियों ने स्वागत किया है।

हिन्दुवादी पं. दिनेश फलाहारी ने मुख्यमंत्री को अपने खून से पत्र लिखकर मांग की थी कि मुसलमानों को नवरात्र त्योहार से दूर रखा जाए। 9 दिन तक मीट की दुकान बंद कर दी जाए। नवरात्र के प्रारंभ होने से पूर्व मुख्यमंत्री योगी द्वारा नवरात्र में मीट की दुकान बंद रखने के निर्णय का स्वागत किया। उन्होंने कहा है कि यह ऐतिहासिक आद. श देकर मुख्यमंत्री ने हिंदुओं की भावना को समझा है। उन्होंने कहा कि योगी आने वाले समय में प्रधानमंत्री बने और मोदी हिंदुस्तान के राष्ट्रपति बने।

# धीरेन्द्र सिंह को राज्य युवा संसद में मिला पहला स्थान

■ उत्तर प्रदेश विधानसभा में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के नेहरू युवा केन्द्र संगठन और राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव 2025 के अंतर्गत दो दिवसीय उत्तर-प्रदेश राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद उत्सव का आयोजन उत्तर प्रदेश की विधानसभा लखनऊ में आयोजित किया गया। जिसमें पूरे प्रदेश से सभी नोडल जनपदों से चयनित कुल 240 प्रतिभागियों ने चयनित विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए, जिसमें बरेली जनपद स्तर से चयनित 10 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।



जिला युवा अधिकारी शिवम शर्मा ने बताया कि राज्य युवा संसद में बरेली के धीरेन्द्र सिंह ने विषय भारतीय संविधान के 75 वर्ष, अधिकारों एवं कर्तव्यों पर अपना भाषण देकर सभी को आकर्षित किया। निर्णायक मंडल के सदस्यों द्वारा धीरेन्द्र सिंह को उत्तम वक्ता एवं राज्य युवा संसद के प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया। युवा उत्सव का शुभारंभ प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना द्वारा किया गया। समापन सत्र में मुख्य अतिथि वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना एवं विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने तीनों वक्ताओं को सम्मानित किया। ष्संस्थाओं की मर्यादा बनाए रखेंष् सुरेश खन्ना ने कहा कि लो. कतंत्र में नई पीढ़ी को भागीदार बनाने और उनका सहयोग लेने के उद्देश्य से युवा संसद की शुरुआत 1962 के सचेतक सम्मेलन से हुई थी, उन्होंने युवाओं से आवाहन किया कि वे लो. कतंत्र और लोकतांत्रिक संस्थाओं की मर्यादा बनाए रखें, उन्होंने संसदीय लो. कतंत्र में विधायिका कार्य पालिका और न्याय पालिका के कार्यों की जानकारी देते हुए संविधान की 11 ड्युटियों का भी उल्लेख किया। उन्होंने जापान का उदाहरण देते हुए युवाओं को कहा कि नागरिकों की तरह अपनी ड्यूटी के प्रति पंक्चुअल होना होगा। विश्व का सर्वोत्तम तंत्र है लोकतंत्र उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने प्रदेश भर से आए युवाओं को विधानसभा मंडल में स्वागत किया। राम राज्य का उदाहरण देते हुए उसे शिक्षा मंत्री ने कहा कि उनके राजतंत्र से भी लोकतंत्र दिखाई देता है। कहां कि लोकतंत्र में भी सबसे बेहतर संसदीय लोकतंत्र है। यह तीनों राष्ट्रीय संसद में पीएम मोदी के सामने यूपी की आवाज बनेंगे, और अपने राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए देश की संसद भवन में अपने विचार रखकर जनपद का नाम रोशन करेंगे।

## ईदगाह में साढ़े दस बजे अदा होगी ईद की नमाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** नवाबगंज कस्बे के साथ ही क्षेत्र में ईद-उल-फितर का पर्व सोमवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। नमाज के लिए ईदगाह के साथ ही मस्जिदों में इसका वक्त तय कर दिया गया है। अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन की जेरे सरपरस्ती में क्षेत्र की प्रमुख ईदगाह में ईद-उल-फितर की नमाज साढ़े दस बजे अदा की जाएगी। नमाज जामा मस्जिद के पेशे इमाम कारी मौलाना फरियाद हुसैन अदा कराएंगे। इसके साथ ही मोती मस्जिद में मौलाना आविद हुसैन साढ़े 9 बजे ईद-उल-फितर की नमाज अदा कराएंगे। जामा मस्जिद में साढ़े 8 बजे ईद की नमाज अदा की जाएगी। इसके साथ ही जंगले वाली मस्जिद, सड़क वाली मस्जिद के साथ ही नगर की कई मस्जिदों में अपने निर्धारित समय पर ईद-उल-फितर की नमाज अदा कराई जाएगी।

# सीएम करेंगे अटल आवासीय विद्यालय का लोकार्पण

■ तैयारियों का उच्चाधिकारियों ने लिया जायजा

■ विद्यालय में साफ-सफाई व अन्य समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** अपर पुलिस महानिदेशक परिक्षेत्र बरेली रमित शर्मा, मण्डलायुक्त सौम्या अग्रवाल, जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने रविवार को तहसील नवाबगंज स्थित ग्राम अधकटा नजराना में उत्तर प्रदेश भवन एवं संनिर्माण कर्मकार बोर्ड में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बालक-बालिकाओं के लिए निर्मित अटल आवासीय विद्यालय के लोकार्पण के संबंध में चल रही तैयारियों का जायजा लिया।



निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए गए कि विद्यालय की साफ-सफाई आदि का जो भी कार्य अधूरा रहा गया है, उसे समय से पूर्व पूर्ण करा लिया जाए। उक्त के उपरांत अधकटा नजराना में ही स्थित गौशाला का भी निरीक्षण किया गया, और निर्देश दिए गए कि गौशाला में ऐसे पेड़-पौधों लगाए जाएं, जिनका पशुओं के चारे के लिए उपयोग किया जा सके। निरीक्षण के समय गौशाला में कहीं-कहीं पर गोबर के एकत्रित ढेर तथा तिरपाल भी गंदे पाये गये, जिसपर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाए। निरीक्षण के समय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य, मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश, उपजिलाधिकारी नवाबगंज अजय कुमार उपाध्याय, सहायक श्रमायुक्त बाल गोविन्द, विद्यालय के प्रधानाचार्य व शिक्षक, कार्यदायी संस्था सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# दिव्यांग महिला ने पहले नंदोई के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

### और अब अधिवक्ता ननद के साथ कई लोगों के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** जमीन पर कब्जा करने को लेकर ननद व भौजाई के बीच छिड़ा विवाद सुलटने के बजाए दिन व दिन बढ़ता जा रहा है। विवाद इतना बढ़ गया कि दिव्यांग भौजाई ने अपनी ननद अधिवक्ता के साथ ही कई लोगों के खिलाफ खड़ी फसल को जोतने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। दस दिन में यह दूसरी रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

कस्बा व थाना नवाबगंज की आदर्श नगर बस्ती की रहने वाली दिव्यांग नेमा देवी और उनकी भावी अधिवक्ता संतोषी के बीच जमीन पर कब्जा करने को लेकर पिछले काफी दिनों से विवाद चला आ रहा है। इतना ही नहीं दोनों के बीच मुकदमे दारी भी चल रही है। दिव्यांग नेमा देवी ने अपनी क्षेत्र के गांव तुमड़िया स्थित भूमि पर खड़ी फसल को गांव के रितेश के ट्रैक्टर से जोतने का आरोप लगाया है। नेमा देवी के मुताबिक जब उसे गांव के हेमंत से इसकी सूचना मिली तो वह 26 मार्च को गांव पहुंची तो उसने इसका विरोध किया तो ननद संतोषी, नंदोई प्रदीप ने उसे गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया। पुलिस को दी गई तहरीर पर पुलिस ने ननद महिला अधिवक्ता संतोषी, नंदोई प्रदीप, रितेश, प्रदीप पुत्र घनश्याम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### दस दिन पहले भी कराई थी रिपोर्ट

दिव्यांग महिला नेमा देवी ने गुजरी 18 मार्च को भी एक रिपोर्ट अपने नंदोईओं रवि, और प्रदीप कुमार के खिलाफ दर्ज कराई थी, जिसमें उसने दोनों नंदोईओं पर ग्राम तुमड़िया स्थित जमीन पर खड़ी फसल में कीटनाशक दवाई छिड़ककर नष्ट करने, और विरोध करने पर उसे गन्ने के खेत में खींचकर ले जाने के साथ ही अश्लील हरकतें करने का आरोप लगाया था। फिलहाल रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के बाद पुलिस मामले की छानवीन में लग गई है।

# जश्ने खत्म कुरान पर उलेमाओं ने बताई कुरान की फजीलत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** नवाबगंज कस्बे में रविवार की रात कई मस्जिदों में जश्ने खत्म कुरान के आयोजन किए गए। इस दौरान उलेमाओं ने खिताब करते हुए कुरान की फजीलत बयान की।

कस्बे की प्रमुख जामा मस्जिद में कारी और हाफिज मौलाना फरियाद हुसैन ने कुरान सुनाया। मस्जिद में आयोजित जश्ने खत्म कुरान पर मस्जिद कमेटी के सदर डॉक्टर फिरासत हुसैन अंसारी, सेक्रेट्री प्रो. राशिद अंसारी, मुतावल्ली गाजी सिकन्दर, सभासद हसीब सिद्दीकी, पूर्व सभासद चौधरी अब्दुल वहीद अंसारी, कासिम अंसारी, मो. ताहिर एड, जमील अहमद एड, हनीफ विधायक आदि ने उनका फूल मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया और नजराना पेश किया। इसके साथ ही कस्बे की मोती मस्जिद में हाफिज मो. अरमगान ने कुरान मुकम्मल किया। कमेटी के सदर इकरार, खुर्शीद, शाहबाज कुरैशी, मो. यूसुफ उर्फ पप्पू टेलर ने हाफिज मो. अरमगान के साथ ही मस्जिद के पेशे इमाम मौलाना आविद हुसैन का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया, और उन्हें नजराना पेश किया। इसके साथ ही कस्बे की रामपुर वाले मियां की मस्जिद में भी जश्ने खत्म कुरान मनाया गया।



इस अवसर पर उलेमाओं ने अपनी-अपनी तकरीरों में कुरान की फजीलत बयान कर इस पर अमल करने का आवाहन किया। मस्जिदों में देर रात तक जश्ने कुरान के आयोजन चलते रहे।

## एक नजर

### अधिवक्ता साथी के इंतकाल पर संगठन ने दी सहायता राशि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** अपने अधिवक्ता साथी के आकस्मिक निधन पर ऐडवोकेट प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष और सचिव ने उनके घर सैंथल जाकर उन्हें संगठन की ओर से 20 हजार रुपये की सहायता राशि भेंट की।



दरअसल, कस्बा सैंथल के रहने वाले अधिवक्ता मोहसिन रजा जैदी उर्फ सो. हेल का एक सप्ताह पहले दिल का दौरा पड़ने से इंतकाल हो गया था। रविवार को उनके घर सैंथल पहुंचे संगठन के अध्यक्ष हाजी माजिद हुसैन जैदी और सचिव दुष्यंत गंगवार ने उनके निधन पर दुख जताते हुए परिजनों को 20 हजार रुपए की सहयोग राशि भेंट की।

### दरगाह प्रमुख सुब्हानी मियां व सज्जादानशीन अहसन मियां ने दी सभी को ईद की मुबारकबाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** दरगाह प्रमुख हजरत मौलाना सुब्हान रजा खान (सुब्हानी मियां) व सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन रजा कादरी (अहसन मियां) ने सभी को ईद की मुबारकबाद दी। सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां कहा कि ईद आपसी भाईचारे और खुशियों का त्यौहार है। सभी लोग आपसी गिले शिकवे मिटाकर एक दूसरे से गले मिलें। अपने घरवालों, रिश्तेदारों के साथ ईद के दिन गरीबों का खास ख्याल रखें। गरीबों को भी खुशियों में शामिल करें। मिलजुल कर इसकी खुशियां आपस में बांटे। साथ ही मुफ्ती अहसन मियां ने सभी इमामों और अवाम से अपील करते हुए कहा कि ईद की नमाज के बाद अपने मुल्क हिंदुस्तान की तरक्की व खुशहाली के साथ-साथ फिलिस्तीन के मुसलमानों के लिए अल्लाह से खुसूसी दुआ करें। दरगाह पर ईद का चांद देखने का एहतिमाम किया गया। मुफ्ती सलीम नूरी बरेलवी व नासिर कुरैशी समेत मौलाना अबरार उल हक, शाहिद नूरी, अजमल नूरी, औरंगजेब नूरी, परवेज नूरी, ताहिर अल्वी, हाजी जावेद खान, मंजूर रजा, मुजाहिद बेग, सुहैल रजा, अरबाज रजा, अश्मीर रजा, जोहैब रजा, साजिद नूरी, नाजिम रजा, सय्यद माजिद, काशिफ रजा, इशरत नूरी, सबलू अल्बी आदि ने सबको ईद की मुबारकबाद दी।

### चेयरमैन ने ईद-उल-फितर व नवरात्रि पर विशेष सफाई के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** ईद-उल-फितर तथा नवरात्रि पर नगर पंचायत देवरनियां के अध्यक्ष मोहम्मद कलीम अंसारी ने नगर पंचायत क्षेत्र में विशेष सफाई व्यवस्था करने के निर्देश सफाई कर्मचारियों को दिए हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष ने साफ शब्दों में कहा है कि ईद व नव रात्रि के समय बेहतरीन तरीके से नगर में सफाई व्यवस्था की जाए, उन्होंने कहा कि विशेषकर मस्जिदों, ईदगाहों व मंदिरों के आसपास कोई भी गंदगी नहीं रहनी चाहिए। वह स्वयं नगर पंचायत क्षेत्र में घूम कर सफाई व्यवस्था का जायजा लेंगे, कहीं भी गंदगी पाई गई तो उस वार्ड के सफाई कर्मचारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद कलीम अंसारी ने समस्त नगर पंचायत वासियों को ईद-उल-फितर तथा नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी त्यैहार आपसी भाईचारे के साथ में मनायें। सदियों पुरानी हमारे नगर पंचायत की हिंदू-मुस्लिम भाईचारे की परम्परा को बनाए रखें।

### बरेली मंडल को मिले 15 नए आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** मंडल के राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालयों (डिस्पेंसरी) में आयुर्वेदिक विभाग को नए चिकित्साधिकारी मिले हैं लेकिन बरेली में नए चिकित्साधिकारी नहीं मिलने से अभी कमी है। मंडल में कुल 15 नए चिकित्साधिकारियों को नियुक्ति मिली है। मंडल में बरेली में 53 आयुर्वेदिक चिकित्सालय, बदायूं में 26, पीलीभीत में 35 और शाहजहांपुर में 56 आयुर्वेदिक चिकित्सालय बने हैं, जिनमें पहले से चिकित्साधिकारियों की कमी थी। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अधिकारी अभिषेक सिंह ने बताया लखनऊ में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने इन सभी को नियुक्ति पत्र दिया। हमारे मंडल को 15 नए चिकित्साधिकारी प्राप्त हुए हैं, लेकिन जिले में किसी नए चिकित्साधिकारी को नियुक्ति नहीं मिला है।

### 2500 पुलिस वालों के सर होगा शहर की सुरक्षा का जिम्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** जिले में ईद के मौके पर 1359 मस्जिदों और 170 ईदगाहों पर नमाज अदा की जाएगी। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एसएसपी अनुराग आर्य ने जिले के धार्मिक स्थलों समेत अन्य स्थानों पर 25 सौ पुलिस कर्मियों के साथ दो कंपनी पीएसी तैनात की है। सभी थाना क्षेत्रों में एक-एक ड्रोन कैमरों से निगरानी की जाएगी। अफसर लगातार गश्त पर रहेंगे। खुराफातियों पर नजर रखी जाएगी। पुलिस लाइन, ऑफिस समेत अभियोजन कार्यालय के पास 25 क्यूआरटी टीमें रहेंगी, जो एक ही सूचना पर मौके पर पहुंचेगीं। पुलिस लाइन से तीन ड्रोन कैमरों से पूरे शहर की निगरानी की जाएगी। वहीं, 95 पीआरवी वाहनों का डिप्लॉयमेंट किया गया है। इसके लिए 70 निरीक्षक, 380 उपनिरीक्षक, 1700 मुख्य आरक्षी और आरक्षी, 200 महिला आरक्षी समेत 800 ग्राम प्रहरी भी तैनात रहेंगे। प्रत्येक थानों और धार्मिक स्थलों पर सादे कपड़ों में एक टीम निगरानी के लिए तैनात की गई है। प्रत्येक थाना और चौकी पर एक रात्रि धार्मिक स्थल सुरक्षा गश्त दल गठित किया गया है, जो रात भर गश्त करेगा। 90 स्थानों की पुलिस लाइन के कैमरों से कैंप ऑफिस से निगरानी की जाएगी।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया किसभी थाना क्षेत्रों में एक-एक ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाएगी। अधिकारी लगातार गश्त पर रहेंगे।

# महिला ने मेडिकल नहीं होने पर जिला अस्पताल में काटा हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** कोतवाली थाना क्षेत्र में एक महिला को शनिवार को आरो. पियों ने गोली मारकर कर घायल कर दिया था। वहीं महिला ने होश आने पर अपहरणकर्ताओं पर रेप करने का आरोप भी लगाया है। घटना के कई घंटे होने के बाद महिला ने हंगामा काट दिया। महिला का आरोप है कि उसका बीते दिन कार सवारों ने अपहरण करने के साथ उसके साथ रेप की घटना को अंजाम दिया गया है। पीड़िता का आरोप है कि उसने कल से शरीर में लगी गोली निकालने के साथ रेप होने के परीक्षण की मांग की है। लेकिन उसकी कोई सुनने वाला नहीं है। महिला ने बताया कि वह वर्तमान में इज्जतनगर थाना क्षेत्र की रहने वाली है। बीते दिन उसे कोविड हॉस्पिटल के पास कुछ लोग कार में खींचकर अपने साथ ले गए, जहां तीन लोगों ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। महिला ने यह भी बताया कि जब से उसे अस्पताल में भर्ती किया गया है तब से उसे यहां का स्टाफ रेप परीक्षण का आश्वासन दे रहा है, और न ही उसके शरीर मे फंसी गोली को निकाला जा रहा है। बाद में परेशान महिला ने अपने परीक्षण और गोली निकालने को हंगामा काटा। इसके बाद महिला इमरजेंसी से वार्ड से बाहर निकल आई। मौके पर मौजूद पुलिस महिला को समझाने की कोशिश करती रही, पर महिला ने नहीं मानी। महिला का कहना था कि ऐसे तो उसकी मौत हो जाएगी। जिला अस्पताल में उस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने अपने अधिकारियों को फोन करके घटना की जानकारी दी। इसके बाद कोतवाली पुलिस ने महिला को समझाया और आधे घंटे में मेडिकल का आश्वासन दिया, इसके बाद महिला बार्ड में वापस चली गई।



# दहेज लोभियों ने विवाहिता को पीटकर घर से निकाला

■ पीड़िता ने गर्भपात कराने का लगाया आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

शीशगढ़। थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला को दहेज लोभी ससुरा. लियों ने पीटकर घर से निकल दिया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने पति सहित छै लोगों मुकद्दमा दर्ज किया है।

ग्राम गिरधरपुर निवासी महिला किरन पुत्री कल्याण ने बताया कि पांच वर्ष पूर्व उनका विवाह रुद्रपुर निवासी सूरज के साथ हुआ था। शादी के बाद से सब कुछ सही चल रहा था। पीड़ित महिला का कहना है कि पांच माह पूर्व उनकी छोटी बहन की शादी में उनके पिता ने दहेज में बाइक दी थी। छोटी बहन को बाइक देने पर उनके पति भी बाइक व सोने की चौन और अंगूठी की मांग कर उन्हें प्रताड़ित करने लगे। आरोप है कि विवाहिता के पिता और भाई विवाि. हत पति को समझने गए थे। जिससे नाराज होकर पति सहित ससुराल पक्ष के अन्य सदस्यों ने उनके साथ मारपीट की तथा मेरे दोनों बच्चों को भी मुझसे छीन लिया।

# नवरात्र के उपलक्ष्य में मन्दिरों को सजाकर की गई पूजा अर्चना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** नवरात्रि के उपलक्ष्य में कस्बा और ग्रामीण अंचल के मंदिरों को सजाकर और घर घर में मां दुर्गा की स्थापना की गई।

कई जगह ब्रह्मांड रूपी कलश स्थापित करके और अखंड ज्योति जलाई गई।श्रीदालुओ ने सामूहिक पूजा करके विश्व की सलामती के लिए यज्ञ का आयोजन करके आहुति दी।कई महिला पुरुषो ने विधिवत पूजा अर्चना कर 9 दिन तक उपवास रखने का संकल्प दोहराया।कस्बा के बगिया वाले प्राचीन मां काली मंदिर पर गुरु कृष्ण पाल, अमन सिंह के अगुवाई में तमाम श्रद्धालुओं ने ज्वाला देवी मंदिर से जोत लाकर स्थापित की।वही नई वस्ती के शिव मंदिर में भी सूरज राठौर की अगुवाई में जोत स्थापित की गई। जोत स्थापना के शुभ अवसर पर शंकर लाल गुप्ता, अमन भारद्वाज, सिद्धांत कश्यप, सुमित कश्यप, दीपक गुप्ता सत्य प्रकाश माली,पवन सैनी,सूरज राठौर, पंडित वेद प्रकाश शखधार, सभासद प्रदीप गुप्ता के साथ आदि भक्तगण मौजूद रहे। नवरात्रि के समापन के बाद यह दोनो जोत लेकर श्रीदालू पद यात्रा करके टनकपुर के रास्ते मां पूर्णागिरी जाएंगे।

# महिला को अगुवा कर मारी गोली

■ मेडिकल स्टोर से दवा लेने आई थी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** तीन सौ बेड अस्पताल के सामने मेडिकल से दवा लेने आई महिला को कार से आए लोग अपने साथ ले गए। इसके बाद सीता रसोई के पास गोली मारकर घायल कर दिया। कोतवाली पुलिस ने महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

इज्जतनगर के वीरसावरकर नगर में किराए पर रहने वाली सोनू तीन सौ बेड अस्पताल के सामने स्थित एक मेडिकल स्टोर पर दवा लेने के लिए शनिवार शाम 5:30 बजे आई थी। दवा लेने के बाद जब वह जाने लगी। तभी अस्पताल से कुछ आगे काली कार में सवार चार लोग आए और महिला को अपने साथ गांधी उद्यान के पास ले गए। वहां स्थित सीता रसोई के पास कार सवारों ने सोनू के दाहिनी कंधे के पास गोली मार दी, जिससे वहीं गिर गईं। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने घायल महिला को जिला अस्पताल भेजा। एसपी सिटी मानुष पारीक, सीओ प्रथम पंकज श्रीवास्तव जिला अस्पताल और घटना स्थल पर पहुंचे। आरोपियों तक पहुंचने के लिए पुलिस सीसीटीवी खंगाल रही है। सोनू की उम्र 45 वर्ष है। उसका विवाह मथुरा में हुआ है। पति अनिल कुमार कौशिक से अनबन के कारण वह दो बच्चों के साथ किराये के मकान में रहती है। पुलिस के अनुसार महिला जिन लोगों के साथ कार में गई थी। वह लोग परिचित हो सकते हैं।

पुलिस पूछताछ में महिला ने बताया कि उसका परिचित ठेले वाला उसके परिवार को जानता है। इसपर पुलिस ने ठेले वाले को उठा लिया है, लेकिन पुलिस को उसके पास से घटना से संबंधित कोई क्लू नहीं मिला है। तब पुलिस ने जिला अस्पताल से ही उसे इस शर्त पर छोड़ दिया कि यदि जरूरत पड़ी तो पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा। पुलिस ने महिला के परिजनों को भी थाने बुला लिया। वहीं, महिला ने मीडिया कर्मियों को कुछ भी बताने से इन्कार कर दिया। महिला तीन सौ बेड अस्पताल के पास से 6 बजे के करीब निकली, जबकि पुलिस को गोली लगने की सूचना 8 : 30 बजे मिली। सवाल है कि करीब दो या ढाई घंटे महिला कार में किसके साथ रही। एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि पुलिस को 8.30 बजे सूचना मिली कि महिला को गोली मारी गई है। जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। अभी तक की जानकारी के अनुसार किसी परचित ने ही गोली मारी है। पुलिस जांच कर रही है। आगे जो भी अपडेट होगा बताया जाएगा।

# एक अप्रैल को मुख्यमंत्री योगी बरेली में


■ बरेली कॉलेज में जनसभा को सम्बोधित व परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे योगी

■ विकास भवन में समीक्षा बैठक के उपरांत नवाबगंज के अधकटा नजराना में अटल आवासीय विद्यालय का करेंगे उद्घाटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** आगामी एक अप्रैल को मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ का बरेली जनपद में आगमन प्रस्तावित है।

मुख्यमंत्री योगी द्वारा बरेली कालेज, बरेली में जनसभा की जाएगी, और 932.59 करोड़ रुपये की धनराशि की 132 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया जायेगा। बरेली कालेज में ही स्कूल चलो अभियान एवं संचारी रोग जागरूकता अभियान की रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जायेगा। तदोपरान्त कुछ लाभार्थियों को लाभान्वित भी किया जाएगा। उसके उपरांत मुख्यमंत्री योगी द्वारा विकास भवन सभागार में समीक्षा बैठक की जाएगी। तदोपरान्त तहसील नवाबगंज के ग्राम अधकटा नजराना में नवनिर्मित अटल आवासीय विद्यालय का उद्घाटन किया जाएगा।



**कार्यालय ग्राम पंचायत बुझिया विकासखण्ड बहेड़ी (बरेली)**

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बुझिया विकासखण्ड बहेड़ी (बरेली) वित्तीय वर्ष 2024-25 में मनरेगा योजना की धनराशि से ग्राम पंचायत में खड़न्जा निर्माण व मिट्टी कार्य कराये जाने के लिए सामग्री क्रय हेतु प्रथम श्रेणी की ईट, मिट्टी, बोर्ड आदि के लिए सीलबन्द निविदाएं टेंडर प्रकाशन की तिथि से दिनांक-02.04.2025 को समय 4:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर आमंत्रित की जाती हैं, जो दिनांक-03.04.2025 को समय दोपहर 2:00 बजे ग्राम पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में खोली जाएंगी। निविदा से संबंधित सभी शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय पर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती हैं। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 01. | बाबूराम के घर से भूपराम के घर तक खड़न्जा व मिट्टी कार्य | 3,99,523.00 |

**मानवती** (प्रधान) **दुष्यन्त कुमार** (सचिव)

# रंगदारी मांगने और अध्यापक पर हमला करने के आरोपी को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** पुलिस ने रंगदारी मांगने और अध्यापक पर हमला करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी अंकित वर्मा उर्फ सनी एक अवैध कॉलोनाइजर है। पुलिस ने उसे थाना फरीदपुर क्षेत्र के बीसलपुर रोड से गिरफ्तार किया।घटना 11 दिसंबर की है। आरोपी ने शराब के पैसों को लेकर अध्यापक से रंगदारी मांगी थी। अध्यापक द्वारा पैसे देने से मना करने पर आरोपी ने उन पर हमला कर दिया था। पुलिस ने आरोपी की तलाशी ली तो उसके पास से एक तमंचा और कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने आरा. पी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का संदेश गया है।




समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी (बरेली)
मो0-9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# ससुरालियों के उत्पीड़न से परेशान हुई विवाहिता

## महिला ने एसएसपी को दिया शिकायती पत्र

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बदायूं।** थाना सहसवान की विवाहिता का कहना है कि मेरे सुसराल वालों की चार पहिया वाहन की मांग पूरी न होने पर सुसराल वाले मेरा मानसिक शारीरिक उत्पीड़न कर रहे है। जबकि नौ महीने पूर्व मेर शादी फुरकान से हुई थी डेढ़ महीने से वह अपने मायके में रह रही है और उसने रविवार को एसएसपी को शिकायती पत्र देकर न्याय की मांग की है। रेशमा के पिता अशरफ निवासी मोहल्ला शहबाजपुर थाना सहसवान ने बताया कि अपनी बेटी को नौ महीने पहले फुरकान पुत्र युसूफ निवासी बहापुर पट्टी थाना बहजोई जिला संभल के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज के हिसाब से शादी की थी पिता का आरोप है।

कि शादी के कुछ महीने बाद ही ससुरालीजन चार पहिया वाहन की दहेज में मांग करने लगे। मैने मांग पूरी करने में असमर्थता जताई तो वे मेरी बेटी का पति फुरकान समेत सुसरालीजन मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न करने लगे। जिससे परेशान




होकर रेशमा अपने मायके में आ गई। उसके बाद पति फुरकान सास रिहाना ननद इबराना ,रुखसाना, फरजाना , नंदोई इकबाल, भांजा साहिल मेरी बेटी को लेने आए पिता ने कहा मेरी बेटी को आप प्रताड़ित कर मारपीट करते हो इतने में ही पति ससुरालीजन रेशम के पिता से बदतमीजी करते हुए मारपीट कर दी। रेशमा ने जिसकी शिकायत थाना कोतवाली में की तो पीड़ित को थाने से डाट फटकार के भगा दिया। जिसकी वजह से पीड़िता ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर न्याय की मांग की है ऐसी स्थिति में रेशमा मायके में रह रही है। रेशमा ने अपने शिकायती पत्र में पति समेत ससुरालीजनों के खिलाफ एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

# ईद पर घर लौट रहे ऑटो चालक को डंपर ने मारी जोरदार टक्कर ,ऑटो चालक की हुई मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**बिसौली।** रविवार को मुरादाबाद फर्रुखाबाद हाईवे पर कस्बा मुड़िया धुरेकी कस्बा के पास डंपर ने ऑटो में मारी टक्कर ऑटो चालक की हुई मौत, ईद त्योहार को लेकर अपने घर आ रहा था मृतक हम आपको बता दें कि जनपद बदायूं के थाना वजीरगंज क्षेत्र के गांव हतरा



निवासी वसीम पुत्र छिद्दन खां दिल्ली में रह कर ऑटो चलाते थे वहीं ईद पर्व को लेकर दिल्ली से ऑटो में सवार होकर अपने घर आने के लिए निकले वहीं रविवार को 8:00 करीब फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के मुड़िया धुरेकी कस्बा के पास पहुंचते ही तेज रफ्तार से आ रहे डंपर ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी जिसमें ऑटो चालक वसीम की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीएचसी बिसौली पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और टक्कर मारने वाले डंपर को पुलिस द्वारा हिरासत में ले लिया गया व थाना पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुटी।

# बेटे की मौत से गमजदा मां ने 17 दिन बाद तोड़ दिया दम

**अज्ञात वाहन चालक पर दर्ज है मुकदमा' कृष्ण मुरारी की हादसे मौत का मुकदमा बिसौली कोतवाली में पंजीकृत है। लेकिन 17 दिन बीतने के बावजूद भी अभी पुलिस को इस मामले में अज्ञात वाहन की जानकारी नहीं मिल सकी है।**

होली के दिन सड़क दुर्घटना में हो गई थी 22 साल के बेटे की मौत, बेटे की मौत के सदमे के बाद बिगड़ गई थी मां की हालत

**'खुशियों की जगह घर में आया मातम'** वीरादेवी का बेटा कृष्ण मुरारी किसी प्राइवेट कंपनी में दूसरे प्रांत में काम करता था। एक तरफ होली का त्यौहार था तो दूसरी ओर 12 मई को बिसौली कोतवाली के एक गांव निवासी व्यक्ति की बेटी से उसकी शादी थी। दोनों ही खुशियों को मनाने के लिए वह गांव आ गया था। पूरा परिवार होली के त्यौहार एवं शादी की खुशियों के लिए तैयार था, लेकिन क्रूर काल ने 17 दिन में घर से मां बेटे की अर्थियों उठवा दी।

रिंकू भारद्वाज,शाह टाइम्स

**उघैती ।** मां, एक ऐसा शब्द जिसकी व्याख्या एवं प्रेम का वर्णन करना नामुमकिन है। संतान के प्रति अगाध प्रेम की मूरत एक बुजुर्ग मां को युवा बेटे की मौत का ऐसा सदमा लगा, उसने भी 17वें दिन अस्पताल में दम तोड़ दिया।

जिससे परिवार में एक बार फिर कोहराम मच गया है। गांव खंडुआ में बुजुर्ग घनश्याम के बेटे कृष्ण मुरारी की होली वाले दिन बिसौली के रानेट चौराहे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई थी। 22 साल के युवा कृष्ण मुरारी की मौत के बाद परिवार ही नहीं, गांव में होली की खुशियां थम गई। बुजुर्ग घनश्याम और वींरा देवी युवा बेटे की मौत से बदहवास हो गए। मां वीरा देवी को बेटे की मौत से ऐसा सदमा लगा, उन्होंने अगले ही दिन अस्पताल की राह पकड़ ली। परिजन उनके ठीक होने का इंतजार कर रहे थे, लेकिन शनिवार की सुबह मां भी मुरादाबाद के प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज के दौरान बेटे के पास चली गईं। कृष्ण मुरारी के बाद मां की मौत से एक बार फिर परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# एक बोतल के साथ एक बोतल फ्री के ऑफर को लेकर शराब की दुकानों पर शराब प्रेमियों की उमड़ी भीड़

शाह टाइम्स संवाददाता

**बिसौली ।** रविवार को नगर में शराब की एक बोतल के साथ एक बोतल फ्री का ऑफर सुनते ही शराब दुकानों पर शराब प्रेमियों की उमड़ी भीड़ हम आपको बता दें कि बिसौली नगर में अंग्रेजी शराब दुकानों पर भारी भीड़ उमड़ रही है। कहीं एक के साथ एक बोतल फ्री मिल रही है तो कई अलग अलग तरह के ऑफर दिखाई दे रहे हैं। रविवार को 2 बजे करीब बिसौली नगर में पानी की टँकी के पास स्थित अंग्रेजी शराब दुकान पर एक बोतल के साथ एक फ्री बोतल के ऑफर की जानकारी होते ही खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ी। दुकान के बाहर लाइन लग गई। दरअसल 31 मार्च से पहले दुकानों पर बचे स्टॉक को खत्म किया जाना है। इसके लिए यह कवायद की जा रही है। वही ऑफर सुनते ही शराब प्रेमी शराब की पेटी और कहीं कट्टा और थैला भरकर शराब ले जाते हुए



दिख रहे हैं और अपना स्टॉक बना रहे हैं क्योंकि कल 31 मार्च है और कल तक शराब दुकानदारों को अपना स्टॉक खत्म करना है जिसको लेकर शराब प्रेमियों की बल्ले बल्ले हो रही है शराब प्रेमी शराब दुकानों पर पहुंचकर लाइन में लगकर शराब खरीद रहे हैं।

# लगातार चौथी ठा. वेदपाल सिंह कठेरिया बने ऑल इंडिया रिपोर्टर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष

## पत्रकारो के हित के लिए सम्मान सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा:ठा वेदपाल सिंह

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बदायूं।** आल इण्डिया रिपोटर्स एसोसिएशन आईरा वदायू के जिलाध्यक्ष के चुनाव के लिए आईरा कार्यालय लवेला चौक वदायू पर चुनाव कोर कमेटी की बैठक हुयी , जिसमे राष्ट्रीय अध्यक्ष फरीद कादरी के निर्देशन मे राष्ट्रीय महासचिव बेदभानु आर्य प्रदेश महासचिव जनाव अवरार अहमद के नेतृत्व मे जिलाध्यक्ष तथा तहसील अध्यक्ष तथा प्रभारियो का चुनाव प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी आईरा हामिद अली राजपूत की मैजूदगी मे तथा कार्यक्रम संयोजक जिला प्रभारी ठा नरेन्द्र सिंह की देखरेख मे कराया गया जिलाध्यक्ष आईरा वदायू के लिए चौथी वार ठा वेदपाल सिंह ने नामांकन किया , और किसी का आवेदन न होने से ठा वेदपाल सिंह कठेरिया को चौथी वार आईरा जिलाध्यक्ष वदायू निर्वारोध घोषित किया गया , वही विसौली तहसील अध्यक्ष के लिए राहूल गुप्ता प्रभारी राहूल शाक्य सहसवान तहसील अध्यक्ष अवीर सक्सैना प्रभारी आतिफ निसार दातागंज तहसील अध्यक्ष कुलदीप सिंह प्रभारी रोहित मिश्रा विल्सी तहसील अध्यक्ष अखिलेश सिंह प्रभारी सुनील वास्णेय तथा वदायूं तहसील अध्यक्ष शिवेन्द्र यादव प्रभारी जावेद तथा सदस्यता प्रमुख अखिलेश श्रीवास्तव को निर्वाचित घोषित किया । जो 31 दिसम्बर 2026 तक नयी कार्यकारणी के साथ काम करेगी , नये कार्यकारणी के लिए अव तक 150 पत्रकारो ने आईरा की सदस्यता ली है ।

नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष ठा वेदपाल सिंह ने कहा कि मुझे चौथी वार जो जिम्मेदारी दी गयी है मै पूरी लग्न मेहनत कर्तब्य निष्ठा से संगठन को मजबूत करुगा शीर्ष नेतृत्व के आदेशों का पालन करूगा पत्रकारो के हित के लिए सम्मान सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा । चुनाव कार्यक्रम मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव आईरा एवम बदायू अमर प्रभात के सम्पादक वेदभानु आर्य ने कहा कि आईरा वो संगठन है जो पत्रकारो के हित के लिए जमीनी स्तर पर काम कर रहा है पत्रकारो के उत्पीडन सम्मान सुरक्षा के लिए



हमेशा पत्रकारो के साथ खडा है नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष ठा वेदपाल . सिंह तथा उनकी टीम को बधाई दी, प्रदेश महासचिव जनाव अवरार ने बताया कि आज रविवार को जिलाध्यक्ष आईरा तहसील अध्यक्ष आईरा तथा तहसील प्रभारियो का सर्व सम्मति से चुनाव सम्पन्न हुआ है 25 अप्रैल तक अन्य जिला कारणी तथा तहसील कार्यकारिणी भी घोषित कर दी जायेगी ! तथा चुनाव प्रभारी हामिद अली राजपूत ने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियो को फूलो की माला पहनाकर बधाई दी । तथा कार्यक्रम संयोजक जिलाप्रभारी आईरा ठा नरेन्द्र सिंह ने सभी अतिथियो तथा आईरा पदाधिकारियो का आभार व्यक्त किया । चुनाव प्रक्रिया के दौरान राष्ट्रीय महासचिव वेदभानु आर्य प्रदेश महासचिव अवरार अहमद पशिचमी उत्तर प्रदेश प्रभारी आईरा हामिद अली राजपूत नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष ठा वेदपाल सिंह जिला प्रभारी ठा नरेन्द्र सिंह तहसील अध्यक्ष राहूल गुप्ता ठा कुलदीप सिह अखिलेश सिह अवीर सक्सैना केपी यादव प्रभारी राहूल शाक्य आतिफ निसार रोहित मिश्रा सुनील वास्णैय शिवेन्द्र यादव तथा कार्यालय प्रमुख धीरेश सिंह कुलदीप सक्सैना सुरेश शर्मा मैजूद रहे ।

# बाइक सवार युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई मौत



शाह टाइम्स संवाददाता

**बिसौली।** दातागंज - शनिवार व रविवार रात्रि 1:00 बजे करीब कस्बा मुड़िया धुरेकी के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौके पर हुई दर्दनाक मौत हम आपको बता दें कि हरिओम पुत्र सूबेदार निवासी कोल्हाई थाना दातागंज बाइक पर सवार होकर चंदौसी की तरफ से आ रहे थे तभी थाना फाइनेंस बात क्षेत्र के कस्बा मुडिया धुरेकी कस्बा के पास पहुंचते ही शनिवार और रविवार की मध्य रात्रि में लगभग 1:00 बजे के करीब किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिसमें बाइक सवार हरिओम की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई वहीं सूचना पर पहुंची फैजगंज बेहटा थाना पुलिस व 108 एंबुलेंस द्वारा शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसौली पर लाया गया जहां फैजगंज बेहटा पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया व पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

# भाजपा सरकार के 8 साल पूरे होने पर घर-घर जाकर बताई सरकार की उपलब्धियां



शाह टाइम्स संवाददाता

**उघैती।** करनपुर मण्डल में भारतीय जनता पार्टी के 8 साल पूरे होने के अवसर पर शनिवार को घर-घर संपर्क अभियान चलाया गया। भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व ब्लाक प्रमुख अमित पाठक के नेतृत्व में यह कार्यक्रम ग्राम सभा नसरोल व पाठक वेहटा में आयोजित किया गया। कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों को केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही भाजपा की नीतियों से भी अवगत कराया। पूर्व ब्लाक प्रमुख अमित पाठक ने कहा कि पिछले 8 वर्षों में भाजपा सरकार ने विकास कार्यों को नई गति दी है। उन्होंने बताया कि पार्टी का मुख्य उद्देश्य जनता की सेवा करना है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे जनसंपर्क के जरिए पार्टी की विचारधारा और विकास कार्यों को लोगों तक पहुंचाते रहें। ग्रामीणों ने भाजपा सरकार की योजनाओं पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कार्यकर्ताओं के सामने अपनी समस्याएं भी रखीं। पार्टी नेताओं ने इन समस्याओं का जल्द समाधान कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर करनपुर भाजपा मण्डल के पूर्व अध्यक्ष व जिला प्रतिनिधि निगमेश मिश्रा,भाजपा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह राजपूत,भाजपा नेता बंटू पाठक, सुमित पाठक, रवि पाठक, राजीव मिश्रा,बलराम मिश्रा,किशनवीर यादव,ठाकुर ब्रजेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### 05 अप्रैल तक 08 विकास खण्डों में चलेंगे एक-एक दिवसीय रोजगार मेले

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बदायूं।** जिला रोजगार सहायता अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि 26 मार्च से 05 अप्रैल 2025 तक जिला सेवायोजन कार्यालय बदायूँ के तत्वाधान में जनपद के 08 विकासखण्डों में एक-एक दिवसीय रोजगार मेला जी0डी0एक्स सिक्योरिटी कम्पनी प्रा0लि0 नोयडा द्वारा आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस कम्पनी द्वारा सुरक्षा कार्यों के लिए शिक्षित बेरोजगार युवाओं को स्थाई रोजगार दिये जाने हेतु पंजीयन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जी0डी0एक्स ग्रुप ग्रेटर नोयडा एवं भारत सरकार के पसारा एक्ट अधिनियम 2005 के तहत सुरक्षा जवान का चयन हुआ, वे सभी को 15 दिन के प्रशिक्षण के लिए टेनिंग सेन्टर परी चौक मेटो स्टेशन नियर सी0ओ0 एक्स0 नोयडा बुलागा गया है। भर्ती अधिकारी ने बताया कि आगामी रोजगार शिविर 02 अप्रैल को विकासखण्ड उझानी, 03 अप्रैल को विकासखण्ड वजीरगंज, 04 अप्रैल को विकासखण्ड दातागंज, और 05 अप्रैल को विकासखण्ड अम्बियापुर में सुबह 10:30 बजे से सायं 3:00 बजे तक रोजगार शिविर का आयोजन किया जायेगा। उपरोक्त कम्पनी में शिक्षित युवकों के लिए हाईस्कूल पास व शिक्षित बेरोजगारों के लिए नौकरी पाने का सुनहरा अवसर है। उन्होंने बताया कि सिक्योरिटी गार्ड के लिए हाईस्कूल पास उम्र 19 से 45 वर्ष कद 168 सेमी0 वजन 55किलो0 एवं सुपरवाइजर पद हेतु योग्यता इण्टर पास कम्प्यूटर ज्ञान उम्र 21 से 45 वर्ष होना अनिवार्य है। सभी अपनी हाईस्कूल की अंकसूची एवं आधारकार्ड की फाटो कापी, एक पासपोर्ट साइज फोटो के साथ स्वयं उपस्थित होकर आफलाइन आवेदन कर सकते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार की योजना बेरोजगार युवाओं के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना है। शिक्षित बेरोजगारों के लिए उत्तर प्रदेश सरकार निजी क्षेत्र की कम्पनियों में रोजगार के अवसर प्राप्त करा रही है। उन्होंने समस्त अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे अपने सभी प्रमाण पत्रों एवं शैक्षिक योग्यता वॉयोडाटा सहित अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग कर इस योजना का लाभ उठायें। रोजगार मेला उ0प्र0 शासन की महत्वाकांक्षी योजना है। अधिकारी जानकारी हेतु भर्ती अधिकारी के मो0 नं0-9220339702 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

विज्ञापन के लिए संपर्क करें

कामिल खान ब्यूरो चीफ

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं ब्रांच ऑफिस फैजगंज बेहटा वार्ड नंबर हेड ऑफिस रजी चौक ब्रह्मपुर बराबर रेक्स दवाखाना बदायूं खबरें व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

संपर्क सूत्र - 7500110219, 9411827221

Email: mkkhan741@gmail-com

# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के 17 साल जिला अध्यक्ष रहे ठाकुर आलोक सिंह कांग्रेस के सदस्यता की ग्रहण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बदायूं ।** 30 मार्च 2025 आज परशुराम चौक स्थित कांग्रेस कार्यालय पर 2003 से लेकर 2017 तक बदायूं जनपद के क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष रहे ठाकुर आलोक सिंह ने राहुल गांधी की नीतियों से प्रभावित होकर कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्नालाल सागर, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य जितेन्द्र कश्यप शहर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष असरार अहमद, जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष वीरेश तोमर, जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य इगलास हुसैन के समक्ष कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष रहे ठाकुर आलोक सिंह जी ने कहा कि मैं राहुल गांधी जी की नीतियों से प्रभावित होकर कांग्रेस के सदस्य ग्रहण कर रहा हूं और मैं सभी साथियों के साथ मिलकर कंधे से कंधा मिलाकर जन-जन तक कांग्रेस की नीतियों को पहुंचाने का काम करूंगा। ठाकुर आलोक सिंह का स्वागत करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष ओमकार सिंह ने कहा कि आलोक सिंह जी ने बदायूं जनपद में क्षत्रिय महासभा का पूरे जिले में एक बहुत मजबूत संगठन खड़ा किया था हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि वह अधिक से अधिक अपने क्षत्रिय बंधुओ को जोड़कर कांग्रेस को मजबूत बनाने का प्रयास करेंगे। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्नालाल सागर ने श्री आलोक सिंह जी का स्वागत करते हुए कहा की आप जैसे महत्वपूर्ण व्यक्ति की शहर कांग्रेस कमेटी को भी अत्यंत आवश्यकता है



निश्चित रूप से मैं चाहूंगा कि आप हमारे साथ शहर कांग्रेस कमेटी में कोई दायित्व संभालते हुए कार्य करने का अवसर दें ।अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य जितेंद्र कश्यप जी ने आलोक सिंह जी का खैर मकदम करते हुए कहा कि आपके कांग्रेस ज्वाइन करने से निश्चित रूप से जनपद में बहुत बड़ी ताकत मिलेगी। शहर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष असरार अहमद ने कहा कि हम आपको विश्वास दिलाते हैं कि हम सब लोग मिलकर आपका सम्मान और स्वाभिमान के लिए पार्टी की नीतियों के साथ आपके साथ खड़े रहेंगे। ठाकुर आलोक सिंह जी को कांग्रेस की कांग्रेस की नीतियों की प्रेरणा देने वाले जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष वीरेश तोमर ने कहा की आपके आने से निश्चित रूप से क्षत्रिय समाज पार्टी से वृहद रूप से जुड़ेगा और हम सभी क्षत्रिय बंधुओ का स्वागत करेंगे जो आपके साथ कई वर्षों से जुड़े हैं। कार्यक्रम का संचालन उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य जिला पूर्व महासचिव इगलास हुसैन ने किया।

# नवजात शिशुओं को जन्म से लेकर 5 साल तक लगने वाले टीकाकरण के लिए किया जागरूक

शाह टाइम्स संवाददाता

**बिसौली।** शनिवार को उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप व स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों के निर्देशन में बिसौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कस्बा बिसौली स्ट्रीट वेंडर्स दुकानदारों को बुलाकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा नवजात शिशुओं को जन्म से लेकर 5 साल तक की उम्र लगने वाले टीका व वैक्सीन के बारे में अवगत कराया तथा नवजात शिशुओं में होने वाली बीमारियों से भी जागरूक किया गया उपस्थित डॉक्टरों द्वारा बताया गया कि समय से टीकाकरण ना कराने पर नवजात शिशुओं को व परिवार के लोगों को बड़ी समस्या का सामना करना पड़ सकता है जिससे अपने एवं आसपास के लोगों को नवजात शिशुओं के लिए समय से टीकाकरण करवाने की अपील की गई उपस्थित डॉक्टर द्वारा बताया गया कि हमारे देश में कई घातक बीमारियां जैसे टी वी, व पीलिया एवं खसरा जैसी अन्य बीमारियां हमारे देश की जनता पर अपनी पकड़ बनाई हुई थी आम जनमानस की जागरूकता व स्वास्थ्य विभाग की सतर्कता के चलते गंभीर बीमारियों पर लगभग अंकुश कर लिया गया है एक दिन हमारा देश अन्य बीमारियों पर भी विजय हासिल करके रहेगा जिसमें आप सभी लोगों से जागरूकता सहयोग की अपेक्षा है।

# क्षय रोगियों को सौंपी पोषण पोटली

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बदायूं।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर जिला पंचायत सभागार में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जिलाधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी और अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. विनेश कुमार, जिला क्षय रोग अधिकारी ने की। कार्यक्रम की शुरुआत अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के स्वागत और सम्मान से हुई, जिसके बाद दीप प्रज्वलन कर औपचारिक उद्घाटन किया गया। जिला क्षय रोग अधिकारी द्वारा जिले में टीबी मुक्त पंचायत अभियान की प्रगति की जानकारी दी गई। बताया गया कि 1037 ग्राम पंचायतों में से अब तक 132 ग्राम पंचायतों को ग्राम प्रधान, एसटीएस, एसटीएलएस एवं एलटी के विशेष सहयोग से टीबी मुक्त घोषित किया जा चुका है। इसमें बिल्सी में 8, बिनावर में 12, बिसौली में 7, दातागंज में 6, जगत में 8, कादरचौक में 14, सहसवान में 10, उझानी में 10, वजीरगंज में 8, आसफपुर में 7, दहगवा में 10, इस्लामनगर में 7, म्याऊं में 10, समरेर में 6 और उसावां में 9 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त हो चुकी हैं। इन 132 टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों को प्रशस्ति पत्र और महात्मा गांधी जी की कांस्य प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा, टीबी उन्मूलन में उत्कृष्ट योगदान देने वाले स्वास्थ्यकर्मियों और संगठनों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिसमें एलटी विवेक गुप्ता, जमाल अख्तर, एसटीएस सुदेश सक्सेना, अकाउंटेंट विमल पाठक, निक्षय मित्र चौरिटेबल ब्लड बैंक बदायूं, मुकेश जौहरी ब्लड बैंक बदायूं और टीबी चौंपियन मोहम्मद आरिफ खान (ककराला) शामिल रहे। मुख्य अतिथि सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने बताया कि भारत सरकार द्वारा टीबी मरीजों को आर्थिक सहायता दी जा रही है, जिसमें प्रत्येक टीबी मरीज को डीबीटी के माध्यम से 1000 रुपए प्रति माह, टीबी की पुष्टि होते ही 3000 रुपए एडवांस, और 84 दिन की दवा पूरी करने पर 3000 रुपए की दूसरी किस्त दी जाती है। जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने घोषणा की कि अगले वर्ष भी जो ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त बनी रहेंगी, उन्हें महात्मा गांधी जी की सिल्वर प्रतिमा दी जाएगी, और लगातार तीन वर्षों तक टीबी मुक्त रहने पर गोल्ड प्रतिमा एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा पाँच टीबी मरीजों को गोद लेकर उन्हें पोषण पोटली उपलब्ध कराई गई। इसी प्रेरणा से ग्राम प्रधानपति राजेशपाल (कडेका नाथपुर) ने भी पाँच टीबी मरीजों को गोद लेने की घोषणा की। कार्यक्रम के अंत में जिला क्षय रोग अधिकारी द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जबकि संचालन डॉ. अरविंद धवल द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्षय रोग विभाग के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं ने की माता रानी की स्थापना मंदिरों में उमड़ी भीड़

शाह टाइम्स संवाददाता

**पीलीभीत।** चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर सभी श्रद्धालु भक्तों के द्वारा माता रानी का घर-घर दरबार सजाया गया। चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर प्रथम दिन मां शैलपुत्री की स्थापना कर सभी लोगों ने पूजन अर्चन किया पूजा अर्चना करने के बाद सभी भक्त सबलपुर खास के देवी स्थान मंदिर पर पहुंचकर पूजा अर्चना करते हैं सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव सबलपुर खास के देवी स्थान मंदिर पर नवरात्रि के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं द्वारा 9 दिन श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है जिसमें सभी ग्राम वासियों का विशेष सहयोग रहता है आपको बता दे की सबलपुर खास के देवी स्थान मंदिर पर नवरात्रि पर्व के नवें दिन मंदिर पर हवन पूजन श्रद्धालुओं द्वारा कराया जाता है।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# दो पक्षों में भिड़ंत, जमकर चले लात-घूंसे

■ पैसों के लेनदेन को लेकर हुआ था दोनों पक्षों में विवाद

■ समझौता होने के दौरान एक पक्ष ने कर दी मारपीट, पुलिस ने तहरीर के आधार पर की रिपोर्ट दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**किठौर।** रविवार को पैसे के लेनदेन को लेकर दो पक्षो में भिड़ंत हो गई, दोनों पक्षों की तरफ से जमकर लात घूंसे चले जिसमें कई लोग घायल हो गये। मामले में दोनों पक्षो की तरफ से थाने पर तहरीर दी गई।



शाहजहांपुर निवासी डॉक्टर अजमल हुसैन पुत्र एजाज हुसैन ने तहरीर देते हुए बताया कि शोएब पुत्र लईक खान व चिराग जीत सिंह शास्त्री नगर मेरठ निवासी से स्कूल की पार्टनरशिप में चिराग जीत पर लाखो रुपयों का बकाया था जिसको लेकर मन मुटाओ था। जिसमें नगर पंचायत शाहजहांपुर कार्यालय में चेयरमैन वसीउर्रहमान तथा पूर्व चेयरमैन तबारक उल्ला खान गणमान्य लोगों के साथ बैठकर दोनों पक्षों की मध्यस्थता करा रहे थे इसी बीच चिराग पक्ष की ओर से हबिबु पुत्र कलीम, मशकूर पुत्र मोहम्मद अहमद खान वहां पहुंच गये और गाली गलोच करने लगे। वहीं डॉ. अजमल पक्ष की ओर से अमान व शौएब खान सामने आ गये ओर विरोध करने लगे इसी बात पर नगर पंचायत कार्यालय के प्रांगण में दोनों पक्षों में जमकर जूतम पैजार हुई। घटना में अजमल हुसैन, शुएब खान, तथा हबिबु को चोट आई है। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर घायलों को मेडिकल उपचार हेतू भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार पांडे का कहना है कि दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने सांसद सुमन का पुतला फूंकने का किया प्रयास, पुलिस ने छीना



शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने डीएम को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा है। इसी को लेकर रविवार को कमिश्नरी पहुंचे कार्यकर्ताओं ने सपा के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन का पुतला फूंकने का प्रयास किया जिसे पुलिस ने विफल कर दिया। उन्होंने कहा कि सांसद रामजीलाल सुमन ने महान राजपूत योद्धा और भारतीय इतिहास के आदित्य महा पुरुष राणा सांगा को देश का गद्दार कहकर अपमानित किया है। जिसका समाज के लोग विरोध करते हैं उन्होंने मांग की है कि संसद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो और भारतीय इतिहास और महापुरुषों के सम्मान की रक्षा की जाए। और हमेशा के लिए ऐसा कानून बने जिससे कोई किसी को अपशब्द न कहे।

## आज देश में मनाया जाएगा ईद का त्योहार

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** सोमवार को ईद का त्योहार देश में मनाया जाएगा। महानगर में ईदगाह में 7:45 बजे नमाज अदा की जाएगी। वहीं रोजा अफ्तयार के बाद मगरीब की नमाज में मौलाना ने चांद के दीदार करके लोगों से अपील की है कि वह समय से ईदगाह पहुंचे जिससे सड़कों पर नमाज न हो। और सभी लोग ईदगाह परिसर के अंदर आ जाये। जिन लोगों को ईदगाह में जगह न मिले वह मस्जिद में नमाज अदा करें। वहीं फलावदा में कस्बे के शहर काजी मोलाना मुहम्मद सलमान कासमी ने जानकारी देते हुए बताया कि ईदु-उल- फितर की नमाज आज 8 बजे ईदगाह , 7:45 मस्जिद कानी पट्टी , 8:15 मस्जिद कोठला, 8:30 मस्जिद दरबार में अता की जाएगी। वहीं लोगों को सड़क पर नमाज पढ़ने से बचने को कहा गया है।

## ग्रीन बैल्ट पर अवैध निर्माण कर दुकान बनाने का किया विरोध, आरोपियों ने दी जान से मारने की धमकी

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** जागृति विहार सेक्टर 8 निवासी विकास उर्फ नीटू ने एमडीए में शिकायत करते हुए बताया कि प्लाट सं.-ए-1, स्थित निकट रिलाईस पैट्रोल पम्प, मेडिकल कॉलिज के सामने, गढ़ रोड पर विश्वजीत बैम्बी व जय प्रकाश द्वारा अपने प्लाट के सामने ग्रीन बैल्ट पर अवैध निर्माण कर एक दुकान बनायी गयी है जिसकी शिकायत पूर्व में भी की गयी थी लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। विश्वजीत बैम्बी व जय प्रकाश द्वारा दुकान का अवैध निर्माण बिना किसी अनुमति व परमीशन के कराया गया है। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपी दुकान बनाकर उस सरकारी भूमि ग्रीन बैल्ट पर अवैध कब्जा करना चाहते है तथा अब इनके द्वारा उक्त दुकान का अवैध निर्माण कराकर उसका प्रयोग व्यवसायिक रूप में किया जा रहा है। शिकायत कर्ता ने मौके पर जाकर विरोध भी किया था तब भी विश्वजीत बैम्बी व जय प्रकाश द्वारा जान से मारने की धमकी दी गयी थी। उनका कहना था कि सेटिंग के बल पर कार्य कर रहे हैं। शिकायतकर्ता ने एमडीए अधिकारियों से मांग की है कि अवैध दुकान को ग्रीन बैल्ट सरकारी भूमि से हटवा कर उसमें व्यवसायिक कार्य को अविलम्ब रोका जाये।



# आसाराम बापू के आश्रम में चोरी

## संचालक ने पुलिस से की शिकायत नहीं हुई कार्रवाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**कंकरखेड़ा।** थाना क्षेत्र के खिर्वा रोड पर संत आसाराम बापू आश्रम में शुक्रवार व शनिवार देर रात चोरों ने धावा बोलकर नगदी व कीमती सामान चोरी कर लिया। चोरी की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच की। पुलिस आसपास के सीसीटीवी के आधार पर चोरों की तलाश में लग गई है। वहीं आश्रम के संचालक ने एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई है।



हाईवे चौकी क्षेत्र की खिर्वा रोड पर संत आसाराम बापू का आश्रम बना हुआ है। आश्रम के संच. ालक सुजीत कुमार ने एसएसपी डॉ. विपिन टाडा को शिकायत करते हुए बताया कि शुक्रवार रात चोर दीवार कूद कर अंदर आ गए थे। इसके बाद चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। घटना को अंजाम देने के बाद वह मौके से चले गए थे। जिसकी शिकायत स्थानीय पुलिस से की थी। पीड़ित के अनुसार पुलिस ने तहरीर पर मुकदमा दर्ज नहीं किया। पीड़ित के अनुसार शनिवार देर रात चोर कमरे में घुस गए और अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे 22 हजार रुपए चोरी कर लिए।

वहीं दो सिलेंडर, चारा काटने वाली मशीन, एक मोटर, एक ग्राइंडर व अन्य कीमती सामान चोरी किया। चोरी की घटना की जानकारी के बाद पुलिस में मौके पर पहुंच कर मामले की छानबीन की। इस दौरान मौके से चोरों की चप्पल व एक चाकू बरामद हुआ जो मौके पर पुलिस को पड़ा हुआ मिला। पीड़ित के अनुसार पुलिस मामले को गंभीरता से नहीं ले रही है। एसएसपी ने थाना पुलिस को जांच कर कार्यवाही के आदेश दिए। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह का कहना है कि चोरों को पकड़ने के लिए एक टीम को लगा दिया गया है। चोरों को जल्द पकड़ लिया जाएगा।

## ईदगाह व मस्जिदों में ही अता करें नमाज: संजय कुमार पांडे

शाह टाइम्स संवाददाता

**जानी खुर्द।** रविवार को थाना प्रभारी संजय कुमार पांडे ने कहा की ईद का त्योहार आपसी भाईचारे से मनायें और ईदगाह में ही नमाज अदा करें सड़कों पर नमाज की अनुमति नहीं दी जाएगी। वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पांडे ने सभी चौकी इंचार्ज को निर्देश दिए कि अपने-अपने अपनी चौकी क्षेत्र में ईदगाहों और मस्जिदों पर मुस्तेद रहें और कोई भी संदिग्ध व्यक्ति दिखे तुरंत एक्शन ले। थाना प्रभारी ने सभी धर्म गुरुओं से मुलाकात की और आपसी भाईचारे से ईदगाह मस्जिदों में ईद उल फितर की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से अता करने की अपील की।



## बेस्ट सेक्सोलॉजिस्ट इन इंडिया के अवार्ड से नवाजे गए जनता क्लीनिक के डायरेक्टर डॉ. एम.वी. राजपूत

■ मशहूर बॉलीवुड एक्टर तुषार कपूर अभिनेत्री रिम्मी सेन और नीलम कोठारी ने किया अवॉर्ड से सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** शनिवार देर रात्रि दिल्ली स्थित इरोस होटल नेहरू पेलेस में बीज ऑफ इक्सपों बिजनेस अवॉर्ड 2025 का अयोजन किया गया था जिसमे सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. एमवी राजपूत को बेस्ट सेक्सलॉजिस्ट इन इंडिया का पुरुस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एक्टर तुषार कपूर, अभिनेत्री रिम्मी सेन और नीलम जाने माने बॉलीवुड एक्टर उपस्थित रहे। दिल्ली एनसीआर के आसपास के इलाकों में मशहूर आयुर्वेद चिकित्सक डॉक्टर एमवी राजपूत को बेस्ट सेक्सोलॉजिस्ट इन इंडिया के अवॉर्ड से नवाजा गया है।





कार्यक्रम का शुभारंभ बॉलीवुड एक्टर तुषार कपूर, अभिनेत्री रिम्मी सेन और नीलम द्वारा संयुक्त रूप से किया गया इस दौरान उन्होंने अपने विचार रखते हुए कहा कि आज के समय में सभी को अपने स्वास्थ को लेकर कम से कम एक घंटे का समय जरूर निकालना चाहिए, जिससे की हम स्वस्थ रह सकते है। अपने खाने पीने की चीजों को भी ध्यान रखना चाहिए जंक फूड से बचना चाहिए जनता क्लीनिक के बारे में कहा कि डॉक्टर एमवी राजपूत मरीजों को ठीक करके समाज के लिए अच्छा कार्य कर रहे हैं हम उम्मीद करते हैं कि वह अपने इस कार्य को निरंतर जारी रखेंगे। कार्यक्रम के आखिरी में डॉ. एमवी राजपूत ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि मैं करीब 22 साल से अपने क्लीनिक पर कार्यरत हूं जो मरीज सभी जगह से निराश होकर आते है उनको हम बहुत ही कम फीस में उनका आयुर्वेद के द्वारा संपूर्ण इलाज करते है। उन्होंने कहा कि हम जरूरतमंद लोगों का इलाज बिना फीस के भी करते है बताया कि उन्होंने हमेशा अपने कार्य को इमानदारी से करने की कोशिश की है और आगे भी इसी तरह से अपनी सेवाएं करने के लिए तत्पर रहेंगे। अवॉर्ड पाकर डॉ. एमवी राजपूत ने कहा कि जो सम्मान उन्हे आज मिला है उसका वह धन्यवाद करते हैं, और आगे भी ऐसे ही पूरी ईमानदारी के साथ लोगों की सेवाएं करते रहेंगे। बता दें कि डॉ. एमवी राजपूत द्वारा संचालित जनता क्लीनिक पिछले करीब 22 वर्षों से क्षेत्र के लोगों की सेवा कर रहा है दिल्ली एनसीआर में काफी प्रसिद्ध है। इस दौरान डॉ. सलीम सदर साब , मौलाना आकिब, हाजी अकबर, फिरोज, शकील खान मौजूद रहे।

# प्यार और भाईचारे से मनाएं ईद: मौलाना सलमान कासमी

■ ईद पर साफ-सफाई का ध्यान रखने की अपील

शाह टाइम्स संवाददाता

**फलावदा।** आज ईद का त्यौहार देश में मनाया जा रहा है। हर जगह तैयारियां चल रही हैं और मुस्लिम समुदाय ईद के इस्तकबाल के लिए तैयार है। सदका उल-फितर और ईद-उल-फितर के संबंध में कस्बे के शहर काजी मौलाना मुहम्मद सलमान कासमी, नाजिम-ए-आला जमीयत उलेमा मेरठ ने पत्रकारों को बताया कि पवित्र पैगंबर ने हम पर सदका उल-फितर अनिवार्य किया है, जो कि रोजेदारों के लिए स्वच्छता और गरीबों के लिए भोजन का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि सदका-उल-फितर के दो महत्वपूर्ण उद्देश्य हैं, हमें इन उद्देश्यों को अपने सामने रखना चाहिए। मौलाना सलमान ने कहा कि इसका पहला उद्देश्य रोजे की कमियों की भरपाई करना है। कहीं न कहीं हमारे उपवास में कुछ न कुछ कमियां रह ही जाती हैं। इसकी भरपाई के लिए अल्लाह ने सदका-उल-फितर को जरूरी बनाया है। दूसरा उद्देश्य गरीबों और जरूरतमंदों के लिए भोजन की व्यवस्था करना है ताकि उन्हें ईद के दिन भीख मांगने की जरूरत न पड़े और वे भी हमारे साथ ईद मनाएं। उन्होंने कहा कि हम ईद-उल-फितर को प्रेम, स्नेह और जोश के साथ मनाते हैं। मौलाना सलमान कासमी ने प्रशासन से अपील की कि कस्बे की ईदगाह के दोनों ओर तालाब हैं। ईद के मौके पर यहां भीड़ होती है और किसी बच्चे के इसमें गिर जाने का खतरा रहता है। इसलिए ईदगाह तक जाने वाले रास्ते को सही व उचित बनाया जाए तथा ईद के अवसर पर पूरे कस्बे में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। इसी प्रकार ईद के दिनों में बिजली और पानी की विशेष व्यवस्था की जानी चाहिए। ईदगाह और बड़ी मस्जिदों के आसपास पुलिस बल तैनात किया जाना चाहिए। असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जाए ताकि कोई समस्या उत्पन्न न हो। मौलाना ने कहा कि जब मुसलमान रमजान में रोजा रखते हैं और ईद के दिन ईदगाह में दो रकअत नमाज अदा करते हैं तो वहां से जब लौटते हैं तो अपने गुनाहों से माफी पाकर लौटते हैं। यह अल्लाह तआला की ओर से एक महान उपहार है जो उसने हमें रोजे के कारण दिया है। मौलाना सलमान कासमी ने कहा है की ईद उल फितर की नमाज ईदगाह और मस्जिदों के अंदर ही अदा करें। रास्तों में नमाज पढ़ने से बचे।



# अग्रवाल समाज की भावनाओं को ठेंस पहुंचाने वालों का होगा विरोध

शाह टाइम्स संवाददाता

**हसनपुर।** अग्रवाल सभा ने महाराजा अग्रसेन के नाम पर जलाशय का सौंदर्यकरण एवं उसका नामकरण के खिलाफ रहने वाले जन प्रतिनिधियों विरोध करने का आह्वान किया गया है।रविवार को अग्रवाल सभा हसनपुर की बैठक दिनेश कुमार अग्रवाल के आवास पर आयोजित की गई। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि धनौरा नगर पालिका परिषद द्वारा पारित प्रस्ताव के अनुपालन में जलाशय का सौंदर्यकरण एवं उसका नामकरण महाराजा अग्रसेन के नाम पर प्रारम्भ किया जा रहा हैं। जिस पर उच्च जनप्रतिनिधि द्वारा अधिकारियों के माध्यम से इसको रोकने का प्रयास किया जा रहा है। यह अग्रवाल समाज के लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाये जाने वाला कदम है। इससे संबंधित जनप्रतिनिधि के प्रति अग्रवाल समाज में असंतोष फैल रहा है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि द्वारा अग्रवाल समाज की भावनाओं को आहत करने वाले कृत्य की निंदा की गई तथा चेतावनी भी दी गई यदि जनप्रतिनिधि द्वारा जलाशय के सौंदर्यकरण का महाराजा अग्रसेन के नाम पर नामकरण किये जाने का विरोध वापस नहीं किया गया तो आगामी चुनाव में अग्रवाल समाज ऐसे जनप्रतिनिधि का विरोध करने के लिए विवश होगा। इस अवसर पर दिनेश कुमार अग्रवाल रविंद्र कुमार जिंदल रमेश चंद्र गोयल महेंद्र कुमार अग्रवाल आदेश कुमार अग्रवाल आदि मौजूद थे



# मां शेरावाली की मूर्ति मन्दिर में स्थापित



**हसनपुर।** नवरात्र के प्रथम दिन मां शेरावाली की भव्य शोभा यात्रा निक. ाली गई। यह शोभायात्रा आधा दर्जन से अधिक गांवों से होकर निकाली गई। शोभायात्रा में श्रद्धालु डीजे पर बज रहे माता के भजनों पर झूमते हुए चल रहे थे। उसके बाद चामुंडा मंदिर पर मां शेरावाली की प्रतिमा को स्थापित किया गया। रविवार को हसनपुर तहसील क्षेत्र के गांव उधनपुर में नवरात्र के प्रथम दिन मां शेरोवाली की प्रतिमा चामुंडा मंदिर पर स्थापित की गई। स्थापना से पूर्व मां शेरावाली की भव्य शोभा यात्रा उधनपुर, नसीरपुर, डगरपुरी, मकनपुर, बसेड़ा खुर्द,शेरगढ़,ताहरपुर आदि गांवों से होकर निकल गई। शोभायात्रा में डीजे पर बज रहे माता के भजनों पर श्रद्धालु झूमते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा में राधा कृष्ण की झांकी लोगों का मन मोह रही थी। शोभायात्रा का जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर पिंकी चौहान, जानकी देवी, देवेश चौहान, कमल सिंह, सरदार सिंह, मुकेश कुमार, सुभाष चौहान, सुनील चौहान,राजू चौहान समेत भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# मां शैलपुत्री के पूजन के साथ प्रारंभ हुए चैत्रीय नवरात्र



**गजरौला।** चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन मां के शैलपुत्री का पूजन किया गया। इस दौरान मां के भक्तों ने विधि विधान के साथ मां का पूजन करके मनोकामनाएं मांगी। आज नगर के मंदिरों पर भारी भीड़ लगी रही। चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन मां के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री का पूजन किया गया। भक्तों ने मां के प्रथम स्वरूप की पूजा अर्चना फूल, चंदन, रौली, अक्षत आदि से की और घट स्थापना की। घर में पूजन के पश्चात भक्तों ने मंदिर जाकर पूजा अर्चना की। कथाओं के अनुसार मां शैलपुत्री के एक हाथ में त्रिशूल तो वहीं दूसरे हाथ में कमल का फूल होता है। शैलराज हिमालय की कन्या होने के कारण इनका नाम शैलपुत्री रखा गया। मां शैलपुत्री का पूजा अर्चना करने और व्रत रखने से उनकी कृपा अपने भक्तों पर बरसनी शुरू हो जाती है, उधर नवरात्र प्रारंभ होते ही शहर का वातावरण भक्तिमय हो गया। नगर के विभिन्न स्थानों पर चुनरी, प्रसाद, फूलों की दुकानें सजी नजर आई। नवरात्र पर नगर पालिका की ओर से पालिका क्षेत्र के मंदिरों व मार्गों पर सफाई कराके चूना बिछवाया। नगर के मायापुरी स्थित नव दुर्गे मंदिर समेत अन्य प्रमुख मंदिरों पर सुरक्षा के द्रष्टिगत पुलिस बल तैनात रहा।

# राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने निकाला पथ संचलन

**गजरौला।** नववर्ष के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से नगर में पथ संचलन का आयोजन हुआ चौपला बस्ती के स्वयंसेवक सुबह बजे मोहल्ला एमडीए कालोनी में एकत्र हुए। सम्पत के बाद ध्वजारोहण हुआ प्रार्थना के बाद पथ संचलन की शुरुआत हुई। एमडीए कालोनी से होकर पथ संचलन हाईवे पर पहुंचा और चौपला हसनपुर मार्ग से होकर रेलवे पुल होता हुआ पथ संचलन मोहल्ला कविनगर में पहुंचा। पथ संचलन के समापन पर नगर संघ चालक कमल कुमार ने बौद्धिक में कहा कि संघ के कार्यकर्ता समाज में पंच परिवर्तन के लिए कार्य कर रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण, परिवार प्रबोधन, स्वदेशी का प्रयोग, हमारे कर्तव्य व सामाजिक समरसता के लिए संघ के स्वयंसेवक समाज में जागरूकता का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने हिन्दुओं से संगठित होकर भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए कार्य करने का आह्वान किया। लोगों ने पुष्पवर्षा करके स्वागत किया। इस मौके पर सुभाष शर्मा, नगर कार्यवाह जगदीप सिंह, अनुपम सिंघल, कपिल कुमार, ओमकार सिंह, जसपाल सिंह, विपिन पंघाल, अमेन्द्र सिंह रामकृष्ण चौहान, शक्ति सिंह, कुलवंत सिंह आदि मौजूद थे। वहीं सुरक्षा व्यवस्था हेतु पथ संचलन के साथ पुलिस भी



# ईद के त्यौहार की तैयारियां जोरों पर बाजारों में बड़ी रौनक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** सोमवार को ईद उल फितर का त्यौहार हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाएगा लोगो द्वारा ईद उल फितर की तैयारियां जोरों पर बाजारों में भीड़ उमड़ पड़ी है। लोग ईद के लिए कपड़े, मिठाइयां और तोहफे खरीदने में व्यस्त हैं। मुस्लिम समुदाय ने ईद की तैयारियां शुरू कर दी हैं और बाजारों में रौनक है।सऊदी अरब और यूएई में रविवार को ईद मनाई गई जबकि भारत में ईद की तारीख की घोषणा चांद देखने के बाद की जाएगी। 30 मार्च को चांद दिखाई देता है, तो भारत में भी 31 मार्च को ईद मनाई जाएगी। ईद उल फितर एक ऐसा त्यौहार जिसका मुस्लिम समुदाय को एक महा तक लगातार रोजा रखने के बाद ईद मनाई जाती हैं लोग अपने परिवार और दोस्तों के साथ मिलकर ईद गाह पर ईद की नमाज अदा



करते हैं और फिर एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देते हैं। इस दिन लोग नए कपड़े पहनते हैं, मिठाइयां और तोहफे एक दूसरे को देते हैं और अपने घरों में ईद की दावतें आयोजित करते हैं।ईद उल फितर का त्योहार मुस्लिम समुदाय के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और यह त्योहार रमजान के महीने के अंत में मनाया जाता है। रमजान के महीने में मुस्लिम समुदाय के लोग रोजा रखते हैं और ईद उल फितर के दिन अपने रोजे को खत्म करते हैं। गरीबों को रुपए के रूप में जकात खैरात देते है।

## चैत्र नवरात्रि के पहले दिन मंदिरों मेंश्रद्धालुओं की भारी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** शाहबाद में चैत्र नवरात्रि के पहले दिन मंदिरों में सुबह के पहले प्रहर से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, मां दुर्गा के दर्शन और पूजा के लिए भक्तों की संख्या में और इजाफा होता गया। हर ओर भक्ति और उत्साह का माहौल छाया रहा।श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। मंदिरों में लंबी कतारें लगीं, जहां भक्त मां के दर्शन के लिए धैर्यपूर्वक अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। मंत्रोच्चार और भजनों की गूंज ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि नवरात्रि के पहले दिन मंदिरों में इतनी भीड़ होना मां दुर्गा के प्रति लोगों की गहरी आस्था का प्रतीक है।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने निकाला पथ संचलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने रविवार को पथ संचलन निकाला। पथ संचलन श्री राम जूनियर हाईस्कूल स्कूल से शुरू होकर मुख्य मार्गों से होते हुए वापस स्कूल पहुंचकर संपन्न हुआ। रवाना होने से पहले सभी स्वयंसेवकों ने आरएसएस के श्रद्धा के प्रतीक केसरिया ध्वज के समक्ष नमन कर प्रार्थना की। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता स्कूल प्रांगण में एकत्रित हुए। केसरिया ध्वज के समक्ष नमन कर प्रार्थना की। स्वयंसेवकों ने गणवेश खाकी पेंट, सफेद शर्ट, काली टोपी, काले जूते और काली बेल्ट वाली वेशभूषा में पंक्तिबद्ध हुए। जिसके बाद घोष की धुन पर वहां से पथ संचलन के लिए रवाना हुए। पथ संचलन मुख्य बाजार से होकर वापस स्कूल पहुंचे। स्वयंसेवक कस्बे की गलियों



बजरंग चौराहा रामपुर चौराहा चंदौसी चौराहा बिलारी चौराहा से होता हुआ श्री राम जूनियर हाई स्कूल पर संपन्न हुआ कौम की पुकार पर नौजवान बढ़े चलो के देश का सुधार नामक गीत गुनगुना कर लोगों को देश सेवा के लिए प्रेरित कर रहे थे। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी पंकज पंत कस्बा इंचार्ज आदेश कुमार आरक्षी सिद्धू दिवाकर आरक्षी निपेंद्र कुमार आदि शामिल रहे।

## ईद पर साफ सफाई के ईओ ने दिए कर्मचारियों को निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी ने नगर पंचायत सभागर बैठक कर कर्म चारियो को नगर मे साफ सफाई के निर्देश दिए मसवासी में अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार मिश्रा ने सभी सफाई कर्मचारियों को माहे रमजान में एवं ईद के पर्व के मद्देनजर एक बैठक कर सफाई व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए तथा सभी नगर तथा मोहल्लों में नाले नालियों की एवं सड़कों की साफ सफाई के निर्देश दिए। अधिशासी अधिकारी मनोज. कुमार मिश्रा ने सभी कर्मचारियो को निर्देश देते हुए कहा कि नगर के हर मोहल्ले हर बार्ड मे सफाई व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रहने चहाये सफाई मे कोई कोताही नही होनी चाहिए अगर किसी कर्मचारी की कोई



शिकायत पाई गई तब उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सफाई व्यवस्था मे लापरवाही बर्दाश्त नही की जायगी सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर वरिष्ठ लिपिक अमित चंद्रा सोमपाल नवनीत कुमार नरेश राहुल कुमार अमरनाथ राजीव शर्मा नवल किशोर सहित कर्मचारी मौजूद रहे ।

# नव संवत्सर के मौके पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने नगर में निकाला पथ संचलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** चौत्र शुक्ल प्रतिपदा नवसंवत्सर हिंदू नव वर्ष के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने नगर में पथ संचलन निकाला। नगर के सर्वहितकारी इंटर कॉलेज के प्रांगण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विजारखाता मंडल के स्वयंसेवक एकत्रित हुए जिसमें स्वार खंड के खंड कार्यवाह सुधीर कुमार ने मौजूद स्वयंसेवकों को बौद्धिक देते हुए कहा कि हमें देश और समाज के प्रति हमेशा तैयार रहना चाहिए तथा संघ कार्य में निरंतर लगे रहना चाहिए।

संघ का कार्य ईश्वरीय कार्य है तथा संघ के स्वयंसेवकों प्रति समाज में एक अलग ही आस्था एवं सम्मान का भाव है। सर्वहितकारी इंटर



कॉलेज से पथ संचलन देश भक्ति गीतों के साथ मुख्य मार्ग एवं नगर के मुख्य बाजारों से होता हुआ निक. ाला गया तथा सभी नगर के मुख्य रास्तों पर स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा की गई सभी स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में दंड सहित कदमताल मिलाकर चल रहे थे उन्हें देखने के जगह-जहां रास्तों पर तथा छतो पर महिलाएं पथ संचलन को निहार रही थी मार्ग में जहां-तहां ट्रैफिक रोका गया।

इस मौके पर स्वार कोतवाल मैं पुलिस फोर्स के पथ संचलन के साथ सुरक्षा की दृष्टि से साथ-साथ मौजूद रहे । इस मौके पर लेखराज गोपीचंद अशोक कुमार हरिओम मौर्य, संजीव कुमार वर्मा ,परमिंदर मौर्य ,अविनाश मौर्य ,संजीव मौर्य ,रूपकिशोर मौर्य, आदि काफी संख्या में स्वयंसेवक मौजूद रहे ।

## शाहबाद के आशुतोष ने रक्तदान कर बचाई जरूरतमंद की जान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहाबाद/रामपुर।** तहसील क्षेत्र के ग्राम तुरखेड़ा निवासी आशुतोष यादव ने कबड्डी खिलाड़ी व समा. जसेवी स्व. सुदेश यादव की प्रथम पुण्य तिथि पर जरूरतमंद को अपना खून देकर उसकी जान बचाई। बताया गया कि आशुतोष यादव पिछले दो साल से राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी सुनील यादव जी से प्रेरणा पाकर समाजसेवा के लिए कार्य कर रहे हैं और लगातार लोगों को रक्तदान,खेल,व समाजसेवा के लिए लोगों को जागरूक कर रहे हैं। साथ ही एक समाचार पत्र द्वारा आयोजित गांव महोत्सव कार्यक्रम के तहत आशुतोष यादव को पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया है।

आशुतोष ने कहा रक्तदान कर किसी को जीवनदान देने की खुशी ही अलग है। हमें जरूरतमंद को लिए हमेशा तैयार रहना चहिए।

## आर्य समाज स्थापना दिवस एवं चैत्र शुक्ल प्रतिपदा हिन्दू नववर्ष मनाया गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टांडा/रामपुर।** रविवार को टांडा में आर्य समाज स्थापना दिवस एवं चैत्र शुक्ल प्रतिपदा हिन्दू नववर्ष मनाया गया जिसमें जिला उपप्रति. निधि सभा के उप प्रधान राजकुमार आर्य ने अपने विचार व्यक्त करते हुए एवं ओम का ध्वज लगाकर स्वामी दयानंद सरस्वती विचारों से अवगत कराया और नववर्ष चौत्र शुक्ल प्रतिपदा पर हमारी प्रकृति और संस्कृति का आपस में सामंजस्य बनाकर हमें गौरांवित करती है।

इस अवसर पर विजय कुमार आर्य टांडा, संजीव कुमार आर्य , कांता प्रसाद, नन्द किशोर आदर्श



कुमार आर्य आदि आर्य बंधु उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के नवनियुक्त पदाधिकारियों का हुआ स्वागत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप सक्सेना ने रामपुर निवासी अंकुश सक्सेना एडवोकेट को उत्तर प्रदेश का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। अंकुश सक्सेना एडवोकेट के उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर जिला कार्यालय ज्वाला नगर रामपुर पर जोरदार स्वागत किया गया। जिसमें जयहिंद नेशनल पार्टी चुनाव समिति अध्यक्ष प्रिंस श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष आदित्य सक्सेना, जिला प्रभारी विभोर सक्सेना, जिला संरक्षक चितरंजन श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष पीयूष श्रीवास्तव, नगर अध्यक्ष राजीव सक्सेना एडवोकेट, वेंकटेश सक्सेना, साकेत सक्सेना, शिवम सक्सेना, पप्पू भटनागर आदि अन्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# टाण्डा नगर में किया गया स्वयं सेवकों द्वारा पद संचलन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**टाण्डा/रामपुर** रामनगर मंडल में चौत्र शुक्ल प्रतिपदा हिन्दू नववर्ष के आरंभ में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्वयंसेवकों द्वारा पद संचलन किया गया। पद संचलन शिव मंदिर प्रथमा बैंक से प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग से होता हुआ वाल्मीकि बस्ती देवी स्थान से होकर ठाकुर जी के मंदिर में संपन्न हुआ। मंडल के समस्त स्वयंसेवक पूर्ण गण बेस में भारी संख्या में उपस्थित हुए , जिसमें टांडा खंड के संघ चालक इंद्रेश राकेश, जिला सहसेवा प्रमुख का जी का मार्ग दर्शन प्राप्त हुआ, कार्यक्रम में मुख्य शिक्षक प्रयास



काम्बोज रहे तथा नरेंद्र , राधेश्याम काम्बोज, खंड कार्यवाहक, नवल काम्बोज संजीव, प्रितम , अनिल , नितेश काम्बोज , मनोज , सौरभ , जयपाल, मोनू ,मनीष , जीतू मदन आदि दायित्वान स्वयंसेवक उपस्थित रहे तथा साथ में पुलिस दल मौजूद रहा।

# महाकुंभ से देश को मिली नई ऊर्जा, विश्व में हुआ भारत का नाम: डॉ. प्रियंका शुक्ला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** श्री त्रिपुरेश्वरी शक्तिपीठ, रामपुर और मां ललिता शक्तिपीठ रामपुर की कार्यकारी अध्यक्ष डॉ प्रियंका शुक्ला उपाध्याय ने कहा कि 144 साल बाद प्रयागराज में हुए महाकुंभ से सनातन को एक नई ऊर्जा मिली है इस ऊर्जा से सनात. नियों का नाम पूरे देश के साथ-साथ पूरे विश्व में हुआ है यह पहली बार मौका था जब महाकुंभ में पूरी दुनिया से आए लोगों ने मां गंगा में स्नान किया और पुण्य लाभ कमाया।

रविवार को डायमंड कॉलोनी स्थितश्री त्रिपुरेश्वरी शक्तिपीठ, रामपुर और मां ललिता शक्ति पीठ पर डॉक्टर प्रियंका शुक्ला उपाध्याय ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया इस प्रेस कॉन्फ्रेंस का मुख्य उद्देश्य था कि हिंदू नव वर्ष नवरात्रि और महाकुंभ से सनातन धर्म को लेकर चर्चा करने का मौका था इस दौरान पीठ की कार्यकारी अध्यक्ष डॉ प्रियंका शुक्ला उपाध्याय ने कहा कि आज से हिंदू धर्म का हिंदू नव वर्ष आरंभ होने के साथ ही मां दुर्गा के नवरात्रि आरंभ हुए हैं और आज प्रथम व्रत के रूप में मां शैलपुत्री की पूजा की गई है और सभी सनातनियों ने मां जगत जननी की पूजा कर



नवरात्रि आरंभ हुए हैं उन्होंने कहा कि भारत देश में प्रयागराज के अंदर 144 साल बाद जो महाकुंभ का योगी सरकार ने आयोजन सफल पूर्ण किया।

उसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री और हृदय हिंदू सम्राट माननीय योगी आदित्यनाथ जी बधाई के पात्र हैं उन्होंने इस महाकुंभ को सफल बनाने के लिए जो प्रयास किया और विरोधियों ने जिस तरह से महाकुंभ को लेकर अफवाहें उड़ाई वह सभी के सामने थी लेकिन उसके बाद भी महाकुंभ की पहचान भारत देश के साथ-साथ पूरे विश्व में बनी है महाकुंभ से सनातन को एक नई ऊर्जा मिली है और भारत देश ऊर्जा और योग का देश है नारी शक्ति करण जैसे कई मामलों में पूरे विश्व में अलग पहचान बना रखी है उन्होंने पत्रकारों के सवाल के जवाब में कहा कि रामपुर की पहचान अलग तरह से होती है लेकिन रामपुर में मां ललिता शक्तिपीठ की स्थापना करने से रामपुर की पहचान पूरे देश के साथ-साथ पूरे विश्व में अलग तरह से होगी पूरे नवरात्रों में शक्ति पीठ पर मां जगत जननी का गुणगान होगा और और वहां पहुंचने वाले अनुयायियों का विशेष रूप से शक्तिपीठ में ध्यान रखा जाएगा और समय-समय पर शक्तिपीठ के माध्यम से रामपुर उत्तर प्रदेश व भारत में जगह-जगह पर महत्वपूर्ण आयोजन भी किए जाएंगे शक्तिपीठ में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली श्रीमति ममता सोनी, कमल चावला,आरती कटारिया,अनीता शुक्ला,नेहा रस्तोगी, रश्मि शर्मा, गीता, मधुआदि मुख्य रूप से शक्तिपीठ में मौजूद रहे।

## आज मनाई जाएगी ईद-उल-फितर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** ईदगाह में ईद की नमाज सुबह 8 बजे शाहबाद। नगर की ईदगाह में ईद की नमाज सुबह 8 बजे अदा की जाएगी। वहीं नगर की बिलाल और हजीरे वाली मस्जिद में ईद की नमाज सुबह साढ़े सात बजे पढ़ाई जाएगी। नमाज को लेकर ईदगाह कमेटी की ओर से सभी तैयारियां मुकम्मल की जा रही है। वहीं नगर पंचायत ईदगाह तक जाने वाले रास्तों की साफ सफाई की जा रही है। उधर कोतवाल पंकज पंत ने भी देर शाम में ईदगाह पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। इसी क्रम में आज ईद उल फितर का त्यौहार खुशियों के साथ मनाया जाएगा। सैफनी नगर के शाही इमाम कारी अतिकुरहमान साहब ने बताया कि आज ईद उल फितर की नमाज सुबह 8 बजे होगी। नमाज से पहला अपना फितरा जकात सब मुकमबल कर दे। और अपने आस पास में सिवइयां और तोफे भेज दे गरीबों और मजलूमों का ध्यान रखें आप अपने घर ईद की खुशियों मना रहे हे और आपका पड़ोसी गरीब है तो सबसे पहले उसका ख्याल रखे यही इस्लाम सिखाता है लोगो से प्यार मोहब्बत से पेश आए।

# सैफनी पुलिस ने 8 अभियुक्तों गिरफ्तार कर शांति भंग में किया चालान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण में एंव थानाध्यक्ष के नेतृत्व में रविवार को थाना सैफनी पुलिस द्वारा अलग अलग मामलो लड़ाई झगडे कर रहे 08 अभियुक्तगण चंद्रपाल पुत्र भन्नू सिंह(50) वर्ष निवासी ग्राम रूपपुर थाना सैफनी जनपद रामपुर, मनोज पुत्र चंद्रपाल(20) वर्ष निवासी रूपपुर थाना सैफनी जनपद रामपुर, राजेंद्र पुत्र भन्नू सिंह(50)वर्ष निवासी रूपपुर , कमलबीर पुत्र राजेंद्र निवासी ग्राम रूपपुर थाना सैफनी जनपद रामपुर,साजिद पुत्र जाहिद निवासी चकफेरी थाना सैफनी जनपद रामपुर, मुजीब पुत्र शरीफ निवासी चकफेरी, थाना सैफनी जनपद रामपुर, संजू कुमार पुत्र जशवीर सिंह निवासी रायपुर का मंझरा थाना सैफनी जनपद रामपुर,महफूज पुत्र मकसूद निवासी ललवारा थाना सैफनी जनपद रामपुर को शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत के अन्तर्गत धारा 170/126/135 बी0एन0एस0एस0 में गिरफ्तार किया गया।

बाद विधिक कार्यवाही अभियुक्तगण को उपजिला मजिस्ट्रेट तहसील शाहबाद जनपद रामपुर पेशी के लिए भेजा गया।


आप सभी क्षेत्रवासियों को
Eid Mubarak
ईद उल फितर
के मुबारक मौके पर सम्मानित जनपदवासियों, किसानों, ग्रामीणों, शुभचिंतकों, ईष्टमित्रों को
पुरखुलूस मुबारकबाद
परवेज अली
पूर्व विधायक,
मो. 9837409663
महबूब अली
विधायक अमरोहा/पूर्व कैबिनेट मंत्री
चेयरमैन लोक लेखा समिति उ.प्र.
सौजन्य से :- जिला समाजवादी पार्टी, अमरोहा


ईद-उल-फितर की पुरखुलूस मुबारकबाद
जीवन 24 हॉस्पिटल
मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
15 किलोमीटर मुरादाबाद से पहले
चौधरपुर दिल्ली रोड, जिला अमरोहा
Dr.Vipin Raj Bharti
MBBS, MD (Heart Specialist)
Dr.Mujeebullah
MBBS,DCH, (Gold Medalist) N.I.C.U., P.I.C.U. Expert, PGI Lucknow (New Born & Child Specialist)
Dr.Vikas Kumar
MBBS, MS, Orthopaedics
Dr. V. K. Agarwal
MBBS, MS Laparoscopic Surgeon
Dr. Mohammad Atif Khan
MS. DNB, MMAMS,FMAS FRCS (Edin), FRCS (Glasg), FRCS (ENG.), FACS (USA) Associate Director GL, General Laproscopic Surgery
Dr.Amit
MBBS. MS., MCH Urologist
Dr.Sachin Dev singh
MBBS. MDS (Oral & Maxillofacial Surgery)
Dr.A.Singh
MBBS. MS, MCH (Neurosurgeon)
ट्रॉमा सेन्टर
योग्य एवं अनुभवी डॉक्टरों की टीम के साथ आपकी सेवा
सुविधाएँ
24 घंटे इमरजेंसी सेवा
आइसोलेशन
एक्सीडेन्टल एवं ट्रामा सेंटर
आई.सी.यू.
एन.आई.सी.यू.
वेन्टिलेटर
नार्मल एवं आपरेशन द्वारा डिलीवरी
अल्ट्रासाउण्ड
दूरबीन द्वारा ऑपरेशन
24 घंटे डायलिसिस की सुविधा
डाइलिसिस
जनरल वार्ड
ए.बी.जी. टेस्ट
सभी प्रकार की सर्जरी
हार्ट की जांच
सी.टी. स्केन
डिजिटल एक्स-रे
24 घंटे एम्बुलेंस की सुविधा
LUNG CANCER
स्त्री रोग विभाग
न्यूरो सर्जरी विभाग
Happy Diwali
Dr.Shahzama Parveen
Managing Director
Dr.Rais Ahmad
Managing Director
9568652786,9520087500, 05912966786


हुमैरा अख्तर
चेयरमैन
कमाल अख्तर
विधायक
विजयपाल सिंह
अधिशासी अधिकारी
ईद-उल-फितर
की सभी क्षेत्रवासियों को
पुरखुलूस मुबारकबाद
सम्मानित नागरिकों से अपील
करों की अदायगी समय से करें, पानी की टोटियों को खुली न छोड़ें, सड़कों पर अतिक्रमण न करें, बिना मानचित्र स्वीकृत कराये भवनों का निर्माण न करें।
जन्म-मृत्यु का पंजीकरण २१ दिन के भीतर अवश्य करायें।
पॅलीथीन की थैलियों एवं प्लास्टिक की पन्नियों का उपयोग न करें।
डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन वाहन को कूड़ा देकर सफाई कर्मियों का सहयोग करें।
नगर पंचायत उझारी, जनपद अमरोहा


आप सभी क्षेत्रवासियों को
ललित तंवर
जिला पंचायत अध्यक्ष अमरोहा
कंवर सिंह तंवर
सांसद, अमरोहा
ईद-उल-फितर की
दिली मुबारकबाद
सितारुल जहां
पत्नी हाजी अब्दुल सतार
जिला पंचायत सदस्य वार्ड-23
हाजी अब्दुल सतार
वरिष्ठ समाज सेवी
जिला पंचायत सदस्य पति
डॉ. सईद अनवर
सौजन्य से:- सितारा ईट उद्योग, मीरपुर, थाना डिडौली, जिला अमरोहा

# सम्पादकीय

**सोमवार, 31 मार्च 2025**

## जीएसटी व्यवस्था पर सवाल

लगातार जारी किए जा रहे आंकड़े गवाह हैं कि अप्रत्यक्ष कर राजस्व में लगभग दो फीसदी की गिरावट वास्तव में चिंता का विषय हो सकती है। संसद की लोक लेखा समिति (पीएसी) की 19वीं रिपोर्ट में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) व्यवस्था की तीखी आलोचना की गई है। इस कर व्यवस्था को देश में अप्रत्यक्ष कर अनुपालन को सरल, एकीकृत और बेहतर बनाने के मकसद से जुलाई 2017 में लागू किया गया था। सबसे पहले, पीएसी ने वित्तीय वर्ष 2018 और वित्तीय वर्ष 2020 के बीच कोविड-19 महामारी से पहले जीएसटी के शुरुआती दो सालों के दौरान अप्रत्यक्ष कर राजस्व में लगभग दो फीसदी की गिरावट पर प्रकाश डाला। चिह्नित की गई अनेक विसंगतियों में से, राज्यों की क्षतिपूर्ति निधि का छह सालों से ज्यादा समय तक लेखा-परीक्षण न किया जाना तथा उसे अंतिम रूप न दिया जाना विशेष रूप से चिंताजनक है। इससे इस एकीकृत, लेकिन संघीय कर ढांचे की कार्यप्रणाली पर दबाव पड़ा है। पीएसी ने नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) के सामने क्षतिपूर्ति निधि खाता पेश करने में केंद्र की विफलता पर ध्यान दिया है, जोकि जीएसटी लागू होने के बाद से राज्यों को राजस्व घाटे के लिए समय पर क्षतिपूर्ति जारी करने और प्रमाणित करने के लिए एक आवश्यक कदम था। जीएसटी व्यवस्था की केंद्रीकरण की प्रवृत्तियां लंबे अरसे से प्रमुख राजस्व-उत्पादक राज्यों के लिए विवाद का विषय रही हैं, जिनमें से कई राज्यों ने घटती राजकोषीय स्वायत्तता और अप्रत्यक्ष कर संग्रह में तीव्र गिरावट पर चिंता जताई है। गंतव्य-आधारित कर के रूप में, जीएसटी उपभोग के बिंदु पर लगाया जाता है, जिससे मैन्यूफैक्चरिंग-प्रधान राज्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इन्हीं चिंताओं को दूर करने के लिए, जीएसटी (राज्यों को क्षतिपूर्ति) अधिनियम, 2017 ने एक क्षतिपूर्ति कोष को अनिवार्य किया था और राज्यों को वित्त वर्ष 2016 को आधार वर्ष मानकर पांच सालों (2017-22) के लिए 14 फीसदी सालाना राजस्व वृद्धि का वादा किया था। हालांकि, कई राज्यों ने या तो धनराशि प्राप्त नहीं होने या फिर गंभीर देरी की शिकायत की है, जिसके चलते उनका कहना है कि शासन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। पीएसी ने इसके किए केंद्र के उदासीन रवैये को जिम्मेदार ठहराया है। एक उल्लेखनीय उदाहरण के रूप में, पीएसी ने 10667 मामलों के नमूने में से 2447 विसंगतियों-जिनकी राशि 32577.73 करोड़ रुपये है, का हवाला दिया है और वित्त मंत्रालय के लेखापरीक्षा संबंधी नजरिए की आलोचना करते हुए इसे बेपरवाह बताया है। पीएसी ने लंबित मामलों के संबंध में समय पर लेखापरीक्षा और अद्यतन जानकारी सुनिश्चित करने के लिए सीएजी के साथ एक औपचारिक तंत्र स्थापित करने की सिफारिश की है। इसने जीएसटी 2.0 विकसित करने के लिए एक व्यापक समीक्षा की भी बात कही है, यह एक ऐसी सिफारिश है जो राज्यों द्वारा जीएसटी राजस्व में ज्यादा हिस्सेदारी, जो वर्तमान 50 फीसदी से बढाकर 70 फीसदी-80 फीसदी के करीब करने, की मांग को प्रतिध्वनित करेगी।

## ऑफशोर माइनिंग की परमिशन अनुचित फैसला



ऑफशोर एरियाज मिनरल (विकास और विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2023 का शुरू से ही विरोध हो रहा था, क्योंकि इसमें पर्यावरण और सामाजिक-आर्थिक दुष्प्रभावों की अनदेखी की गई है, सरकार ने बिना प्रापर स्टडी और हितधारकों से परामर्श के ही निजी कंपनियों को ऑफशोर खनन की परमिशन दे दी, इसलिए सरकार इसका टेंडर कैंसिल करे, कई रिसर्च ऑफ शोर माइनिंग के प्रतिकूल प्रभावों की ओर इशारा करते हैं, इनमें समुद्री जीवन के लिए खतरा, प्रवाल भित्तियों को नुकसान और मछली स्टाक की कमी शामिल है, जब खान मंत्रालय ने 13 अपतटीय ब्लॉकों के लिए लाइसेंस देने के लिए निविदाएं आमंत्रित कीं, तो इस मनमाने कदम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुए थे, 13 ब्लॉकों में से तीन ब्लॉक कोल्लम के तट पर रेत की माइनिंग और कंस्ट्रक्शन के लिए हैं। ये फिश ब्रीडिंग का महत्वपूर्ण स्थान है।

**राहुल गांधी**
**नेता विपक्ष, लोकसभा**

# ईद लाती है खुशियों की बौछार...



सुहैल मलिक



ईद जिसे हम मीठी ईद भी कहते है। ईद उल फितर इस्लामी कैलेंडर के अनुसार रमजान के महीने के अंत में मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण त्योहार है। यह पर्व मुसलमानों के लिए रमजान के महीने के दौरान रखे गए रोजे की समाप्ति का प्रतीक है, और यह खुशी, उल्लास और एकता का प्रतीक है। रमजान खत्म होने के बाद चांद नजर आने के अगले दिन ईद का त्योहार मनाया जाता है। ईद-उल-फितर दुनिया भर के मुसलमानों द्वारा मनाया जाता है, लेकिन इसे मनाने का तरीका हर जगह अलग-अलग है। इस दौरान दुनियाभर में ईद के जश्न की कुछ ऐसी झलक दिखाई देती हैं। इसके साथ ही ईद का त्योहार आपसी सौहार्द और और एकता का त्योहार है। जिसे सभी मुस्लिम प्यार से और मिल-जुलकर मनाते है। इस दिन पर परिवार के साथ पारम्परिक व्यंजन जैसे खजूर और मीठी सेवयां और तरह-तरह के पकवानों का लुत्फ उठाया जाता है। साथ ही घर के छोटे सदस्यों को उपहार या कुछ पैसे दिए जाते हैं, जिसे ईदी कहा जाता है। वहीं ईद के मौके पर मस्जिदों में नमाज अदा करना, गरीबों को जकात और फितरा देना भी जरूरी माना जाता है।



### ईद-उल-फितर क्यों मनाई जाती है...

ईद उल फितर का त्योहार पैगंबर मोहम्मद के समय से जुड़ा हुआ है। जब पैगंबर मोहम्मद ने मक्का से मदीना की यात्रा की, तो उन्होंने अपने अनुयायियों को रमजान के महीने में रोजा रखने को कहा था। रमजान के महीने के दौरान, मुसलमानों ने अपने दिनभर के कामों को छोड़कर रोजा रखा और रात में तरावीह की नमाज अदा की।

### पहली बार कब मनाई थी मीठी ईद...

इस्लामिक मान्यताओं के मुताबिक, पाक किताब कुरान पहली बार रमजान के महीने के दौरान पैगंबर मुहम्मद साहब के के ऊपर नाजिल हुई थी। उन्होंने मक्का छोड़ने के बाद मदीना में ईद-उल-फितर मनाने की शुरुआत की थी। सबसे पहले ईद-उल-फितर का जश्न 624 ई. में मनाया गया था, जो इस्लामी इतिहास में पहले रमजान के अंत का प्रतीक थी। रमजान के महीने के अंत में, पैगंबर मोहम्मद ने अपने अनुयायियों को ईद उल फितर के अवसर पर एकत्र होने का आदेश दिया। इस दिन, मुसलमानों ने अपने रोजे की समाप्ति का जश्न मनाया और एक दूसरे को मुबारकबाद दी।

### ईद-उल-फितर का महत्व...

ईद उल फितर एक महत्वपूर्ण त्योहार है। ईद उल फितर के दिन, मुसलमानों को अपने परिवार और दोस्तों के साथ मिलकर खुशियों का जश्न मनाना चाहिए। यह पर्व मुसलमानों को एकता और सौहार्द के महत्व को सिखाता है, और यह उन्हें अपने समुदाय के साथ मिलकर काम करने का अवसर प्रदान करता है।

### ईद-उल-फितर की तैयारी...

ईद उल फितर की तैयारी ईद-उल-फितर से लोग पहले अपने घरों को सजाते है। नए कपड़े बनाते है, और अपने परिवार और दोस्तों के साथ मिलकर ईद उल फितर तैयारी करते है। ईद की रात सभी अपने घर में रातभर जागकर अपने घर में ईद के लिए अनेक मिठाईयां तैयारियां करते है। इद-उल-फितर से पहले परिवार के साथ पारम्परिक व्यंजन जैसे खजूर और मीठी सेवई और तरह-तरह के पकवानों की तैयारी की जाती है।

### अल्लाह का शुक्र अदा करना...

यह त्योहार रमजान के दौरान अल्लाह की इबादत और रोजे के लिए शुक्र अदा करने का अवसर है।

### सामुदायिक एकता...

ईद-उल-फितर सामुदायिक एकता, जकात और विनम्र व्यवहार को बढ़ावा देता है और हिंदू-मुस्लिम भाईचारे का भी पैगाम देता है।

### जकात-उल-फितर...

इस दिन गरीबों और जरूरतमंदों को जकात और फितरा देना एक महत्वपूर्ण कार्य माना जाता है।

### खुशी और जश्न...

ईद-उल-फितर खुशी, जश्न और मिलन-जुलन का त्योहार है, जिसमें लोग एक-दूसरे को बधाई देते हैं, नए कपड़े पहनते हैं और स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेते हैं।

### ईद-उल-फितर कैसे मनाई जाती है

**नमाज़ः**
ईद-उल-फितर की नमाज़ सुबह जल्दी उठकर अदा की जाती है।

**जकातः**
ईद की नमाज़ अदा करने से पहले गरीबों और जरूरतमंदों को जकात-उल-फितर दिया जाता है।

**नए कपड़ेः**
लोग नए कपड़े पहनते हैं और एक-दूसरे को बधाई देते हैं।

**मिलन-जुलनः**
परिवार और दोस्त एक-दूसरे के घरों में जाते हैं और स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेते हैं।

**उपहारः**
लोग एक-दूसरे को उपहार देते हैं।

### रिश्तेदारों की कब्रों पर जाना...

कुछ लोग ईद के दिन रिश्तेदारों की कब्रों पर जाते हैं और उनके लिए मगफिरत की दुआ करते है।

### ईद पर क्या-क्या होता है...

ईद की शुरुआत खास ईद की नमाज से होती है, जो सुबह मस्जिदों और ईदगाहों में पढ़ी जाती है। इसके बाद लोग अल्लाह से दुआ करते हैं।

### मिठाइयों का आदान-प्रदान...

ईद-उल-फितर के दिन लोग एक दूसरे के घर जाकर सैवयां और मिठाईयां खाते है और एक-दूसरे के घर देते है। इसके अलावा आपस में गले लगकर ईद-उल-फितर की बधाई देते है।

# शादी के बाद करियर: उड़ान या उलझन

**भारत में सिर्फ 20 प्रतिशत महिलाएं कार्यबल में बनी रहती हैं, जबकि स्नातक स्तर पर उनकी भागीदारी पुरुषों के बराबर होती है, शादी के बाद लगभग 47 प्रतिशत भारतीय महिलाएं अपना करियर छोड़ देती है, शादीशुदा महिलाओं की कमाई 15-20 प्रतिशत तक कम हो जाती है, 85 प्रतिशत भारतीय महिलाओं का मानना कि शादी और बच्चों के कारण उन्हें करियर में बाधाएं झेलनी पड़ती है**



प्रियंका सौरभ

परिवारों को यह समझना होगा कि शादी का मतलब महिलाओं के करियर का अंत नहीं होता। पुरुषों को घर और बच्चों की जिम्मेदारी में बराबर भागीदारी निभानी चाहिए। कंपनियों को महिलाओं के लिए अधिक फ्लेक्सिबल जॉब ऑप्शंस देने चाहिए। करियर और शादी को विरोधी ध्रुवों की तरह देखने की बजाय उन्हें साथ ले चलने की जरूरत है। पुरुषों को भी घर और बच्चों की जिम्मेदारी में बराबर भागीदार बनना चाहिए। कंपनियों को फ्लेक्सिबल वर्किंग ऑप्शंस देने चाहिए, ताकि महिलाएं आसानी से दोनों भूमिकाएं निभा सकें।

सोचिए, एक लड़की ने अपने करियर के लिए दिन-रात मेहनत की, डिग्रियां लीं, अनुभव जुटाया और फिर शादी हुई! और शादी के बाद? अक्सर वही होता है, जो पीढ़ियों से होता आया है। करियर या तो ठहर जाता है या धीरे-धीरे गुमनाम हो जाता है। हमारे समाज में शादी को महिलाओं के जीवन का 'मील का पत्थर' माना जाता है। लेकिन सवाल यह है कि यह मील का पत्थर करियर की सड़क को आगे बढ़ाने का काम करता है या उस पर एक बड़ा ब्रेक लगा देता है।

### करियर या शादी: क्या वाकई कोई चुनाव होना चाहिए

हमारे समाज में शादी को महिलाओं के जीवन का 'टर्निंग पॉइंट' माना जाता है। लेकिन सवाल यह है कि यह टर्निंग पॉइंट आगे बढ़ाने के लिए होता है या पीछे धकेलने के लिए? कई बार परिवार, समाज और खुद महिलाओं की भी यह सोच बन जाती है कि शादी के बाद करियर प्राथमिकता नहीं रह जाता। कई बार महिलाओं को यह सोचने पर मजबूर कर दिया जाता है कि करियर और शादी साथ नहीं चल सकते। परिवार, समाज और कभी-कभी खुद महिलाएं भी मान लेती हैं कि शादी के बाद करियर कम प्राथमिकता वाला हो जाता है। क्या यह सही है? या यह सिर्फ एक सामाजिक धारणा है जिसे बदलने की जरूरत है।

### अब तुम्हें घर संभालना है

कितनी बार हमने सुना है कि शादी के बाद महिलाएं करियर छोड़कर 'घर संभालने' में लग जाती हैं। अगर शादी से पहले वे एक शानदार कॉर्पोरेट जॉब में थीं, तो शादी के बाद यह सवाल उठता है। 'अब ऑफिस और घर दोनों कैसे मैनेज करोगी' और इसका हल अक्सर यही निकलता है कि करियर छोड़ दो! शादी के बाद परिवार और समाज अक्सर महिलाओं से यह अपेक्षा करता है कि वे करियर की बजाय घरेलू जिम्मेदारियों को प्राथमिकता दें। यह सोच क्यों है। क्या पुरुषों से भी यही अपेक्षा की जाती है। महिलाओं के सपने और करियर किसी 'सेल' में रखे सामान की तरह डिस्काउंट पर चले जाते हैं कि तुम्हारा पैशन बाद में, पहले परिवार, पति की जॉब ज्यादा जरूरी है, तुम्हारी तो बस टाइमपास थी।

### मॉमी ट्रैक: करियर का ब्रेक या परमानेंट स्टॉप

मातृत्व आते ही महिलाओं के करियर को 'मॉमी ट्रैक' पर डाल दिया जाता है। यानी, प्रोमोशन की रेस से बाहर, साइड रोल में डाल दिया जाता है। वर्कप्लेस पर भी उन्हें कम महत्व दिया जाता है, क्योंकि माना जाता है कि अब वे 'फुल टाइम करियर' के लिए उतनी प्रतिबद्ध नहीं रहेंगी। मातृत्व के बाद कई महिलाओं को नौकरी छोड़ने के लिए मजबूर किया जाता है, जबकि पुरुषों के करियर पर इसका असर नहीं पड़ता। क्या यह लैंगिक असमानता का एक रूप नहीं है? क्या कंपनियां अधिक लचीली नीतियां अपनाकर महिलाओं को सपोर्ट कर सकती हैं?

### क्या शादी के बाद पुरुषों से पूछा जाता है कि 'अब करियर का क्या करोगे?'

नहीं ना यही सवाल अगर महिलाओं से पूछा जाता है, तो यह खुद ही बता देता है कि समस्या कहां है। शादी और करियर को एक साथ संतुलित करने वाली महिलाओं के उदाहरण भी मौजूद हैं। क्या यह संभव नहीं कि शादी करियर के लिए नया सहयोग और समर्थन लेकर आए। कई कपल्स मिलकर एक-दूसरे के करियर को आगे बढ़ाने का काम करते हैं। क्या यह एक नए नजरिए की जरूरत नहीं है।

### ग्रामीण महिलाओं का करियर: चुनौतियां और अवसर

ग्रामीण भारत में शादी के बाद महिलाओं के करियर की स्थिति और भी चुनौतीपूर्ण हो जाती है। पारंपरिक सोच, शिक्षा की कमी और अवसरों की अनुपलब्धता के कारण कई महिलाएं शादी के बाद आर्थिक रूप से स्वतंत्र नहीं रह पातीं। हालांकि, सेल्फ हेल्प ग्रुप (एसएचजी), ग्रामीण उद्यमिता और सरकारी योजनाओं के माध्यम से अब बदलाव आ रहा है। उदाहरण के लिए: सखी मंडल और स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाएं छोटे व्यवसाय चला रही हैं। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना से कई महिलाओं ने अपने स्वयं के व्यवसाय शुरू किए। डिजिटल इंडिया पहल के कारण अब महिलाएं ऑनलाइन बिजनेस कर रही हैं। डेयरी, सिलाई, कढ़ाई, बागवानी और कृषि आधारित व्यवसायों में महिलाएं आगे बढ़ रही हैं।

### महिलाओं के करियर पर शादी का प्रभाव

रिपोर्ट के अनुसार, भारत में सिर्फ 20 प्रतिशत महिलाएं कार्यबल में बनी रहती हैं, जबकि स्नातक स्तर पर उनकी भागीदारी पुरुषों के बराबर होती है। शादी के बाद लगभग 47 प्रतिशत भारतीय महिलाएं अपना करियर छोड़ देती हैं। शादीशुदा महिलाओं की कमाई 15-20 प्रतिशत तक कम हो जाती है। 85 प्रतिशत भारतीय महिलाओं का मानना है कि शादी और बच्चों के कारण उन्हें करियर में बाधाएं झेलनी पड़ती हैं। भारत में 30 वर्ष से ऊपर की महिलाओं की कार्यबल भागीदारी सिर्फ 18 प्रतिशत रह जाती है, जबकि पुरुषों के लिए यह संख्या 78 प्रतिशत है।

### प्रेरणादायक केस स्टडीज




इंद्रा नूयी शादीशुदा होने के बावजूद अपने करियर को बनाए रखने में सफल रहीं। उन्होंने अपनी किताब '**My Life in Full**' में बताया है कि कैसे उन्होंने अपने परिवार और करियर को संतुलित किया, और कैसे कंपनियों को महिलाओं के लिए सहायक कार्यस्थल बनाने की ज़रूरत है। किरन मजूमदार शॉ (**Biocon** की संस्थापक) ने शादी और समाज की अपेक्षाओं के बावजूद उन्होंने अपनी बायोटेक कंपनी खड़ी की। उनके अनुसार, परिवार से समर्थन मिलने पर शादी के बाद भी महिलाएं सफलतापूर्वक अपने करियर को आगे बढ़ा सकती हैं। टेनिस स्टार सेरेना विलियम्स ने मातृत्व के बाद भी खेल में वापसी की और कई खिताब जीते। उन्होंने इस मिथक को तोड़ा कि मां बनने के बाद करियर को छोड़ना ही एकमात्र विकल्प है।

### तो क्या हल है?

परिवारों को यह समझना होगा कि शादी का मतलब महिलाओं के करियर का अंत नहीं होता। पुरुषों को घर और बच्चों की जिम्मेदारी में बराबर भागीदारी निभानी चाहिए। कंपनियों को महिलाओं के लिए अधिक फ्लेक्सिबल जॉब ऑप्शंस देने चाहिए। करियर और शादी को विरोधी ध्रुवों की तरह देखने की बजाय उन्हें साथ ले चलने की जरूरत है। पुरुषों को भी घर और बच्चों की जिम्मेदारी में बराबर भागीदार बनना चाहिए। कंपनियों को फ्लेक्सिबल वर्किंग ऑप्शंस देने चाहिए, ताकि महिलाएं आसानी से दोनों भूमिकाएं निभा सकें।

# चंद्रमा की उम्र लगभग पृथ्वी के बराबर है!

**2019 में वैज्ञानिकों को चंद्रमा की चट्टानों में टंगस्टन के हल्के आइसोटोप मिले, उस अध्ययन के मुखिया मैक्सवेल थीमेन्स ने अनुमान लगाया कि ये आइसोटोप तत्व हाफ्नियम के अब विलुप्त हो चुके आइसोटोप से बने होंगे, और हाफ्नियम का यह आइसोटोप और मंडल के शुरू के 6 करोड़ वर्षों में ही उपस्थित था, इस खोज ने बारबोनी के निष्कर्षों को मजबूती दी**

हाल में प्रस्तुत एक अध्ययन का निष्कर्ष है कि पृथ्वी के अस्तित्व में आने के थोड़े समय बाद से ही चंद्रमा उसका साथी रहा है। यह नया शोध बताता है कि चंद्रमा का जन्म सौर मंडल बनने के महज 6.5 करोड़ साल बाद ही हो गया था। यानी चंद्रमा की उम्र करीब 4.5 अरब साल है, जो पहले के अनुमानों से अधिक है।

ल्यूनर एंड प्लैनेटरी साइंस कॉफ्रेंस (**LPSC**) में प्रस्तुत इस शोध में बताया गया है कि चंद्रमा का निर्माण पृथ्वी के बनने के तुरंत बाद हुआ था, जब मंगल ग्रह के साइज़ जितना एक प्रोटो-प्लैनेट 'थीया' पृथ्वी से टकराया था। गौरतलब है कि सौर मंडल का निर्माण लगभग 4.56 अरब वर्ष पहले शुरू हुआ, और इसके 2-3 करोड़ साल बाद पृथ्वी आकार लेने लगी। उस समय अंतरिक्ष में भारी हलचल थी और बड़े-बड़े खगोलीय पिंडों की टक्कर एक आम बात थी। इन्हीं में से एक टक्कर युवा पृथ्वी से थीया नामक पिंड के टकराने की थी। यह टक्कर इतनी भीषण थी कि पृथ्वी से भारी मात्र में पिघली हुई चट्टान और मलबा अंतरिक्ष में उछला, जो बाद में संघनित होकर चंद्रमा बना। यह घटना पृथ्वी के विकास में भी महत्वपूर्ण रही। इस टक्कर से पृथ्वी की सतह पिघलकर खौलते मैग्मा के महासागर में बदल गई और इसने पृथ्वी के घूर्णन और झुकाव को स्थिर करने में मदद की। इसलिए चंद्रमा के निर्माण का सटीक समय जानकर वैज्ञानिक यह समझ सकते हैं कि पृथ्वी अपने वर्तमान रूप में कब आई।

### चंद्रमा की उम्र कैसे तय की?

कई वर्षों से वैज्ञानिक अपोलो मिशनों द्वारा लाई गई चंद्रमा की चट्टानों का अध्ययन करते आ रहे हैं। पूर्व में, जब वैज्ञानिकों ने चट्टानों का अध्ययन किया था तो पता चला था कि चंद्रमा की सतह से प्राप्त चट्टानें लगभग 4.35 अरब साल पुरानी थीं और ये चट्टानें चांद के अपने मैग्मा से बनी थीं। तो माना गया कि चांद की उम्र लगभग उतनी ही है। लेकिन इतना युवा चंद्रमा बाकी प्रमाणों से मेल नहीं खाता।

इस पहेली को सुलझाने में बड़ी सफलता तब मिली जब वैज्ञानिकों ने चंद्रमा से मिले ज़िरकॉन क्रिस्टलों का अध्ययन किया। इन क्रिस्टल के रेडियोधर्मी तत्वों के विघटन से उनकी सही उम्र का पता लगाया जा सकता है। 2017 में, भू-रसायन वैज्ञानिक मेलानी बारबोनी ने आठ ज़िरकॉन रवों का विश्लेषण करके यह देखा कि इनमें मौजूद युरेनियम के विघटन से कितना लेड बन चुका है। इस मापन के आधार पर बारबोनी ने निष्कर्ष निकाला कि चंद्रमा 4.51 अरब साल पुराना है।

2019 में, वैज्ञानिकों को चंद्रमा की चट्टानों में टंगस्टन के हल्के आइसोटोप मिले। उस अध्ययन के मुखिया मैक्सवेल थीमेन्स ने अनुमान लगाया कि ये आइसोटोप तत्व हाफ्नियम के अब विलुप्त हो चुके आइसोटोप से बने होंगे। और हाफ्नियम का यह आइसोटोप सौर मंडल के शुरू के 6 करोड़ वर्षों में ही उपस्थित था। इस खोज ने बारबोनी के निष्कर्षों को मज़बूती दी। यानी चंद्रमा उन वर्षों में बना होगा। अब, वैज्ञानिकों ने रुबिडियम के स्ट्रॉन्शियम में विघटन को मापने की एक नई विधि से इस निष्कर्ष की पुष्टि की है। मैक्स प्लैंक इंस्टीटयूट के थॉर्स्टन क्लाइन और उनकी टीम ने गणना की कि चंद्रमा लगभग 4.5 अरब साल पहले बना था। ये नतीजे पिछले शोधों को पुख्ता करते हैं और चंद्रमा के जन्म की एक सुसंगत समयरेखा देते हैं। चंद्रमा बनने के बाद भी यह कोई शांत खगोलीय पिंड नहीं था। आरंभ में इसकी पूरी सतह पिघले हुए लावा के महासागर से ढंकी थी, जो धीरे-धीरे ठंडी होकर ठोस बन गई। लेकिन शोध बताते हैं कि पृथ्वी और सूर्य के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव ने इसकी सतह को दोबारा गर्म कर दिया, ठीक वैसे ही जैसे बृहस्पति के असर से उसके चंद्रमा 'आयो' पर भीषण ज्वालामुखीय गतिविधि देखी जाती है। एक अन्य सिद्धांत के अनुसार, चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर किसी विशाल उल्कापिंड की टक्कर ने इसकी सतह को नया रूप दिया होगा। इनमें से किसी एक वजह से चंद्रमा की उम्र का सही अनुमान लगाना जटिल हो गया। अपोलो द्वारा लाए गए नमूनों को इस नए दृष्टिकोण से देखने की ज़रूरत है। हो सकता है कि वे पिघलकर वापिस ठोस बन गए चंद्रमा के होंगे, मूल रूप में निर्मित चंद्रमा के नहीं। चीन का चांग ई-6 मिशन, जो चंद्रमा की दूरस्थ सतह से लगभग 2 किला. ग्राम चट्टानें लेकर लौटा है, इस रहस्य पर और प्रकाश डाल सकता है।



स्रोत फीसर्च

# थकान और कमजोरी का कारण आपकी डाइट तो नहीं? पहचानें ये संकेत

क्या आपको पूरी रात की नींद के बाद भी थकान महसूस होती है या फिर दिनभर एनर्जेटिक बने रहने के लिए बार-बार कॉफी पीने का मन करता है? अगर यह सच है तो इसका कारण आपकी डाइट हो सकती है। जो भी हम खाते हैं, उसका सीधा असर हमारी एनर्जी पर पड़ता है। अगर आपके खाने में ज़रूरी पोषक तत्व कम हैं या आप ज्यादा तला-भुना और अस्वस्थ खाना खाते हैं, तो आप खुद ही अपनी एनर्जी को कम कर रहे हैं। अमूमन यह देखने में आता है कि कुछ लोग अपनी डाइट पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं देते हैं और कुछ भी उल्टा-सीधा खा लेते हैं। लेकिन अगर आपकी डाइट सही नहीं है, तो आपको दिनभर थकान, अचानक भूख लगना, फोकस करने में परेशानी, यहां तक कि सोने में दिक्कत भी हो सकती है। कई बार हमें पता नहीं चलता, लेकिन असली समस्या हमारी खाने की प्लेट में भी हो सकती है। हालांकि, शरीर खुद इस बात का संकेत देता है।

### बार-बार एनर्जी क्रैश होना

अगर आप भोजन के बाद एनर्जेटिक महसूस करते हैं, लेकिन कुछ ही घंटों के बाद ही थक जाते हैं, तो यह बहुत अधिक रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट और शुगर का सेवन करने के कारण हो सकता है।



### बार-बार मीठा या जंक फूड खाने की क्रेविंग होना

क्या आपको अक्सर मीठा और प्रोसेस्ड फूड खाने की इच्छा होती है? इसका मतलब है कि आपके आहार में आवश्यक पोषक तत्वों की कमी है। जब आपके शरीर को पर्याप्त प्रोटीन, स्वस्थ वसा या फाइबर नहीं मिल रहा होता है, तो वह शुगर जैसे क्विक एनर्जी सोर्स की इच्छा करता है।

### खाने में पेट में भारीपन महसूस होना

अगर आपका पाचन तंत्र धीमा है, तो यह आपकी एनर्जी को कम कर सकता है। अगर भोजन के बाद आपको पेट भारी या फूला हुआ लगता है, तो इसकी वजह ज्यादा प्रोसेस्ड फूड, अनहेल्दी फैट जैसे तला-भुना खाना या फाइबर की कमी हो सकती है। इसलिए, अपनी डाइट को बैलेंस करें। दही, अचार और अन्य फर्मेंटेड फूड जैसे प्रोबायोटिक्स खाएं, ज्यादा फाइबर वाले फल और सब्जियां शामिल करें।

# सभी देशवासियों को ईद-उल-फितर की दिली मुबारकबाद


अखिलेश यादव
राष्ट्रीय अध्यक्ष सपा
महबूब अली
विधायक/पूर्व मंत्री
परवेज अली
पूर्व एमएलसी
ईद-उल-फितर
के मुबारक मौके पर सपा कार्यकर्ताओं, दोस्तों, छात्रों, शिक्षकों को पुरखुलूस मुबारकबाद देते अल्लाह से सबकी तरक्की के लिए दुआ करता हूं
नासिर सिद्दीकी
वरिष्ठ सपा नेता
सौजन्य से
फूलतारा बीड़ी, खारी कुआं अमरोहा

ईद-उल-फितर
की
पुरखुलूस मुबारकबाद
AbroadClass
Abroad Education Services
Founder
Mohammad Imran
Rizwan Pasha
Chairman
District Cricket Association
Amroha
UGF 56, Parsvnath Plaza - 1, Delhi Road, Moradabad, UP - 244001
Kalyanpura Road, Avas Vikas - 2, Amroha, UP - 244221
www.abroadclass.in

ईद-उल-फितर के अवसर पर
पर शिक्षकों, छात्र-छात्राओं
को हार्दिक बधाई
देते उनके उज्ज्वल
भविष्य की कामना करते हैं।
अदील अहमद
प्रबंधक
अदील अहमद
प्रबंधक
मॉर्डन पब्लिक स्कूल, अहमदनगर अमरोहा

ईद-उल-फितर
के मौके पर रूई कारखानेदारों, व्यापारियों, मजदूरों व दोस्तों को दिली मुबारकबाद देते अल्लाह से सबकी तरक्की के लिए दुआ करते हैं।
अहमद
डायमण्ड कॉटन वेस्ट ट्रेडर्स
कल्याणपुरा रोड अमरोहा

ईद-उल-फितर
की पुरखुलूस मुबारकबाद
फैज़ आलम राईनी
शहर अध्यक्ष, कांग्रेस, अमरोहा

डा० इब्राहीम
ग्राम प्रधान
मौहम्मद नईम
प्रधान पुत्र
ईद-उल-फितर के मौके पर
सभी क्षेत्रवासी एवं
ग्राम प्रधानों तथा दोस्तों को
पुरखुलूस मुबारकबाद
ग्राम पंचायत शेखुपुर माफी, ब्लाक जोया, जिला अमरोहा

परवेज अली
एम.एल.सी
जुल्फेकार अली
ब्लाक प्रमुख जोया
ईद-उल-फितर
के मुबारक मौके पर
सभी क्षेत्रवासियों
को
पुरखुलूस
मुबारकबाद
महबूब अली
सभापति, लोक लेखा समिति उ.प्र.
सदर विधायक अमरोहा/पूर्व मंत्री
मौहम्मद आसिम ठेकेदार
मैसर्स भारत इण्टरप्राइजेज टाइल्स फैक्ट्री टोल टैक्स जोया

मरहूम हाजी रियाजुल
अरहान
अयान
ईद-उल-फितर के मौके पर अहले शहरवासियों, को मुबारकबाद पेश करते अल्लाह से सबकी तरक्की के लिए दुआ करते हैं।
उच्च कोटि के फर्नीचर विक्रेता
स्पेशल फर्नीचर हाउस, मौहल्ला नल अमरोहा

साजिद हुसैन
9012859786
मौहम्मद आकिल
7248309161
आप सभी को ईद-उल-फितर
की पुरखुलूस मुबारकबाद
A.S. ज्वैलर्स
हमारे यहां सोने व चांदी के जेवर होल मार्का फैंसी डिजाइन में हर समय तैयार मिलते हैं।
पता- निकट H.D.F.C. बैंक के पास वाली गली, मैं दिल्ली रोड, जोया (अमरोहा)

ईद-उल-फितर
के मुबारक मौके पर अहले शहर वासियों, अधिवक्ताओं व मुस्लिम कमेटी के ओहदेदारानों को पुरखुलूस मुबारकबाद
मंसूर अहमद एडवोकेट
पूर्व अध्यक्ष तहसील बार अमरोहा

आप सभी को
ईद-उल-फितर
की दिली मुबारकबाद
मौ० कमर
सभासद पति
दरबारे कलां, अमरोहा
M.: 9897666300

असलम अंसारी
नदीम अंसारी
ईद-उल-फितर
के पुरखुलूस मौके पर बीड़ी मजदूरों, छात्र- छात्राओं व दोस्तों को हार्दिक बधाई देते उनकी तरक्की व खुशहाली के लिए दुआ करते हैं।
हाजी आले हसन अंसारी, असलम अंसारी
ऊषा बीड़ी कम्पनी एवं आले हसन पब्लिक स्कूल
व साहस डिग्री कालेज नौगावां सादात

ईद-उल-फितर के मुबारक मौके पर अहले जनपद वासियों, अधिकारियों कर्मचारियों को पुरखुलूस मुबारकबाद
महबूब हुसैन जैदी
महबूब बीड़ी कम्पनी नं. 447 मोहल्ला सराय कोहना अमरोहा

ईद-उल-फितर
के मुबारक मौके पर शहर वासियों, किसानों, छात्र-छात्राओं को हमारी जानिब से दिली मुबारकबाद
आसिम अख्तर
सरदार ऑयल ट्रेडर्स, राना फिलिंग स्टेशन,
राना इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, कैलसा रोड अमरोहा

स्व. हाजी मौहर्रम अली
शाह रजा शाही
ईद-उल-फितर
के मौके पर दोस्तों, बीड़ी मजदूरों, अहले जनपद वासियों को मुबारकबाद देते अल्लाह से सबकी तरक्की व खुशहाली के लिए दुआ करता हूं।
शाह रजा शाही
राधा बीड़ी कम्पनी, नौगांवा सादात

ईद-उल-फितर
के मौके पर बीड़ी पत्ता कारोबारियों एवं दोस्तों को पुरखुलूस मुबारकबाद देते अल्लाह से सबकी तरक्की के लिए दुआ करता हूं।
मौहम्मद फुरकान
शहनाई बीड़ी कम्पनी, मौहल्ला नल अमरोहा

ईद-उल-फितर
के मुबारक मौके पर
अहले शहरवासियों,
मुस्लिम कमेटी के
पदाधिकारियों व
दोस्तों, अज़ीज़ों को
पुरखुलूस मुबारक
पेश करता हूं।
नसीम खां
पूर्व अध्यक्ष मुस्लिम कमेटी अमरोहा

श्रीमति भूरी
ग्राम प्रधान
मौहम्मद अय्यूब
प्रधान पति
ईद-उल-फितर
के मुबारक मौके पर ग्राम प्रधानों, बीडीसी सदस्यों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हार्दिक बधाई
मौहम्मद अय्यूब, प्रधान पति मिलक बकैना, अमरोहा

ईद-उल-फितर
के मुबारक मौके पर अहले शहरवासियों को
पुरखुलूस मुबारकबाद
फहीम शाहनवाज
सभासद, नगर पालिका परिषद अमरोहा

ईद-उल-फितर
के मुबारक मौके पर जमियत उलेमा हिंद के पदाधिकारियों व देशवासियों को
पुरखुलूस मुबारकबाद
हाफिज फरमान वरिष्ठ समाजसेवी, नौगावां सादात

ईद-उल-फितर की पुरखुलूस मुबारकबाद
फैज़ एग्रो. स्टोर
थोक व फुटकर विक्रेता- टायर, ट्यूब, रिम, एक्सल मोबिल ऑयल, ग्रीस, एंगल, चेनल, एमएस प्लेट, सीमेंट की चादर, लोहे की ग्रील व काली चादर सीमेंट, सरिया आदि
मौहम्मद अब्रार कुरैशी
शायान कुरैशी
बैंक आफ बड़ौदा के सामने, सम्भल चौराहा जोया, जिला-अमरोहा

सिब्ते नबी
हसनैन
ईद-उल-फितर की सभी
जनपदवासियों को
दिली मुबारकबाद
जोगन बीड़ी कम्पनी
बांस खेड़ी, नौगावां सादात, अमरोहा

मौहम्मद कासिम (हाजी नन्हें)
आप सभी को ईद-उल-फितर
की पुरखुलूस मुबारकबाद
मौहम्मद कासिम (हाजी नन्हें) ठेकेदार अमरोहा

इफ्तेखार सैफी एड.
सदस्य इंटरनेशनल काउंसिल आफ ज्यूरिस्ट मोब. 9219193697
डा. फाईक अली
चिकित्सक
ईद-उल-फितर के मौके पर समस्त जनपदवासियों को दिली मुबारकबाद
इण्डियन हैल्थ केयर सैन्टर, बाईपास रोड अमरोहा

हाजी फजले इलाही हाजी अहसान इलाही स्व.हाजी मेहर इलाही
ईद-उल-फितर
के मुबारक मौके पर बीड़ी पत्ता कारोबारियों, मजदूरों, दोस्तों, व्यापारियों को पुरखुलूस मुबारकबाद देते अल्लाह से सबकी तरक्की व खुशहाली के लिए दुआ करते हैं।
कृष्णा बीड़ी कम्पनी
नई बस्ती, नौगावां सादात, अमरोहा